# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-03-2023

# सद्भाव के साथ मनावें नवरात्र व रमजान : कोतवाल

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** आगामी रमजान व नवरात्रि के त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए रविवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कस्बा



तथा क्षेत्र के लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोतवाल जयनारायन शुक्ल ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा रही है। सार्वजनिक स्थलों के समीप विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी को भी कानून से खेलने की इजाजत नहीं है। नवरात्र व रमजान भाईचारा व सद्भभाव के साथ मनावें। आगामी 23, 24 मार्च को चांद दिखने पर रमजान शुरू होगा। मु डा़ शमीम, संजय सोनी, मुक्ति पथ व्यस्थापक महेश उमर, राहुल तिवारी, सहाबुद्दीन, नशीम, जमाल अहमद, रियाजुलहक, धीरज राय, ललकू यादव, गंगा सोनी, श्रीकांत सोनी, भुनेश्वर चतुर्वेदी, बबलू राय, मुन्ना शाही, लल्लन तिवारी, सुभाष तिवारी, सुजीत कुमार आदि मौजूद रहे।


# गोला में गोकशी मामले में 6 गिरफ्तार, तीन फरार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोला में बीते शुक्रवार को गोला थाना क्षेत्र के खदरा में हुई गौकशी की घटना में शामिल छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने का दावा किया है। आरोपियों के पास से घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त चाकू व दाव भी बरामद कर लिया।

हमारे **ककरही प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के मुताबिक प्रभारी थाना गोला अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए गठित स्पेशल टीम, एसओजी सर्विलांस व सीसीटीवी की मदद से 16 मार्च की रात को हुई गौकशी की घटना में शामिल पिंटू उर्फ किलकिल पुत्र झिनक निवासी केवनहरा थाना बेलीपार, मुकेश लोना उर्फ पकौड़ी पुत्र जेठू, पिंटू लोना उर्फ प्रधान पुत्र किशोरी निवासी मरचीपार थाना बड़हलगंज, नेहाल अहमद पुत्र हनीफ, मोहम्मद शाद पुत्र नेहाल निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ, सज्जाद पुत्र हमीद निवासी उपनगर गोला वार्ड नंबर नौ काली चौरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आजाद व सेराज पुत्र सज्जाद निवासी काली चौरा गोला व रुस्तम पुत्र असलम निवासी जिला बंदायू की तलाश अभी भी जारी है।

**सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से हुआ खुलासा**

**सीसीटीवी व सर्विलांस से मिला सुराग :** गौकशी के दोषियों को पकड़ने मे सीसीटीवी व सर्विलांस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



घटनास्थल की तरफ जाने वाले एक मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग को खंगालने पर घटना वाले दिन एक युवक घटनास्थल की ओर 6 बछड़ों को ले जाते दिखा। जिसकी पड़ताल करने पर पता चला की यह युवक बेलीपार थाना क्षेत्र केवनहरा का पिंटू उर्फ किलकिल पुत्र झिनक है। पुलिस के द्वारा युवक को बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मरचीपार से गिरफ्तार कर लिया गया।

**आजाद व सेराज के कहने पर पंहुचाया गया था बछड़ा :** गिरफ्तार पिन्टू उर्फ किलकिल ने बताया कि उसे बछड़ों को पंहुचाने के लिए गोला कस्बा वार्ड नंबर नौ निवासी आजाद व सेराज पुत्र सज्जाद ने कहा था। घटना की रात अपने साथी मुकेश लोना, पिन्टू लोना उर्फ प्रधान की मदद से छः बछड़ों को खदरा स्थित बागीचे में बांध दिया था। कलमा पढ़ने के बाद गौकशी की गयी। सभी गौवंशियों का बध करने के बाद खाल को अलग कर मांस को अलग कर पॉलीथीन मे लपेटकर कपड़े के गट्ठर में बांध दिया गया। किसी के आने की आहट पाकर गौकश दो गट्ठरों जिसमें खाल, पैर और सिर का हिस्सा था वहीं छोड़कर मांस लेकर भाग निकले।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

एसआई अनीश सिंह, मायाराम यादव, विकास सिंह, अमित कुमार सिंह, कान्स्टेबल संदीप यादव, वीरेंद्र चौधरी, ज्वाला सिंह, प्रदीप जायसवाल, विकास सिंह, शिवचरण चौरसिया, एसएसआई अरुण कुमार सिंह, हेड कान्स्टेबल अनिल यादव, कस्टेबल सत्येंद्र भाष्कर, मृत्युंजय यादव, एसओजी प्रभारी एसआई मनीष यादव, प्रभारी हेड कान्स्टेबल, राजमंगल सिंह, अरुण खरवार, करुणा पति तिवारी, दुर्गेश कुमार मिश्रा, रवि चौधरी सर्विलांस टीम के हेड कस्टेबल मनोज कुमार चौरसिया अरुण यादव गुडवर्क टीम शामिल रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने महिला का खोया बैग वापस दिलाया-



**गोरखपुर।** गुरुंग तिराहा कूड़ाघाट पर ड्यूटी पर तैनात एसआई सुरेंद्र बरनवाल, हेका करिश्मा गुप्ता व हेका विजयनाथ यादव को एक बैग मिला। यातायात पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना दोपहर 1 बजे कंट्रोल रूम को दी। कण्ट्रोल रूम द्वारा उक्त सूचना को चौराहो पर लगे आईटीएमएस के माध्यम से प्रसारित किया गया। प्रसारण के दौरान एक महिला जिनका यह बैग था वह कूड़ाघाट तिराहे पर आयी एवं अपने बैग का पहचान की। बैग में रखे गहने व सामान सहित सकुशल अपने बैग को पाकर महिला द्वारा गोरखपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# दहेज हत्यारोपित महिला समेत 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिले की राजघाट, उरुवा, रामगढ़ताल, गगहा, गीडा, गोरखनाथ एवं बड़हलगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक महिला समेत विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष राजघाट राजेंद्र सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने स्नैचर रोशन वर्मा पुत्र दीपक वर्मा निवासी हाँसुपुर आटा चक्की के पास थाना राजघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से लूट का 01 अदद कान का झुमका पुलिस ने बरामद किया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 392,411 के तहत कोर्ट में पेश की। एक अन्य समाचार के अनुसार राजघाट पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में आरोपित जय सिंह पुत्र दीपक सिंह निवासी रायगंज उत्तरी थाना राजघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे 354ख, 504, 506 भादसं के तहत कोर्ट में पेश की।

**राजघाट, उरुवा, रामगढ़ताल, गगहा, गीडा, गोरखनाथ व बड़हलगंज पुलिस ने आरोपितों को पकड़ा**

उधर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल सुधीर कुमार सिंह ने टीम के मदद से गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम आनन्द गुप्ता पुत्र गोपाल गुप्ता निवासी गोल्डी आटा चक्की बुद्ध विहार पार्ट सी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर बताया। आरोपित को पुलिस धारा 376 व 506 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश की। इसी क्रम में रामगढ़ताल पुलिस ने मारपीट व हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित अमरजीत निषाद पुत्र स्व0 अर्जुन निषाद निवासी कजाकपुर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे दर्ज मुकदमे की धारा 147, 323, 325, 307, 452, 504, 506 भादवि के तहत कोर्ट में पेश की।

एक अन्य समाचार के मुताबिक दहेज हत्या के मामले में फरार चल रही एक महिला अभियुक्ता को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना गगहा संदीप सिंह ने बताया कि महिला का नाम विमला उर्फ विमली देवी पत्नी गयानाथ साहनी निवासी ग्राम पकड़ी थाना गगहा जनपद गोरखपुर है। वांछित अभियुक्ता को आईपीसी की धारा 498ए,304बी0 व 3/4 डी0 पी0 एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया गया।

इसी क्रम में गीडा थानेदार मदन मोहन मिश्रा ने हमराह पुलिसकर्मियों के सहयोग से अवैध अपमिश्रित देशी कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उन्होंने अपना नाम भोला निषाद पुत्र रंजीत निषाद निवासी राजघाट पुरानी चुंगी हर्वट बांध थाना राजघाट व राज निषाद पुत्र प्रकाश निषाद निवासी राजघाट चकराअव्वल थाना राजघाट जनपद गोरखपुर बताया। अभियुक्तगण के कब्जे से 04 जरिकेन में कुल 60 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब, एक पालिथिन में 2 किग्रा यूरिया व एक पालिथीन में 500 ग्राम नौसादर बरामद पुलिस ने बरामद किए जाने का दावा किया है। पुलिस आरोपितों को धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया।

एक अन्य समाचार के अनुसार गोरखनाथ थाना पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की एक मोबाइल बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अम्बर तिवारी पुत्र अखिलेश्वर नाथ तिवारी निवासी गंगानगर रामजानकीनगर थाना शाहपुर हाल मुकाम बाबा बीग शॉप एल्युमिनियम फैक्ट्री के पास थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर बताया। आरोपित को धारा 382 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया गया।

**बड़हलगंज कार्यालय** के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बड़हलगंज जय नारायण शुक्ला की अगुवाई वाली पुलिस टीम ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट की तीन मोबाइल व एक हजार रुपए नकदी बरामद किये जाने का दावा किया। आरोपितों ने अपना नाम शब्बीर खॉन पुत्र बसीर खान निवासी गाजी रौजा कस्बा कस्बा बड़हलगंज थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर व मो0 इरशाद पुत्र मो0 शरीफ निवीसी गोला मोहल्ला कस्बा बड़हलगंज थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपितों को आईपीसी की धारा 392, 411 व धारा 41/411 के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# चार के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के झुड़िया बाबू निवासी एक विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति,सास, देवर तथा एक रिस्तेदार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कर जांच कर रही है। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के नीतू यादव निवासी झुड़िया बाबू की शादी 2016 में झुडिया बाबू निवासी हरेंद्र यादव पुत्र स्व कपिलदेव यादव के साथ हुई थी। इस दौरान एक 4 वर्ष का पुत्र भी है। इसके बाद ससुराल वाले विवाहिता से दहेज की मांग करने लगे। मांग न पूरी होने पर प्रताड़ित भी करने लगे। दहेज में एक लाख रुपया और फ्रिज,कूलर लाने की मांग होने लगी। 11 मार्च 2023 को पति ,सास,देवर,और एक रिस्तेदार ने दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति हरेंद्र यादव,सास दुर्गावती,देवर प्रदीप यादव निवासी झुड़िया बाबू तथा रिस्तेदार रोहित यादव पुत्र रामरक्षा यादव निवासी दुबरिया के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा मारपीट का केस दर्ज किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि पीड़िता नीतू यादव की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# महिलाओं को लालच देकर हो रहा था धर्मांतरण

**प्रार्थना सभा में बुलाई गई थीं 50 से अधिक महिलाएं**

**बाइबल थमाकर करा रहे थे धर्मांतरण**

**आरोपित संजय कन्नौजिया गिरफ्तार, केस दर्ज**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। गरीब हिंदू महिलाओं और पुरुषों को रुपयों आदि का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। बताया जा रहा है कि यहां धर्मांतरण का यह खेल तीन साल से चल रहा था। रविवार को एक खाली मैदान में 50 से अधिक महिलाओं को इकट्ठा कर अभी प्रार्थना सभा शुरू ही की गई थी कि इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

हमारे **खोराबार प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के मुताबिक मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी संजय कनौजिया को हिरासत में ले लिया। इसी इलाके के रहने वाले करूणानिधि पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण का केस दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने वहां मौजूद महिलाओं के पास से इसाई धर्म ग्रंथ बाइबल भी बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में महिलाओं ने धर्म परिवर्तन कराने की बात कबूल की है।

**वाराणसी का रहने वाला है आरोपित संजय कन्नौजिया :** वाराणसी जिले के फूलपुर इलाके के रतनपुर का रहने वाला संजय कनौजिया यहां खोराबार इलाके रानीडिहा में किराए का घर लेकर तीन साल से रहता है। आरोप है, संजय हर रविवार को माड़ापार के रहने वाले हरेंद्र पासवान नाम के व्यक्ति के घर महिलाओं को इकट्ठा करता है। उन्हें विभिन्न प्रकार से लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने को मजबूर कर देता है। आरोप है कि यह लोग इसके लिए महिलाओं को पहले टारगेट करते हैं। जब महिलाएं धर्म परिवर्तन के लिए तैयार हो जातीं, तो उनके जरिए यह पूरे परिवार का धर्म परिवर्तन करा देता है।

**रविवार को प्रार्थना सभा के जरिए करते महिलाओं को टारगेट :** प्रत्यके रविवार को माड़ापार के रहने वाले हरेंद्र पासवान के घर सैकड़ों महिलाओं को बुलाकर प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है। इस दौरान यह लोग महिलाओं को तमाम लालच देकर उनकी जिंदगी बदलने और ईसाइ धर्म की खूबियां बताकर ब्रेनवाश करते हैं। रविवार को भी यही चल रहा था। दोपहर करीब 12 बजे यहां करीब 50 से अधिक महिलाएं बच्चों संग पहुंची थीं।

**हाथ में बाइबल लिए थमाकर करा रहा था धर्मांतरण :** महिलाओं के लिए इसाई धर्म की प्रार्थना सभा आयोजित की गई थी। महिलाओं के हाथों में ईसाई धर्म का ग्रंथ बाइबल देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। उसने महिलाओं के हाथ में मोमबत्तियां जलाकर बाइबल भी दे रखी थी। तभी इस गांव के रहने वाले करूणानिधि पांडेय ने पुलिस को फोन कर सूचना दे दी। सूचना पाते ही खोराबार पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही पहले तो आरोपियों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

**पत्नी की बीमारी में मिली राहत:** आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह धर्म परिवर्तन नहीं करा रहे थे बल्कि यहां सिर्फ प्रार्थना सभा चल रही थी। आरोपी ने बताया, उसकी पत्नी बीमार थी। काफी दवा-इलाज कराया लेकिन कोई राहत नहीं मिली। इसाई धर्म के अनुसार पूजा कराने से पत्नी की तबीयत ठीक हो गई। जिसके बाद प्रार्थना सभा बुलाई गई थी।



**जांच में जुटी पुलिस :** लेकिन, पुलिस ने जब वहां मौजूद महिलाओं से पूछताछ की तो उन्होंने सच कबूल दिया। महिलाओं के पास से पुलिस ने बाइबल भी बरामद किए हैं। इसके बाद पुलिस ने आरोपी संजय कन्नौजिया को हिरासत में ले लिया। साथ ही करूणानिधि पांडेय की तहरीर पर उसके खिलाफ धर्मांतरण का केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया, महिलाओं ने धर्मांतरण की बात स्वीकार की है। आरोपी संजय को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। उसके खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छह क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने जिले में तैनात छह पुलिस उपाधीक्षकों (सीओ), 10 निरीक्षक व 7 एसआई के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस कप्तान ने उरुवा, गगहा और कैम्पियरगंज के प्रभारी निरीक्षकों को लाइन का रास्ता दिखा दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज/ आंकिक श्यामदेव अब क्षेत्राधिकारी आंकिक ही रहेंगे। उन्हें कैम्पियरगंज क्षेत्राधिकारी पद से हटा दिया गया है। सीओ कोतवाली रहे रत्नेशवर सिंह अब कैम्पियरगंज सर्किल की कमान संभालेंगे। कोतवाली सर्किल की जिम्मेदारी जगत राम कन्नौजिया को दी गयी है। अब तक इनके पास गोला सर्किल की जिम्मेदारी थी। क्षेत्राधिकारी मंदिर सुरक्षा रहे अजय कुमार सिंह को सीओ सर्किल गोला का प्रभार सौंपा गया है। क्षेत्राधिकारी खजनी रहे अनिल कुमार सिंह को क्षेत्राधिकारी मंदिर सुरक्षा बनाया गया है वहीं पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर रहे जितेंद्र कुमार शर्मा को खजनी सर्किल की जिम्मेदारी दी गयी है।

> **उरुवा, गगहा और कैम्पियरगंज थानेदार लाइनहाजिर**
>
> **10 निरीक्षक व 7 एसआई के कार्यक्षेत्र बदले**

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रहे रणधीर मिश्रा को कैंट, यहां रहे इंस्पेक्टर शशिभूषण राय को रामगढ़ताल, प्रभारी रिट सेल रहे निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी को कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार गुलरिहा थानेदार रहे निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय को शाहपुर जबकि यहां रहे इंस्पेक्टर मधुपनाथ मिश्रा को प्रभारी एसओजी/स्वॉट की जिम्मेदारी मिली है। अब तक चौरीचौरा में रहे निरीक्षक संजय कुमार सिंह को गुलरिहा थाने का प्रभार मिला है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बड़हलगंज रहे जय नरायन शुक्ला अब खोराबार थाने की कमान संभालेंगे जबकि यहां रहे कल्याण सिंह सागर को बड़हलगंज कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। रामगढ़ताल थाने की जिम्मेदारी संभाल रहे निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को चौरीचौरा थाने की कमान मिली है। अपराध शाखा में रहे निरीक्षक सुबोध अब खजनी थाने का प्रभार देखेंगे। प्रभारी निरीक्षक उरुवा बाजार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक गगहा संदीप सिंह व प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज भूपेंद्र सिंह को लाइन का रास्ता दिखाया गया है। अब तक एसओजी के प्रभारी रहे एसआई मनीष यादव सिकरीगंज, चौकी प्रभारी रेलवे कालोनी रहे अरविंद सिंह उरुवा बाजार थाना का प्रभार देखेंगे। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सिकरीगंज रहे एसआई राजकुमार सिंह को कैम्पियरगंज थाने की जिम्मदारी मिली है। सहजनवा थाना प्रभारी रहे एसआई नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव को पिपराइच जबकि पिपराइच में रहे एसआई सूरज सिंह को गगहा का थानेदार बनाया गया है। अब तक वाचक पुलिस अधीक्षक नगर रहे एसआई महेंद्र मिश्रा को सहजनवा थाने की जिम्मेदारी मिली है। खजनी थानेदार रहे एसआई संजय मिश्रा को पीआरओ बनाया गया है।

**प्रॉब्लम** गोरखनाथ थाने में शराबी बेटे को जेल भेजने के लिए परेशान पिता ने लगाई गुहार

# बेटी की शादी करानी है, बेटे को जेल भेज दीजिए

**SHOCKING**

**जेल भिजवाकर की थी एक बेटी की शादी**



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 March):** कोई पिता ऐसा हो सकता है जो अपने बेटे को जेल में डालने की गुहार लगाए, वह भी इसलिए कि उसकी बेटी की शादी हो जाए, सुनने में मामला अजीब सा लगता है, लेकिन गोरखपुर में एक पिता ने अपने बेटे को अरेस्ट करने के लिए गोरखनाथ पुलिस ने गुहार लगाई है. घटना गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वां की है. पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस तो दर्ज कर लिया है. लेकिन, पुलिस का कहना है कि मुदकमे में ऐसी कोई धारा नहीं है, जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी की जा सके. जबकि, पिता का कहना है कि अगर बेटा बाहर रहा तो बेटी की शादी कर पाना संभव नहीं है.

## नशे, मारपीट की आदत

गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वा के रहने वाले जहांगीर आलम गोरखनाथ अस्पताल में वार्ड ब्यॉय के पद पर काम करते हैं. उनकी 3 बेटियां और दो बेटे हैं. परिवार में सबसे छोटा बेटा शहजादे है. जोकि शराब का आदि है. करीब दो साल पहले शहजादे ने किसी लड़की से लव मैरिज शादी कर ली. हालांकि, परिवार के लोग इसके लिए तैयार नहीं थे. पिता का कहना है कि उनका बेटा शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता है. जिसकी वजह से वह उससे परेशान हैं और उसकी ऐसी हरकत से उनकी बेटियों की शादी भी नहीं हो पा रही है.

## मारने की दे रहा धमकी

पिता ने बताया कि उनका बेटा चाहता है कि घर बेचकर रुपए उसे दे दें. वह बेटियों की शादी भी नहीं होने देता. लेकिन, बेटा अपने ही पिता से मारपीट कर रहा है. उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है. हाल में ही उसने पिता पर ईंट चलाकर हमला कर दिया, जिससे कि वह बुरी तरह घायल हो गए, अब जान से मारने की धमकी दे रहा.

## बेटे को बेदखल कर चुके हैं

शादी के बाद पिता ने उसे अपने जायजाद से भी बेदखल कर दिया. इसके बाद से वह उसी मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहने लगा. पिता का कहना है, शहजादे इसी को लेकर पिता से खुन्नस रखने लगा. वो आए दिन शराब पीकर घर पहुंच जाता है और पिता और बहनों से मारपीट करने लगता है. जब उसे पता चलता है कि घर में किसी बेटी की शादी होने वाली है तो वह और भी बवाल करने लगता. उसका कहना है कि पिता ने उसकी शादी नहीं की तो वह अब किसी की नहीं होने देगा.

## खबर मिलते फिर बवाल

पिता का कहना है, इसी महीने उनकी दूसरी बेटी की शादी होनी है. शहजादे को इस बात की जानकारी हो गई. शनिवार को एक बार फिर शराब पीकर पिता के घर पहुंच गया और हंगामा करने लगा. विरोध करने पर उसने पिता पर ईंट चलाकर हमला कर दिया. साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बहन की शादी ना करने की भी धमकी देने लगा. पुलिस ने मामले में मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस भी दर्ज कर लिया. लेकिन, मामूली धारा होने से आरोपी को जेल नहीं भेजा जा सकता.

### जेल भिजवाकर की थी पहली बेटी की शादी

पिता जहांगीर के मुताबिक, 19 जून 2022 को उनकी बेटी की शादी होनी थी. जब शहजादे को यह बात पता चली तो वह घर में मारपीट करने लगा. पिता ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मदद नहीं की. इसके बाद पीड़ित पिता ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई. जिसके बाद पुलिस ने दो दिन शहजादे को थाने पर बैठाया. तब जाकर बेटी की शादी संपन्न हो सकी.

# नकली सोने का बिस्किट बेचने वाला ठग गिरफ्तार



## सीसीटीवी से आरोपित की हुई पहचान, पुलिस ने भेजा जेल

**MURARPUR:** उरुवा थाना इलाके के धुरियापार में अशोक जयसवाल की नेहा एंड अनूप ज्वेलर्स पर फर्जी सोने की बिस्किट बेचने वाला कैंट थाना के भगत चौराहा निवासी आरोपित नरेंद्र को उरुवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. आरोपित नरेंद्र व उनके साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके दुकान पर आकर नकली सोने की बिस्किट को असली बताकर धोखे से बेच दिया था. जब पीड़ित को बिस्किट नकली होने की जानकारी हुई वह हक्का बक्का हो गए. उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से जालसाजों की पहचान पता करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया. इसके बाद नामजद व एक अज्ञात के ऊपर शिकायत स्थानीय थाने को दिया. पुलिस ने एक नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध 406 और 420 की आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया. पीड़ित व्यापारी अशोक जायसवाल ने बताया कि उरुवा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया जिस कारण जालसाज पकड़ा गया. निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा बहुत ही बढ़िया उपकरण है.

# गीडा थाने में पीस कमेटी की हुई बैठक

**GORAKHPUR** : रमजान और रामनवमी पर्व के मद्देनजर गीडा थाना मुख्यालय पर रविवार क्षेत्र के विभिन्न धर्मावलंबियों के साथ एसआई शिव प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई. इसमें शिव प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस सदैव आप लोगों के साथ है,आप लोग सीसीटीवी कैमरे लगवाएं,अराजकता की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें.

# मतातंरण के लिए कर रहा था प्रेरित, अरेस्ट

खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार गांव में रविवार को मतातंरण के मामले में एक आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने यह कार्रवाई कूड़ाघाट निवासी करुणानिधि पांडेय की तहरीर पर की. आरोपित संजय कन्नौजिया वाराणसी जिले के फुलपर थाना क्षेत्र के वाराणसी का रहने वाला है. करुणानिधि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि आरोपित रानीडीहा में किराये का कमरा लेकर करीब तीन वर्ष सें रह रहा था. वह प्रत्येक रविवार को माड़ापार गांव में हरेंद्र पासवान के घर पहुंचकर महिलाओं को इकट्ठा कर मतातंरण के लिए एक ग्रंथ देकर प्रार्थना करवाता था. माड़ापार गांव में स्थित खेत को देखने वह रविवार को दोपहर 12 बजे गए थे. खेत की देखरेख करने वाली महिला को बुलाने गए तो पता चला कि वह भी मतातंरण में शामिल है और आरोपित सभी महिलाओं को ग्रंथ देकर मतातंरण के लिए प्रेरित कर रहा है. पुलिस को सूचना देने पर जगदीशपुर चौकी प्रभारी रामानुज यादव ने आरोपित को गिरफ्तार किया.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# चालान

ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को गोलघर में अभियान चलाया. काली मंदिर तिराहा से कचहरी चौराहा तक सड़क पर अनाधिकृत रूप से खड़े दो पहिया और चार पहिया 102 वाहनों का चालान काटा.

# करिश्मा का 'करिश्मा' बचाई जान



**GORAKHPUR (19 March):** गोरखपुर में इन दिनों ट्रैफिक पुलिस में तैनात करिश्मा की खूब तरीफ हो रही है. ट्रैफिक पुलिस की करिश्मा गुप्ता ने शनिवार को मुंबई से दो दिन यात्रा कर गोरखपुर पहुंचे पैसेंजर्स सरफराज की जान बचाई. वहीं दूसरे ही दिन रविवार को करिश्मा ने एक और करिश्मा दिखाते हुए एक महिला का गायब बैग लौटाकर उसके निराश चेहरे पर मुस्कान लौटाई.

## सरफराज की बिगड़ी तबीयत

शनिवार को मुंबई से दो दिन का सफर तय कर आए पडरौना के निवासी इस मोहम्मद के बेटे सरफराज की कूड़ाघाट तिराहे के पास अचानक तबीयत खराब हो गई. तभी सरफराज पर करिश्मा की नजर पड़ी. उन्होंने सरफराज की कंडीशन देखकर उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया. वहां दवा इलाज कराकर इसकी जानकारी सरफराज के घरवालों को दी गई. सरफराज जब होश में आए तब उनके पास उनके परिवार के सदस्य भी थे. परिवार के सदस्यों ने सरफराज की सहायता के लिए करिश्मा और ट्रैफिक पुलिस की तारिफ करते हुए उन्हें धन्यवाद किया.

## महिला को लौटाया खोया बैग

करिश्मा ने रविवार को भी एक करिश्मा किया. एक महिला का बैग गायब हो गया था. जिसे महिला को सुपुर्द करने में करिश्मा ने अहम रोल निभाया. रविवार को करीब 1 बजे दोपहर में कूड़ाघाट तिराहे पर डयूटी कर रहीं ट्रैफिक पुलिस की हेड कांस्टेबल करिश्मा और उप निरीक्षक सुरेन्द्र बरनवाल हेड कांस्टेबल विजयनाथ यादव को एक बैग मिला. जिसकी सूचना करिश्मा द्वारा कंट्रोल रूम को दी गई. कंट्रोल रूम द्वारा इस सूचना को चौराहों पर लगे आईटीएमएस के माध्यम से प्रसारित किया गया. प्रसारण के दौरान एक महिला जिनका यह बैग था. वह कूड़ाघाट तिराहे पर आई और उनके द्वारा अपने बैग का पहचान किया गया. बैग में रखे गहने समेत सभी सामान सकुशल पाकर महिला द्वारा गोरखपुर पुलिस को धन्यवाद दिया.

**" ट्रैफिक पुलिस हर रूप में पब्लिक के साथ खड़ी है. ट्रैफिक पुलिस में तैनात कर्मी डयूटी से अलग भी अपना फर्ज निभा रहे हैं. करिश्मा का कार्य सराहनीय है.**

**डॉ. एमपी सिंह,** एसपी ट्रैफिक

# युवक पर अपहरण का मुकदमा

GORAKHPUR : गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को भगाने के आरोप में पुलिस ने सर्विद साहनी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया. किशोरी की मां ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपित उसकी पुत्री को छह मार्च को भगा ले गया. जानकारी के बाद उसके घर जाकर पूछताछ करने पर आरोपित के स्वजन ने गाली देते हुए मारपीटकर भगा दिया.

# गोलघर में स्कार्पियो से किया स्टंट, मुकदमा

गोलघर में स्टंट कर रहे स्कार्पियो सवार को पुलिसकर्मियों ने रोका तो भाग निकले. जटेपुर चौकी प्रभारी ने गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मालिक का शांतिभंग में चालान कर दिया. जटेपुर चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार राय ने अपनी तहरीर में लिखा है कि वह हाक दस्ता 13 के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर गणेश चौराहे पर मौजूद थे. इस बीच उन्होंने देखा कि काले रंग की स्कार्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 53 ईजे 0001 है का चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हुए गणेश चौक से गोलघर की तरफ जा रहा था. वह इस तरह से चला रहा था कि स्कार्पियो लहरा रही थी. इससे सड़क पर चल रहे किसी भी व्यक्ति को क्षति पहुंचने की आशंका थी. उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन रुका नही और गाड़ी लेकर भाग गया. मामले लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि गाड़ी ऋषभ जायसवाल की है. पुलिस ने गाड़ी मालिक को हिरासत में लेकर शनिवार की दोपहर शांतिभंग में चालान कर दिया.

**पहल** एम्स थाना तैयार, सोनबरसा का भेजा गया है प्रपोजल

# गोरखपुर में अब दोगुनी हो जाएगी पुलिस चौकी

**अभी तक गोरखपुर के 28 थाना के अंतर्गत 69 पुलिस चौकी**




**GORAKHPUR (19 March):** गोरखपुर में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यहां नई पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी. गोरखपुर को तीन भाग सिटी, साउथ और नॉर्थ में बांटा गया है. सभी जगहों पर जहां घनी आबादी हो चुकी है और यहां पब्लिक को पुलिस से मदद या शिकायत करने के लिए कोसों दूर जाना पड़ता है. ऐसे जगहों को प्वाइंट आउट कर लिय गया है. वहां नई पुलिस चौकी बनाई जाएगी. इसका प्रपोजल भी तैयार कर लिया गया है. बहुत जल्द नई पुलिस चौकियों का निर्माण शुरू हो जाएगा.

## वर्तमान समय में 69 पुलिस चौकी

गोरखपुर में वर्तमान समय में सिटी और रूरल एरियाज मिलाकर कुल 69 पुलिस चौकियां हैं. जिनकी संख्या दोगुनी हो सकती है. पुलिस की मानें तो 40 से अधिक नई पुलिस चौकियां बनाने के लिए जगह प्वाइंट आउट की गई है. जिसका प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है. प्रस्ताव शासन में भेजा जाएगा, स्वीकृति मिलते ही निर्माण शुरू हो जाएगा. पब्लिक के साथ ही पुलिस को भी नई चौकियां बनने से राहत मिलेगी. जहां अभी कोई भी सूचना पर पुलिस को उस जगह तक पहुंचने में समय लगता है. इससे अपराधी भी भागने में कामयाब होते हैं, वहीं कोई भी घटना बड़ा रूप ले लेती है. चौकी बढ़ने से पब्लिक की शिकायत पर वहां जल्द पुलिस पहुंचेगी और जो भी मामला होगा उसे शांत कराएगी. इससे अपराधियों में भी खौफ रहेगा.

## पब्लिक की सुरक्षा में तत्पर पुलिस

गोरखपुर में अच्छी पुलिसिंग की वजह से क्राइम का ग्राफ गिरा है, जिससे पब्लिक का भी खाकी के प्रति विश्वास बढ़ा है. एक तरफ पुलिस शहर और रूरल एरियाज में तेजी से पब्लिक की मदद से सीसीटीवी कैमरे लगवा रही है. वहीं दूसरी तरफ अब नई पुलिस चौकी बनाने का निर्णय पब्लिक के लिए हितकारी साबित होगा.

## शुरू हो जाएगा एम्स थाना

गोरखपुर में कुल 28 थाने हैं. इसी क्रम में अब एक नया नाम एम्स थाने का भी जुड़ जाएगा. एम्स थाना बनकर तैयार है. कुछ ही दिनों में इसकी शुरूआत हो जाएगी. यहां पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए लिस्ट भी तैयार की जा रही है. बहुत जल्द एम्स थाना प्रभारी समेत दरोगा और सिपाहियों की लिस्ट जारी हो सकती है.

## सोनबरसा में बनेगा नया थाना

खोराबार थाना अंतर्गत आने वाले सोनबरसा में भी थाना बनेगा. गोरखपुर पुलिस ने सोनबरसा में नया थाना बनाने के लिए प्रपोजल तैयार कर लिया है. प्रपोजल पास होते ही यहां थाना बनना शुरू हो जाएगा. इस तरह गोरखपुर में कुल 30 थाने हो जाएंगे.

"गोरखपुर में नई पुलिस चौकी बनाई जाएगी. इसके लिए जगह भी प्वाइंट आउट कर ली गई है. पब्लिक की सहूलियत के लिए नई पुलिस चौकियां बनाई जा रही है. इसकी लिस्ट तैयार हो रही है.

**डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी



पुलिस चौकी बनने से आराम हो जाएगा. इससे अपराधियों के मन में भी डर समाएगा. शिकायत करने दूर नहीं जाना पड़ेगा.

**देवेंद्र प्रसाद**



ये अच्छा काम हो रहा है. वर्तमान समय में पुराने समय की आबादी के हिसाब से ही चौकी बनी है. गोरखपुर की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है.

**राजेश यादव**, निवर्तमान पार्षद

# हिमाचल के राज्यपाल 21 को गोरखपुर आएंगे

गोरखपुर। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला 21 मार्च को गोरखपुर आयेंगे। राज्यपाल का पदभार संभालने के बाद उनका आगमन प्रथम बार गोरखपुर हो रहा है। राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला प्लेन से 21 मार्च को दोपहर तीन बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से लेकर सिविल लाइंस स्थित उनके आवास तक स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं।

# यातायात कर्मियों ने खोया बैग महिला को किया सुपुर्द

गोरखपुर। कूड़ाघाट तिराहे पर रविवार की दोपहर में एक लावारिस हालत में सड़क के किनारे गिरा बैग यातायात कर्मियों को मिला। ड्यूटी पर तैनात दरोगा सुरेन्द्र बरनवाल व हेड कांस्टेबल करिश्मा गुप्ता ने सीसीटीएनएस के कंट्रोल रूप से इसकी सूचना शहर में प्रसारित करवाया। सूचना को सुनकर महिला मौके पर पहुंच कर अपने बैग की पहचान की। बैग पाकर महिला ने पुलिस की खूब सराहना की।

# कोर्ट से घर पहुंचने पर फरार हुई किशोरी

चौरीचौरा। क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी 15 दिन पूर्व आकाश नामक लड़के के साथ फरार हो गई थी। इस मामले में दर्ज अपहरण के केस में चौरीचौरा पुलिस ने लड़की को बरामद कर कोर्टमें प्रस्तुत किया था।

न्यायालय ने लड़की को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घर आने के बाद लड़की पुनः उसी लड़के के साथ फरार हो गई। जिसे मुकामी पुलिस ने पुनः बरामद कर संवासिनी गृह भेज दिया। बीते 13 मार्च को उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। किशोरी की मां के तहरीर के मुताबिक घर आई लड़की को आकाश अपने पिता व दो बहनोइयों के साथ 18 मार्च की रातघर मे घुसकर जबरदस्ती लेकर फरार हो गया।

# पशुओं की तस्करी करने वाले छह बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। छुट्टा पशुओं का वध कर उनके मांस की तस्करी करने वाले एक गैंग के छह बदमाशों को गोला पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गत 17 मार्च को गोला क्षेत्र में पशुओं का मांस, खाल व अन्य अवशेष बरामद हुए थे। इस मामले में थाना गोला पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया था। पकड़े गए बदमाशों की पहचान बड़हलगंज के मरचीपार निवासी पिण्टू कुमार उर्फ किलकिल, मुकेश लोना उर्फ पकौड़ी, पिण्टू लोना उर्फ प्रधान, आजमगढ़ के बिलरियागांज थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी नेहाल अहमद, वहीं का मोहम्मद शाद तथा गोला के वार्ड नम्बर नौ काली चौरा निवासी सज्जाद के रूप में हुई है। नेहाल पर आजमगढ़ में गौ हत्या और गैंगस्टर एक्ट में चार केस दर्ज हैं। पिंटू लोना के खिलाफ देवरिया में दो केस हैं,मुकेश लोना पर गोरखपुर के बड़हलगंज व देवरिया में केस दर्ज है।

**गुहार** | बेटी की शादी नहीं होने देता शराबी बेटा, घर में करता बवाल, दूसरी बेटी का रिश्ता तय होते ही शुरू किया विवाद, केस दर्ज

# साहब! बेटे को जेल भेज दीजिए, करनी है बेटी की शादी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अपने शराबी बेटे से परेशान एक पिता ने उसे जेल भेजने की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि साहब बेटी की शादी तय हो गई है। जब तक बेटा जेल नहीं जाएगा तब तक शादी नहीं हो पाएगी। पहली बेटी की शादी जब हुई थी तब उसे पुलिस ने थाने पर बैठाया था, फिर शादी हुई थी। पिता का कहना है कि जबसे शादी तय होने की जानकारी हुई है उसके बाद से वह शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता है। ईंट से मारकर उनका सिर फोड़ दिया है। अब जान से मारने की धमकी दे रहा। चाहता है कि घर बेचकर रुपये उसे दे दें। गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वा निवासी जहांगीर आलम गोरखनाथ अस्पताल में वार्ड ब्यॉय के पद पर काम करते हैं। उनकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं।

परिवार में सबसे छोटा बेटा शहजादे शराब का आदी है। करीब दो साल पहले शहजादे ने किसी लड़की से लव मैरिज शादी कर ली। हालांकि, परिवार के लोग तैयार नहीं थे। शादी के बाद पिता ने उसे अपने जायजाद से बेदखल कर दिया। इसके बाद से वह उसी मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहने लगा और पिता से खुन्नस रखने लगा। वो अक्सर शराब पीकर घर पहुंच जाता है और पिता और बहनों से मारपीट करने लगता है। जब उसे पता चलता है कि बेटी की शादी होने वाली है तो वह और भी बवाल करने लगा है। विरोध करने पर उसने पिता पर ईंट चलाकर हमला कर दिया। पिता ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर बेटे को जेल भेजने की गुहार लगाई। पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि केस में मामूली धारा होने की वजह से आरोपी को जेल नहीं भेजा जा सकता।

### थाने में पुलिस बैठाई तब हुई पहली बेटी की शादी

पिता जहांगीर के मुताबिक, 19 जून 2022 को उनकी बेटी की शादी होनी थी। जब शहजादे को यह बात पता चली तो वह घर में मारपीट करने लगा। उन्होंने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मदद नहीं की। इसके बाद पीड़ति पिता ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई। जिसके बाद पुलिस ने दो दिन शहजादे को थाने पर बैठाया। तब जाकर बेटी की शादी संपन्न हुई।

# खोराबार में धर्म परिवर्तन का केस दर्ज

- मौके से धार्मिक साहित्य बरामद, वाराणसी का रहने वाला है गिरफ्तार आरोपी
- गोरखपुर के खोराबार में एक घर में दो माह से चल रही थी प्रार्थना सभा

खोराबार क्षेत्र के माड़ापार में धर्मपरिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। धर्म परिवर्तन की धारा 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। - योगेंद्र कुमार सिंह, सीओ कैंट

खोराबार (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद। गोरखपुर के खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार गांव में रविवार को प्रार्थना सभा के बाद जुटे लोगों में एक विशेष धर्म का साहित्य वितरित कर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किए जाने का मामला प्रकाश में आया। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने वाराणसी के रहने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ धर्म परिवर्तन की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके से धार्मिक साहित्य भी बरामद हुआ है।

पिछले दो महीने से एक युवक माड़ापार गांव में पहुंचकर प्रार्थना सभाएं कर रहा था। आरोप है कि वह इस दौरान ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित भी कर रहा था। रविवार को भी उसने गांव के हरेंद्र पासवान के घर पहुंचकर प्रार्थना सभा की। वहां मौजूद करीब 40 महिलाओं में धार्मिक साहित्य की प्रतियां वितरित करने के लिए रखी थीं। इस दौरान कूड़ाघाट निवासी करुणानिधि पांडेय खेत की तरफ गए तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल खोराबार थाने की पुलिस को इसकी सूचना दी। ग्रामीण भी जमा हो गए। उन्होंने इसे लेकर रोष जाहिर किया। इस बीच जगदीशपुर चौकी प्रभारी रामानुज यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

सूचना पर एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सीओ कैंट योगेंद्र कुमार सिंह को जांच के लिए मौके पर भेजा। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से धर्म विशेष के ग्रंथ समेत अन्य पुस्तकें बरामद हुईं। पुलिस उसे लेकर थाने चली गई।

आरोपी पिछले तीन साल से गोरखपुर शहर के रानीडीहा में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। इंस्पेक्टर खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि करुणानिधि पांडेय की तहरीर पर वाराणसी के फूलपुर निवासी आरोपी संजय कन्नौजिया के खिलाफ धर्म परिवर्तन की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## कुशीनगर में गुमराह करने के आरोप में 4 को जेल

कप्तानगंज (कुशीनगर)। कस्बे के हरिहरनाथ में कुछ लोगों द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित कर हिन्दू धर्म के लोगों को गुमराह किए जाने के आरोप में कप्तानगंज पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने रविवार को अनिल अग्रहरि की शिकायत करने पर यह कार्रवाई की। हरिहरनाथ उत्तरी में एक निर्जन जगह पर पिछले कुछ वर्षों से नर्मदा निवासी पकड़ियार विशुनपुर थाना घुघली जिला महाराजगंज प्रार्थना सभा करवाता था।

# तिवारीपुर में मजदूर की पीटकर हत्या, केस

- दो भाइयों सहित तीन पर हत्या का मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस
- पत्नी ने कहा, गांव के दंबगों ने जमीन हड़पने को लेकर कर दी हत्या



तिवारीपुर के कोलिया तिराहे पर शव सड़क पर रखकर लोगों ने लगाया जाम।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तिवारीपुर के मंझरिया निवासी एक मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह दो दिनों से घर से लापता था। पत्नी ने जब उसकी तलाश की तो शनिवार को वह घायल हालत में अस्पताल में भर्ती मिला जहां, उसने पत्नी को बताया कि उसे मारा-पीटा गया है। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पत्नी ने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

पत्नी का कहना है, कुछ दबंग उनकी जमीन हड़पना चाहते थे, इसी को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस ने तीन नामजद और दो-तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

तिवारीपुर इलाके के मंझरिया गांव निवासी 40 वर्षीय रामरक्षा निषाद पेंट-पॉलिश का काम करता था। शुक्रवार की सुबह कुछ पैसे लेकर वह साइकिल से काम के लिए निकला। शाम तक रामरक्षा के घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। पत्नी द्रोपदी को इसी बीच किसी ने बताया कि रामरक्षा अस्पताल में भर्ती है। द्रोपदी अस्पताल पहुंची तो रामरक्षा ने बताया कि उसे मारा-पीटा गया है। शनिवार को हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिए। शनिवार की रात दो बजे मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। रामरक्षा के परिवार में पत्नी के अलावा का एक बेटा और एक बेटी है।

परिवार में बुजुर्ग माता-पिता और एक भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। सीओ कोतवाली रत्लेश्वर सिंह ने बताया कि मंझरिया निवासी दो सगे भाई विवेक तिवारी और विनय तिवारी पुत्र राजीव तथा घुनघुन कोठा निवासी हूबलाल यादव के खिलाफ नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## डोमिनगढ़-कोलिया तिराहे पर शव रख लगाया जाम

राम रक्षा के परिवारीजनों ने डोमिनगढ़ कोलिया तिराहे पर शव रखकर जाम कर दिया। जाम की सूचना के बाद सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह ने मौके पर पहुंच कर समझाने का प्रयास किया और मुकदमा दर्ज कराने की बात कही लेकिन ग्रामीण तैयार नहीं थे। रात करीब नौ बजे जब पुलिस ने उन्हें एफआईआर की कापी दी उसके बाद जाम खत्म हुआ। जाम के समय किन्नरों का हुजूम सहजनवां की तरफ जा रहा था। हत्या के मामले में जाम कर रहे परिवारीजनों के समर्थन में कुछ देर किन्नर भी सड़क पर बैठे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

साथी को गोली मारे जाने पर उग्र हुए किन्नरों ने किया बवाल, हाईवे पर 10 किलोमीटर तक लगी रही गाड़ियों की कतार

# सहजनवा में एक घंटे तक थमा रहा लखनऊ हाईवे



हाईवे पर रविवार की देर शाम हंगामे के दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। • हिन्दुस्तान

**हंगामा**


**05** किन्नरों समेत छह लोगों पर दर्ज हुआ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**12** बोर के तमंचे से किन्नर तान्या को मारी गई है गोली, कई छर्रे लगे

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। किन्नर तान्या को गोली मारे जाने की घटना से गुस्साए साथियों ने रविवार की देर शाम सहजनवा में गोरखपुर-लखनऊ हाईवे जाम कर दिया। सड़क पर गत्ते जलाकर आवागमन ठप कर दिया। इस दौरान निकलने की कोशिश करने वाली गाड़ियों पर पथराव भी किया।

हंगामा देख चौराहे की दुकानें बंद हो गईं। पुलिस समझाती रही लेकिन किन्नर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। इस हंगामे की वजह से हाईवे पर करीब दस किमी तक लम्बा जाम लग गया। पुलिस को गिरफ्तारी के लिए रातभर का समय देते हुए करीब रात नौ बजे किन्नर हाईवे से हटे। देर रात तक किन्नर सहजनवा थाने में ही जमे रहे।

सहजनवा थाना क्षेत्र के भीमापार निवासी 35 वर्षीय किन्नर तान्या रविवार को अपने सहयोगियों के साथ पाली ब्लॉक क्षेत्र में रिठुआखोर रोड पर जगदीशपुर गाही गांव में एक व्यक्ति के यहां नेग लेने गई थी। नेग लेकर वह अपने गाड़ी में बैठने जा रही थी कि आसपास मंडरा रहे एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने तान्या पर गोली चला दी। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने 12 बोर के तमंचे से गोली मारी है, लिहाजा किन्नर की



किन्नरों द्वारा पथराव के बाद सड़क पर बिखरे ईंट-पत्थरों को हटवाने में जुटी पुलिस।

पीठ पर कई जगह छर्रे लगे हैं। उनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना के बाद शाम को शहर से किन्नरों का हुजूम सहजनवा थाने पहुंचा और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चौराहे पर जमकर बवाल शुरू कर दिया। किन्नरों ने हाइवे मार्ग पर गत्ते जलाकर विरोध जताया। किन्नरों के इस हंगामे से अफरा-तफरी मच गई, सभी दुकानदार दुकानें बंद करने लगे। जाम के दौरान कोई गाड़ी निकालने का कोशिश करता तो किन्नर पथराव शुरू कर देते। किन्नरों के हंगामे के सामने सहजनवा पुलिस बेबस नजर आई।

बवाल की सूचना पर पहुंचे एएसपी श्याम देव बिंद ने किन्नरों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने।

बदमाशों की जल्द ही गिरफ्तारी का भरोसा दिया उसके बाद भी किन्नरों का प्रदर्शन और जाम रात नौ बजे तक चला। एडिशनल एसपी ने कहा कि पुलिस को जब तक काम करने का मौका नहीं मिलेगा गिरफ्तारी कैसे होगी। उन्होंने कहा कि टीमें तलाश में जुटी हैं सुबह तक आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा। इसके बाद किन्नर हाईवे से हटे, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे दोबारा उग्र प्रदर्शन करेंगे।

- नेग लेने गई किन्नर को बदमाशों ने मारी गई थी गोली
- गत्ते जलाकर रोका रास्ता, निकलने वालों पर पथराव

## पीड़ित किन्नर का चालक रहा है हमले का एक आरोपी

गोरखपुर। किन्नर तान्या को गोली मारने के मामले में पुलिस ने काजल, मुमताज, पूजा, प्रिया, किरन व दुर्गेश को नामजद करते हुए हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मेडिकल कॉलेज में भर्ती किन्नर तान्या की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक प्रिया सहित अन्य किन्नर से इलाके के बंटावारे का विवाद चल रहा था वहीं दुर्गेश पहले तान्या का ड्राइवर था अब प्रिया के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि गोली मारने वाले दो युवकों में दुर्गेश भी शामिल था।

## क्षेत्र के बंटवारे को लेकर एक साल से है विवाद

सहजनवां थानाक्षेत्र में किन्नरों में क्षेत्र के बंटवारे को लेकर एक साल से विवाद चल रहा है। पिछले वर्ष अक्तूबर माह में और उसके पहले भी बंटवारे को लेकर किन्नरों ने थाने पर हंगामा किया था। तब पुलिस ने आपस में बैठकर बंटवारा करने की बात कहकर थाने से लौटा दिया था।

“ तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर किया गया है। इस मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। इलाके के बंटवारे का विवाद है। आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

– **मनोज कुमार अवस्थी**, एसपी नार्थ

## पहले से घात लगाए बैठे थे बदमाश

किन्नर तान्या को गोली मारने के लिए पहले से ही बदमाश घात लगाए हुए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार पंकज गुप्ता के घर पर किराए के मकान में रह रहे परिवार के यहां दो साल पहले बेटी पैदा हुई थी। वहीं नेग लेने किन्नर तान्या अपने ग्रुप के साथ पहुंची थी। नेग में उसे सोने की झुमकी मिली। वहां से वह लौट रही थी कि इसी बीच रिठुआखोर से घघसरा की तरफ जा रहे बाइक सवार दो बदमाश घर को क्रॉस कर आगे निकल रहे थे। किन्नर तान्या अपने ग्रुप के साथ गाड़ी में बैठने जा रही थी कि आगे पुल के पास से बाइक मोड़कर बाइक सवार वापस आए और तान्या पर फायर झोंक दिया। लोगों ने बताया कि हमलावरों में एक युवक दाढ़ीवाला था, दूसरा काली टीशर्ट पहने था।

# ट्रक दिलाने के नाम पर 3.25 लाख हड़पे, केस

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के जंगल सालिकराम स्थित प्रीत विहार कॉलोनी निवासी नागेंद्र उपाध्याय को एक जालसाज ने ट्रक दिलाने के नाम पर 3 .25 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। पीड़ित ने रविवार को आरोपी श्रीकांत दुबे के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शाहपुर इलाके के प्रीत विहार कॉलोनी निवासी नागेंद्र उपाध्याय ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक महीने पहले श्रीकांत दुबे नाम के व्यक्ति ने फोन कर कहा कि मैं समृद्धि ग्लिटर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से बोल रहा हूं। टाटा की ट्रकों का जिसका लोन नहीं जमा हो पाता हैं, उसको हमारी कंपनी फाइनेंस करती है। आप उन्नाव आइए ट्रक देख लीजिए। हम उन्नाव कनोडिया पेट्रोल पंप के पास यार्ड में पहुंचकर ट्रक देखा। फिर छह मार्च को पीएनबी बैंक से तीन लाख 25 हजार रुपये एक खाते में ट्रांसफर कर दिया।

# व्यापारी की पत्नी के कान से नोचा झुमका, गिरफ्तार




- गीताप्रेस के पास सामान लेकर बहन के साथ पैदल जा रही थी महिला
- राजघाट पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीताप्रेस इलाके में सामान लेने गई कपड़ा व्यापारी की पत्नी के कान का झुमका एक बदमाश नोच कर फरार हो गया। व्यापारी की पत्नी की सूचना पर राजघाट पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच शुरू कर दी और 24 घंटे के अंदर ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान रोशन वर्मा पुत्र दीपक वर्मा निवासी हांसूपुर थाना राजघाट के रूप में हुई। रविवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

तिवारीपुर क्षेत्र के गोड़ियान निजामपुर चौराहा निवासी संदीप निगम की रेती चौक पर कपड़े की दुकान है। उनकी पत्नी गुलशन निगम अपनी छोटी बहन शालिनी के साथ शनिवार को खरीदारी करने गीताप्रेस रोड पर गई थीं। वह सामान खरीदकर बहन के साथ पैदल ही जा रही थीं कि इस बीच एक बदमाश तेजी से उनके करीब आया और उनके दाहिने कान का झुमका नोच लिया। व्यापारी की पत्नी ने शोर मचाया लेकिन बदमाश फरार हो गया। गुलशन ने राजघाट पुलिस को सूचना दी। उन्होंने तहरीर में बताया कि वह और उनकी छोटी बहन बदमाश को देखकर पहचान लेंगी। पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से तलाश शुरू कर दी। राजघाट थानेदार राजेन्द्र सिंह ने आरोपित को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर उसके कब्जे से झुमका बरामद कर लिया गया।

# गोरखपुर-कुशीनगर में धर्मांतरण का केस पांच को भेजा जेल

गोरखपुर/कुशीनगर, हिटी। गोरखपुर और कुशीनगर जिले में रविवार को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर से पकड़ा गया आरोपी संजय कन्नौजिया खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार गांव में पिछले दो महीने से प्रार्थना सभाएं कर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहा था। वहीं कुशीनगर के कप्तानगंज कस्बे में भी प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को गुमराह करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। ब्योरा P 05

# सहजनवा में बदमाशों ने किन्नर को मारी गोली, हाईवे जाम कर पथराव

घघसरा (गोरखपुर), हिसं। सहजनवा क्षेत्र में इलाके के बंटवारे के विवाद में रविवार को एक किन्नर को गोली मारने की घटना के बाद बवाल हो गया। देर शाम आक्रोशित किन्नरों ने गोरखपुर-हाईवे जाम कर पथराव का दिया। दोनों तरफ करीब दस किमी लंबा जाम लग गया। घायल किन्नर को बीआरडी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने छह नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

सहजनवा क्षेत्र के भीमापार निवासी 35 वर्षीय किन्नर तान्या रविवार को सहयोगियों के साथ पाली ब्लॉक के जगदीशपुर गाही गांव में नेग लेने गई थी। नेग लेकर वह गाड़ी में बैठने जा रही थी कि एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने तान्या पर गोली चला दी।



साथी को गोली मारे जाने के बाद आक्रोशित किन्नरों ने सहजनवा थाने पर देर रात तक प्रदर्शन किया।

- इलाके के बंटवारे के विवाद में हमले का आरोप, छह नामजद
- किन्नरों ने लखनऊ हाईवे जाम किया, तोड़फोड़ भी की

**10** किमी तक जाम लग गया प्रदर्शन के कारण

किन्नर की पीठ पर कई जगह छर्रे लगे हैं। उसे पहले सहजनवा सीएचसी फिर बीआरडी ले जाया गया। तान्या के साथियों ने सहजनवा इलाके के एक मोहल्ले में रहने वाली एक किन्नर पर गोली मरवाने का आरोप लगाया है।

देर शाम आक्रोशित किन्नर सहजनवा थाने पर जमा हो गए। गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। लखनऊ हाईवे पर रात 8 से 9 बजे तक जाम लगाए रखा, तोड़फोड़ भी की।

➤ संबंधित खबरें P05

# दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपित को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ताल इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान क्षेत्र के बुद्ध विहार पार्ट सी निवासी आनंद गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# 60 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। गीडा पुलिस ने रविवार को दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से 60 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब एवं अन्य शराब बनाने का सामान बरामद किया। पुलिस उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

# मोबाइल चार्ज करते वक्त लगा करंट, मौत

झुमिला बाजार। बडहलगंज थानाक्षेत्र के मदरहां टोला नकटा निवासी 22 वर्षीय आकाश साहनी गुजरात रहकर किसी प्राइवेट कम्पनी में काम करता था। अभी दो दिन पहले 18 मार्च की शाम को घर लौटा था। शनिवार की रात बिजली के बोर्ड में मोबाइल चार्जर लगा रहा था, इसी दौरान करंट से उसकी मौत हो गई।

# 21 मार्च के प्रदर्शन की तैयारी में बैठक

गोरखपुर। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ गोरखपुर के संघ भवन में 21 मार्च को आयोजित पुरानी पेंशन दिए जाने के लिए धरना कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेताओं ने शनिवार को बैठक की। इस दौरान सभी ने एक स्वर में 21 मार्च के आंदोलन को सफल बनाने के लिए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने रविवार को मारपीट और हत्या के प्रयास के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के कजाकपुर निवासी अमरजीत निषाद के रूप में हुई।

# धोखाधड़ी का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

गोरखपुर। गोला पुलिस ने रविवार को शातिर जालसाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया। आरोपित की पहचान गोला क्षेत्र के पड़री निवासी नरेन्द्र शुक्ल के रूप में हुई। उस पर कैंट और गोला थाने में पांच धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। गगहा पुलिस ने रविवार को दहेज हत्या में वांछित चल रही महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित महिला की पहचान गगहा क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासिनी विमला उर्फ विमली देवी के रूप में हुआ।

# किशोरी को भगाने का आरोप, केस

गोरखपुर। क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को 6 मार्च रात पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल औराही निवासी सर्विंद साहनी बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के घर वाले युवक के घर पूछने गए तो गालीगलौज कर मारपीट को आमद हो गए। किशोरी की मां की तहरीर पर रविवार को गुलरिहा पुलिस आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों की तालाश कर रही है।

# गोवंशी पशुओं के वध में छह गिरफ्तार

## सीसी कैमरा फुटेज की मदद से क्राइम ब्रांच व पुलिस टीम ने आरोपितों को पकड़ा

**जासं, गोला** : सीसी कैमरा फुटेज की मदद से रविवार को क्राइम ब्रांच की टीम और पुलिस ने गोवंशी पशुओं का वध करने वाले कसाई समेत छह को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें बदायूं का रहने वाला एक आरोपित रुस्तम भागने में सफल रहा। इसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें रवाना कर दी गईं हैं। वहीं, गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण सिंह ने बताया कि 17 मार्च को गोला क्षेत्र के खदरा गांव के पास चौपलहवा बाग में गोवंशी पशुओं का वध किया गया था।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जांच की तो अलग-अलग तीन पोटली मिले, उसमें मांस व खाल पड़े थे। पशुचिकित्सकों को बुलवाकर जांच कराते हुए अवशेष को गड्ढे में ढक दिया गया था।

उधर, आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश में जुटी पुलिस चौराहों पर लगे सीसी कैमरों की जांच में आरोपितों की पहचान की। फुटेज में 16 मार्च को एक लड़का छह बछड़ों को ले जाते हुए दिखाई दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में गोवंशी पशुओं का वध करने के आरोपित● जागरण

### भेजा गया जेल

फुटेज में दिखे आरोपित पिन्टू कुमार उर्फ किलकिल को पुलिस ने बड़हलगंज के मरचीपार गांव से हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने घटनाक्रम के बारे में बताते हुए अन्य आरोपितों के बारे में बताया। इसमें मरचीपार के ही वाले मुकेश लोना उर्फ पकौड़ी, पिन्टू लोना, आजमगढ़ जिले के बिलरियागंज थाना के नसीरपुर के नेहाल अहमद, मोहम्मद शाद और गोला के वार्ड नंबर नौ काली चौरा का सज्जाद शामिल हैं। सभी को जेल भेज दिया गया।

# बैंक रोड से कुत्ता चोरी में पुलिस ने दर्ज किया केस

- लग्जरी कार सवारों ने स्कूटी सवारों पर अब मढ़ दिया चोरी का आरोप
- सीसीटीवी में कैद हुई घटना, 20 हजार रुपये का बताया जा रहा कुत्ता

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट इलाके के बैंक रोड से बीगल नस्ल का कुत्ता चोरी होने के मामले में कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। वहीं जिन कार सवारों पर चोरी की आशंका जताई गई है उन्होंने स्कूटी सवारों पर चोरी की कहानी घुमा दी है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से ही स्कूटी सवार की भूमिका की जांच कर रही है।

कैंट इलाके के बैंक रोड निवासी डॉ. महेंद्र अपने घर में ही मनीषा संगीत महाविद्यालय चलाते हैं। उन्होंने बीगल नस्ल का एक कुत्ता पाल रखा है। उसका नाम रॉकी है। 16 मार्च को डॉ. महेंद्र घर के अंदर थे इस बीच किसी ने घर का मेन डोर खोल दिया। दरवाजा खुलते ही रॉकी घर से बाहर चला गया। डॉ. महेंद्र के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में कार सवार कुत्ते को उठाकर ले जाते दिख रहे हैं। डॉ. महेन्द्र ने पुलिस को तहरीर दी और कार सवारों पर आरोप लगाया है। जांच में जुटी पुलिस कार के नम्बर के आधार कर कार सवारों तक पहुंच गई। हालांकि पूछताछ के दौरान उन्होंने कुछ और ही कहानी बताई।

# धमकी देने वाला शोहदा गिरफ्तार

गोरखपुर। 11वीं की छात्रा के साथ छेड़खानी करने और शादी न करने पर उसकी शादी के मंडप में आग लगाने की धमकी देने वाले शोहदे को रविवार को राजघाट पुलिस ने दबोच लिया। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। राजघाट थाने की टीम उसकी तलाश में लगी थी। रविवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

शहर के एक स्कूल में 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा को एक शोहदे ने शादी न करने पर उसके मंडप में आग लगाने की धमकी दी थी। बीते गुरुवार की दोपहर में छात्रा को स्कूल से छुट्टी के बाद ऑटो में बैठाकर अपने घर ले गया था। वहां छेड़खानी करने लगा। छात्रा ने बचकर भागने का प्रयास किया और शोर मचाया तो उसने धमकी दी।

# हत्या के प्रयास व बलवा का आरोपित गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर** : हत्या का प्रयास करने के आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने शनिवार की रात में गिरफ्तार किया। रविवार को दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि कजाकपुर निवासी अमरजीत निषाद के विरुद्ध बलवा, हत्या का प्रयास व धमकी देने का मुकदमा दर्ज है।

# पांच सैनिकों का मोबाइल चोरी

गोरखपुर। एयरफोर्स स्टेशन विजय विहार क्षेत्र से शुक्रवार की सुबह पांच वायु सैनिकों का मोबाइल व अन्य सामान चोरी हो गया। सभी वायु सैनिक अपना मोबाइल व सामान बैरक में रखकर प्रशिक्षण के लिए गए थे। दोपहर में भोजन करने लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। बैरक का दरवाजा खुला था, आलमारी भी खुली हुई थी। वायु सैनिकों की सूचना पर जूनियर वारंट अफसर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कैंट थाने में केस दर्ज कराया है।

जूनियर वारंट अफसर इंद्रजीत सिंह ने कैंट पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 17 मार्च की सुबह सैनिक तेतरा स्कूल वायुसेना स्टेशन में प्रशिक्षण पर गए थे। इससे पहले उन्होंने बैरक संख्या ई-20/6 विजय बिहार क्षेत्र में अपना सामान रख दिया था।

# गोलघर में स्कार्पियो से स्टंट के मामले में केस

- जटेपुर चौकी इंचार्ज ने गाड़ी नंबर के आधार पर कराया मुकदमा
- पुलिस के रोकने के बाद भी स्कार्पियो लेकर भाग गया था चालक

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोलघर की सड़कों पर तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला रहे काली रंग के स्कार्पियो चालक के खिलाफ जटेपुर चौकी इंचार्ज ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जटेपुर चौकी प्रभारी धीरेन्द्र कुमार राय ने अपने तहरीर में लिखा कि वह हॉक 13 के साथ क्षेत्र भ्रमण कर गणेश चौराहे पर मौजूद थे इस बीच उन्होंने देखा कि काली रंग की एक स्कार्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर यूपी 53 ईजे 0001 है, उसका चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हुए गणेश चौक से गोलघर की तरफ जा रहा था। जिस तरह से वह गाड़ी चला रहा था, उससे स्कार्पियो काफी लहरा रही थी। चौकी इंचार्ज ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन वह रूका नहीं और गाड़ी लेकर भाग गया। चौकी इंचार्ज ने लिखा है कि उसके द्वारा जिस तरह से गाड़ी चलाई जा रही थी इससे सड़क पर चल रहे किसी भी व्यक्ति को क्षति पहुंचने की आशंका थी। तहरीर के आधार पर कैंट थाने में गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि गाड़ी ऋषभ जायसवाल के नाम से रजिस्टर्ड है।

## तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**जासं, उनवल** : खजनी थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव के रिंकू की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। उसने पुलिस को बताया कि गांव के रामप्रवेश व उनके दोनों पुत्रों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**जासं, उनवल** : खजनी थाना क्षेत्र की एक युवती की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को गंगादीन के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने बताया कि आरोपित घर में गोबर फेंक रहा था। विरोध करने पर घर में घुसकर मारा-पीटा व छेड़खानी की।

## युवक पर अपहरण का मुकदमा

**जासं, गोरखपुर** : गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को भगाने के आरोप में पुलिस ने सर्विंद साहनी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। किशोरी की मां ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपित उसकी पुत्री को छह मार्च को भगा ले गया। जानकारी के बाद उसके घर जाकर पूछताछ करने पर आरोपित के स्वजन ने गाली देते हुए मारपीट कर भगा दिया।

# मंडप में आग लगाने की धमकी देने वाला शोहदा गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : मंडप में आग लगाने की धमकी देने वाले शोहदे को राजघाट थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

राजघाट पुलिस को दी तहरीर में छात्रा ने लिखा था कि रायगंज निवासी जय सिंह को वह पहले से जानती है। वह उसका काफी दिनों से पीछा कर रहा है। पहले वह ध्यान नहीं देती थी, लेकिन गुरुवार को वह आटो में बैठाकर अपने घर ले गया और छेड़खानी शुरू कर दी। वह उससे पीछा छुड़ाकर भागी उसने इस बीच उसका कपड़ा फाड़ दिया और धमकी देने लगा कि तुम केवल मुझसे ही शादी करोगी। अगर किसी और से शादी करोगी तो मंडप में आग लगा दूंगा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि रविवार की सुबह राजघाट थाना प्रभारी ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मतातंरण के लिए महिलाओं को कर रहा था प्रेरित, गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार गांव में रविवार को मतातंरण के मामले में एक आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कूड़ाघाट निवासी करुणानिधि पांडेय की तहरीर पर की। आरोपित संजय कन्नौजिया वाराणसी जिले के फुलपर थाना क्षेत्र के वाराणसी का रहने वाला है।

करुणानिधि ने तहरीर में बताया है कि आरोपित रानीडीहा में किराये का कमरा लेकर करीब तीन वर्ष से रह रहा था। वह प्रत्येक रविवार को माड़ापार गांव में हरेंद्र पासवान के घर पहुंचकर महिलाओं को इकट्ठा कर मतातंरण के लिए एक ग्रंथ देकर प्रार्थना करवाता था।

# दबंगों ने मजदूर को पीटा, मृत्यु होने पर स्वजन ने लगाया जाम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** दो दिन से लापता मजदूर शनिवार को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती मिला। स्वजन उसे मेडिकल कालेज ले गए, जहां उसने पत्नी को बताया कि भूमि न देने पर गांव के तीन दबंगों ने उसे पीटा है। शनिवार की देर उसकी बीआरडी मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई। आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग को लेकर स्वजन ने पोस्टमार्टम के बाद कोलिया में शाम साढ़े सात बजे शव रख जाम लगा दिया। दो सगे भाइयों समेत तीन नामजद व तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज होने के बाद परिवार के लोगों ने डेढ़ घंटे बाद जाम हटाया। तिवारीपुर थाना पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

तिवारीपुर के मंझरिया गांव निवासी रामरक्षा निषाद पेंट-पालिश का काम करते थे। 17 मार्च की सुबह वह साइकिल से काम करने के लिए निकले, देर शाम तक वापस नहीं पहुंचे। इस पर परिवार के लोग परेशान हो गए। पत्नी द्रौपदी देवी उनकी खोजबीन करती रहीं। इस बीच उन्हें किसी ने बताया कि उनके पति जिला अस्पताल में भर्ती हैं। जब वह अस्पताल में पहुंची तो उनके पति को काफी चोटें लगी हुई थी। स्थिति गंभीर होने पर रामरक्षा को डाक्टर ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। जाम की सूचना पर फोर्स के साथ पहुंचे सीओ कोतवाली रत्नेश सिंह ने कार्रवाई का भरोसा दिया, लेकिन रात में नौ बजे एफआइआर की कापी मिलने पर परिवार के लोगों ने जाम खत्म किया।



कोलिया में जाम लगाने वाले मजदूर के स्वजन को समझाती पुलिस ● जागरण

> तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तिवारीपुर थाना पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। जांच में मिले साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
>
> **कृष्ण कुमार विश्नोई**, एसपी सिटी

**दो भाइयों सहित छह पर हत्या का मुकदमा:** तिवारीपुर थाना पुलिस ने मंझरिया निवासी विवेक तिवारी और विनय तिवारी पुत्र राजीव तिवारी तथा घुनघुन कोठा निवासी हूबलाल यादव व तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# गोलघर में स्कार्पियो सवार ने किया स्टंट, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर : गोलघर में स्टंट कर रहे स्कार्पियो सवार को पुलिसकर्मियों ने रोका तो भाग निकले। जटेपुर चौकी प्रभारी ने गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मालिक ऋषभ जायसवाल का शांतिभंग में चालान कर दिया। जटेपुर चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार राय ने अपनी तहरीर में लिखा है कि वह हाक दस्ता 13 के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर गणेश चौराहे पर मौजूद थे। इस बीच उन्होंने देखा कि काले रंग की स्कार्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 53 ईजे 0001 है का चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हुए गणेश चौक से गोलघर की तरफ जा रहा था। इससे किसी भी व्यक्ति को क्षति पहुंचने की आशंका थी। उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन रुका नहीं और गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी मालिक को हिरासत में लेकर शनिवार की दोपहर शांतिभंग में चालान कर दिया। (जासं)

# लूट के दो आरोपी पकड़े

**गोरखपुर।** तिवारीपुर पुलिस ने लूट करने के दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से झुमका व मोबाइल फोन बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक, तिवारीपुर के निजामपुर निवासी संदीप निगम गीता प्रेस में नौकरी करते हैं। शनिवार को उनकी पत्नी गुलशन अपनी बहन शालिनी के साथ खरीदारी करने गीता प्रेस आई थीं। लौटते समय पीछे से आए युवक ने झपट्टा मारकर कान की बाली छीन लिया। शोर मचाने पर राहगीरों ने आरोपी को पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद उसे पुलिस को सिपुर्द कर दिया था।

उसकी पहचान राजघाट के हांसूपुर आटा चक्की निवासी रोशन वर्मा के रूप में हुई। उधर, गोरखनाथ पुलिस ने युवती का मोबाइल फोन लूटने वाले शाहपुर के गंगानगर रामजानकी नगर निवासी अंबर तिवारी को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धमकी देने के आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि बुद्ध विहार पार्ट सी निवासी आनंद गुप्ता ने शादी करने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया था। (जासं)

# झुमका, रुपये व मोबाइल लूटने वाले चार धराए

**जासं, गोरखपुर** : महिला का झुमका, रुपये व मोबाइल लूटने वाले चार बदमाशों को जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस ने रविवार की सुबह पकड़ा। आरोपितों के कब्जे से लूट के रुपये व सामान बरामद कर दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

तिवारीपुर के निजामपुर निवासी संदीप निगम गीता प्रेस में नौकरी करते हैं। शनिवार को उनकी पत्नी गुलशन अपनी बहन शालिनी के साथ खरीदारी करने गीता प्रेस आई थीं। लौटते समय पीछे से आए युवक ने झपट्टा मारकर झुमका छीन लिया। शोर मचाने पर राहगीरों ने आरोपित को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान राजघाट के हांसूपुर आटा चक्की निवासी रोशन वर्मा के रूप में हुई। रविवार की सुबह राजघाट थाना पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गोरखनाथ थाना पुलिस ने युवती का मोबाइल फोन लूटने वाले शाहपुर के गंगानगर रामजानकीनगर निवासी अंबर तिवारी को रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। बड़हलगंज संवाददाता के अनुसार स्थानीय पुलिस ने रविवार की सुबह पटना चौराहे से कस्बे के गाजी रौजा निवासी शब्बीर खान व गोला मुहल्ला निवासी मो. इरशाद को लूट के तीन मोबाइल फोन व एक हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया। एसएसआइ बड़हलगंज संतोष सिंह ने बताया कि गोला मुहल्ला निवासी दीपक कुमार 15 मार्च की रात अपने ननिहाल गाजीपुर से लौट रहे थे। साईं ढाबा पर बस से उतरकर पैदल घर जा रहे थे। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर चार हजार रुपये और दो मोबाइल फोन लूट लिया था।



पुलिस की गिरफ्त में लूट के आरोपित

## स्कूटी सवार ले गए हैं श्वान, तलाश में जुटी पुलिस

**जासं, गोरखपुर** : बैंक रोड पर रहने वाले व्यक्ति का श्वान चोरी होने के मामले में कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सीसी कैमरा फुटेज की जांच में पता चला कि श्वान को कार सवार युवक नहीं, बल्कि स्कूटी सवार ले गए हैं। फुटेज की मदद से कैंट थाना पुलिस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है।

बैंक रोड निवासी डा.महेंद्र कुमार अपने घर में संगीत महाविद्यालय चलाते हैं। उन्होंने श्वान पाला था जिसका नाम राकी है। कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा है कि 16 मार्च को वह परिवार के साथ कहीं गए थे। इस बीच किसी ने श्वान चोरी कर लिया। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कार से आए लोगों ने पास की एक दुकान से कचौड़ी-जलेबी खाई। करीब आधे घंटे में वह समझ चुके थे कि किसी का श्वान घर के बाहर आ गया है, लेकिन मालिक यहां नहीं है। कार सवार उसे चुराकर ले गए हैं। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से रविवार को कैंट थाना पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि कार सवार युवकों ने श्वान हाथ में लिया था। जाते समय उसे बगल में रहने वाले बालक को दे दिया। कुछ देर बाद स्कूटी से पहुंचे युवकों ने बालक के हाथ से श्वान ले लिया और टाउनहाल की तरफ निकल गए। पुलिस स्कूटी सवार युवकों की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि जांच में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जल्द ही श्वान बरामद कर लिया जाएगा।

# बेटी की शादी नहीं होने दे रहा शराबी बेटा, दी तहरीर

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शराबी युवक बहन की शादी नहीं होने दे रहा है। दो दिन पहले उसने घर में घुसकर पिता व भाई को पीट दिया। पिता ने गोरखनाथ थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि शराबी बेटे को जेल भेज दीजिए, नहीं तो बेटी की शादी नहीं हो पाएगी। आरोपित के विरुद्ध मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

गोरखनाथ के पचपेड़वा निवासी जहांगीर आलम गोरखनाथ निजी अस्पताल में वार्ड ब्वाय का काम करते हैं। उनकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं। परिवार में सबसे छोटा बेटा शहजादे है, जो शराब पीने का आदी है। करीब दो साल पहले शहजादे ने स्वजन की सहमति के बिना परिचित लड़की से शादी कर ली जिसके बाद पिता ने संपत्ति से बेदखल कर दिया। वह मोहल्ले में किराए पर कमरा लेकर रहता है। जहांगीर ने गोरखनाथ थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि आए दिन शराब पीकर वह घर पहुंच जाता है। मारपीट करता है। इसी महीने दूसरी बेटी की शादी होनी है। जिसकी जानकारी होने के बाद शहजादे कह रहा है कि पिता ने शादी नहीं की तो वह किसी की नहीं होने देगा। शनिवार की रात में घर पहुंचकर मारपीट करने के बाद ईंट से हमला कर घायल कर दिया।

## पुलिस ने थाने में बैठाया तब हुई थी पहली बेटी की शादी

गोरखनाथ थानेदार को जहांगीर ने बताया कि 19 जून, 2022 को बड़ी बेटी की शादी होनी थी। जब शहजादे को यह बात पता चली तो वह घर में मारपीट करने लगा। पिता ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मदद नहीं की। अधिकारियों से गुहार लगाने पर शादी के दिन उन्होंने शहजादे को थाने पर बैठवाया, जिसके बाद बेटी की शादी हुई।

# जिले में स्थापित होंगी 40 पुलिस चौकियां

- एम्स थाना बनकर तैयार सोनबरसा चौकी बनेगी थाना
- लोगों को अपनी शिकायत लेकर दूर नहीं जाना पड़ेगा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कानून व्यवस्था और मजबूत बनाने के लिए जिले में 40 से अधिक नई पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी। इसके लिए स्थान चिह्नित किया जा चुका है। इनके खुलने से आमजन को सुविधा मिलेगी। उन्हें अपनी शिकायत लेकर दूर नहीं जाना पड़ेगा। इसी क्रम में सोनबरसा चौकी की जगह थाना बनाने के लिए शासन में प्रस्ताव भेजा गया है। थाने और चौकियों के विस्तार को गोरखपुर में कमिश्नरेट प्रणाली लागू करने की तैयारी के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है। इस समय जिले में 28 थाने और इनके अंतर्गत 69 पुलिस चौकियां स्थापित हैं।

आमजन की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए थानों को तीन भागों नगर, दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र में बांटा गया है। पुलिस का मानना है कि जिले में विकास तेजी से रहा है। साथ ही आबादी भी घनी हो चुकी है। कई थाना क्षेत्र में बसी नई आबादी के लोगों को अपनी शिकायत लेकर दूर-दराज स्थित थाने और चौकियों पर जाना पड़ रहा है। घटना होने पर पुलिस को भी पहुंचने में समस्या आ रही है। इसे देखते हुए पुलिस ने स्थानों को चिह्नित कर 40 नई पुलिस चौकियों के बनाने का निर्णय लिया है। उम्मीद है कि शासन से प्रस्ताव पास होते ही इन्हें स्थापित कर चौकियों का निर्माण भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

## हर चौकी पर तैनात होंगे प्रभारी

जिले में स्थापित 69 चौकियों पर अभी तक एक प्रभारी के साथ दो से चार उप निरीक्षकों की तैनाती है। नई चौकियों के स्थापित होने के बाद व्यवस्था में बदलाव होगा। हर चौकी पर एक उप निरीक्षक के साथ पांच से छह पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। पुलिस अधिकारियों की कोशिश है कि चौकियों के बीच की दूरी कम रहे।

**बनकर तैयार एम्स थाने का होगा शुभारंभ :** जिले में अभी 28 थाने संचालित हैं। एम्स थाना बनकर तैयार हो चुका है। कुछ ही दिनों में इसकी शुरुआत हो जाएगी। थाना प्रभारी के साथ पुलिसकर्मियों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही जारी करने के साथ ही इसका शुभारंभ कर दिया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद से थानों की संख्या 29 हो जाएगी।

> नई पुलिस चौकियों के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। दोबारा सर्वे कराया जा रहा है। इससे कोई स्थान छूटा होगा तो उसे भी जोड़ लिया जाएगा। जल्द ही इसकी सूची तैयार कर जारी की जाएगी।
>
> **डा. गौरव ग्रोवर**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



# बुजुर्ग महिला की नदी में उतराती लाश मिली

बेलीपार। इलाके के विस्टौली खुर्द निवासी अमीना खातून (70) वर्ष पत्नी हवलदार की पोखरे में उतराई लाश मिली। बताया जा रहा है कि वह पोखरे के तरफ टहलने गई थीं और गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को सुपुर्द कर दिया। ब्यूरो

# छेड़खानी और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट इलाके में 11वीं की छात्रा को ऑटो से घर ले जाकर छेड़खानी करने व धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रायगंज निवासी जय सिंह के रूप में हुई। राजघाट पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने केस दर्ज कराया है। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने हत्या की कोशिश के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कजाकपुर निवासी अमरजीत के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि अमरजीत निषाद के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास, धमकी देने का मुकदमा दर्ज था। ब्यूरो

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धमकी देने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बुद्ध विहार पार्ट सी निवासी आनंद गुप्ता के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि चिड़ियाघर चौकी प्रभारी ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

गुहार | गोरखनाथ थाने में पीड़ित पिता ने दी तहरीर, पुलिस कर रही मामले की जांच

# शराबी बेटे को जेल भेजिए, नहीं होने देगा बेटी की शादी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में रहने वाले युवक ने घरवालों से मारपीट की। अब पिता ने गोरखनाथ थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई है कि बेटा शराब का आदी है और अक्सर मारपीट करता है। अगर उसे जेल नहीं भेजा जाएगा तो बेटी की शादी नहीं हो पाएगी।

पिता की गुहार सुनकर पुलिस भी हैरान हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बेटे के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, इन धाराओं में जेल कैसे भेजा जाए, यह सोच पुलिस भी परेशान है।

### मारपीट और धमकी देने की धाराओं में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

घटना गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वां की है। पचपेड़वा निवासी जहांगीर आलम गोरखनाथ अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर काम करते हैं। उनकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं। परिवार में सबसे छोटा बेटा शहजादे है। जो शराब का आदी है।

करीब दो साल पहले शहजादे ने किसी लड़की से प्रेम विवाह किया था। हालांकि, परिवार के लोग इसके लिए तैयार नहीं थे। शादी के बाद पिता ने उसे अपने जायजाद से भी बेदखल कर दिया। इसके बाद से वह उसी मोहल्ले में किराये का मकान लेकर रहने लगा।

पिता का कहना है कि शहजादे इसी को लेकर पिता से खुन्नस रखने लगा। वो आए दिन शराब पीकर घर पहुंच जाता है और पिता और बहनों से मारपीट करने लगता है। जब उसे पता चलता है कि घर में किसी बेटी की शादी होने वाली है तो वह और भी बवाल करने लगता। उसका कहना है कि पिता ने उसकी शादी नहीं की तो वह अब किसी की नहीं होने देगा।

### *दो दिन थाने में बैठाया गया तब हुई थी पहली बेटी की शादी*

***पिता*** *जहांगीर के मुताबिक, 19 जून 2022 को उनकी बेटी की शादी होनी थी। जब शहजादे को यह बात पता चली तो वह घर में मारपीट करने लगा। पिता ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मदद नहीं की। इसके बाद पीड़ित पिता ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने दो दिन शहजादे को थाने में बैठाया। तब जाकर पिता जहांगीर अपनी बेटी की शादी करा सके।*

### *दूसरी बेटी की शादी की खबर मिलते फिर करने लगा बवाल*

***पिता*** *का कहना है, इसी महीने उनकी दूसरी बेटी की शादी होनी है। शहजादे को इस बात की जानकारी हो गई। शनिवार को एक बार फिर शराब पीकर पिता के घर पहुंच गया और हंगामा करने लगा। विरोध करने पर उसने पिता पर ईंट चलाकर हमला कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बहन की शादी ना करने की भी धमकी देने लगा।*

# लालच देकर धर्मांतरण करा रहा वाराणसी का युवक गिरफ्तार

## खोराबार के एक गांव में जुटी थीं 50 से अधिक महिलाएं, मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

खोराबार (गोरखपुर)। खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार गांव में रविवार को पुलिस ने धर्मांतरण कराने आए वाराणसी के युवक को गिरफ्तार कर लिया। गांव में 50 से अधिक महिलाएं एक जगह पर जुटी थीं और उन्हें रुपयों का लालच देकर धर्मांतरण कराए जाने की तैयारी थी।

मौके से पुलिस ने धार्मिक पुस्तकें भी बरामद की हैं। पुलिस धर्मांतरण कराने की धारा में केस दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच के आधार पर पुलिस अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

पकड़े गए युवक की पहचान वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी संजय कन्नौजिया के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, संजय कनौजिया यहां



धर्मांतरण की घटना में बरामद धार्मिक पुस्तकें। संवाद

खोराबार इलाके में किराए का घर लेकर तीन साल से रहता है। आरोप है कि संजय हर रविवार को यहां के रहने वाले हरेंद्र पासवान नाम के व्यक्ति के घर महिलाओं को एकत्र करता है। उन्हें रुपयों, बच्चों की शिक्षा समेत तमाम लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने को मजबूर कर देता है।

आरोप है कि यह लोग इसके लिए महिलाओं को पहले टारगेट करते हैं। जब महिलाएं धर्म परिवर्तन के लिए तैयार हो जातीं, तो उनके जरिए यह पूरे परिवार का धर्म परिवर्तन करा देते हैं।

### *बोले, नहीं करा रहे थे धर्म परिवर्तन*

***आरोपियों*** *ने पुलिस को बताया कि वह धर्म परिवर्तन नहीं करा रहे थे, बल्कि यहां सिर्फ प्रार्थना सभा चल रही थी। लेकिन, पुलिस ने जब वहां मौजूद महिलाओं से पूछताछ की तो उन्होंने सच बता दिया। महिलाओं के पास से पुलिस ने धार्मिक पुस्तकें भी बरामद की हैं। इसके बाद पुलिस ने आरोपी संजय कन्नौजिया को हिरासत में ले लिया। साथ ही करुणानिधि पांडेय की तहरीर पर उसके खिलाफ धर्मांतरण का केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी।*



ट्रैफिक पुलिस ने गोलघर में सड़क किनारे लगी दुकानों को हटवाया। संवाद

# सड़क पर अतिक्रमण करने वाले ठेला-खोमचा हटाए गए

गोरखपुर। शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण की वजह से लगने वाले जाम पर रविवार को यातायात पुलिस सक्रिय नजर आई। अमर उजाला में खबर छपने के बाद एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने ठेला-खोमचे वालों को हटाया और चेतावनी दी कि वह सड़क पर अतिक्रमण न करें। इसके अलावा बेतरतीब खड़े 100 से अधिक वाहनों का चालान कर पार्किंग में खड़ा करने की अपील की गई। चेतावनी दी गई कि वाहन मल्टी लेवल पार्किंग में ही खड़े करें। ब्यूरो



18 मार्च के अंक में प्रकाशित खबर।

# कुत्ता चोरों पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके के बैंक रोड के पास से कुत्ता चोरी कर लग्जरी कार से भागने वालों के विरुद्ध कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आरोपियों की हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद अब पुलिस ने रविवार को अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

कैंट इलाके के बैंक रोड निवासी डॉ. महेंद्र कुमार घर में ही मनीषा संगीता महाविद्यालय भी चलाते हैं। घर में ही वह कुत्ता पालते हैं। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि 16 मार्च को वह परिवार के साथ कहीं गए थे। इस बीच किसी ने कुत्ता चोरी कर लिया।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि लग्जरी कार से आए लोगों ने चौराहे पर एक दुकान से कचौड़ी-जलेबी खाई। युवक रॉकी को उठाकर कार तक ले गए। फिर फरार हो गए।

## भीड़ के बीच लहराते हुए चलाई कार, केस दर्ज

गोरखपुर। गोलघर में भीड़ के बीच ही तेज रफ्तार से लहराते हुए कार चलाने का मामला सामने आया है। तेजी से कार चला रहे चालक पर कार नंबर के आधार पर जटेपुर चौकी इंचार्ज धीरेंद्र राय ने केस दर्ज कराया है। आरोप है कि कार चालक जिस तरह से गाड़ी चला रहा था, उससे सड़क पर चल रहे किसी भी व्यक्ति को क्षति पहुंचने की आशंका थी।
पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। कार का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 53 ईजे 0001 है। जांच में पता चला कि गाड़ी ऋषभ जायसवाल के नाम पंजीकृत है। घटना के दिन गाड़ी में दो लोग सवार थे। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-03-2023

# बिजली का तार टूट कर दुकान पर गिरा, नगर की आपूर्ति बाधित

**सलेमपुर ।** नगर के मेन रोड पर सहकारी बैंक के उत्तर दिशा में शाम को पांच बजे एल टी तार अचानक एक दुकान पर टूटकर गिर गया। जिसके कारण पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई ।नगर के लोगों के सूचना देने पर विद्युत आपूर्ति बंद की गई ।गनीमत रहा कि जिस समय तार टूट कर गिरा उस समय उसके नीचे कोई नहीं था ।पूर्व चेयरमैन सुधाकर गुप्त के नेतृत्व नगर के लोग जब विद्युत सब स्टेशन पहुंचे तो वहां एक मीटर तार नही था ।जिसके कारण फाल्ट नहीं बन सका ।उपजिलाधिकारी को सूचना जब इन लोगों ने दिया तो उन्होंने कहा कि हड़ताल खत्म हो गया है। विभाग के लोगों से सम्पर्क करें ।समाचार लिखे जाने तक करीब तीन घंटे से उपर आपूर्ति बंद हुए हो चुका था ।विद्युत विभाग के किसी भी कर्मचारी व अधिकारियों का मोबाइल नंबर नही लग रहा है।

# मारपीट व अपशब्द बोलने पर केस दर्ज

**बरियारपुर।** दलित समुदाय के व्यक्ति के साथ मारपीट करने व जातिसूचक शब्द का प्रयोग करने पर सुखारी प्रसाद पुत्र जग प्रसाद की तहरीर के आधार पर बरियारपुर पुलिस ने मोनू यादव पुत्र राधे यादव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच में जुटी हुई है ।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के मनिकपुर उर्फ नागभार के रहने वाले सुखारी प्रसाद मुन्ना यादव के बाइक से नहर के तरफ जा रहे थे । तभी मोनू यादव हाथ में सब्जी लेकर गांव के तरफ आ रहे थे कि बाइक से झटका लगने से सब्जी नीचे गिर गई । फिर तो मोनू यादव आग बबूला हो गए और सुखारी को मारते पीटते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे । लोगों के बीच बचाव करने पर मामला शांत हो गया । सुखारी ने घटना की तहरीर बरियारपुर थाने पर दी । जिसके आधार पर पुलिस मोनू यादव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई में लगी हुई है ।

# जिला जेल से 71 सजायाफ्ता कैदी भेजे गए मऊ जेल

- देवरिया और कुशीनगर के कैदी जिला कारागार में काट रहे थे सजा
- जिला कारागार में क्षमता से तीन गुना की संख्या में हैं कैदी और बंदी

**देवरिया, निज संवाददाता।** देवरिया जिला कारागार में बंद 71 कैदियों को रविवार को प्रशासनिक आधार पर देवरिया जेल से मऊ जेल भेजा गया। इनमें देवरिया और कुशीनगर के कैदी शामिल हैं। ये काफी समय से जिला कारागार में सजा काट रहे थे। जिला कारागार में बंदियों की भीड़ को देखते हुए कैदियों को मऊ शिफ्ट किया है।

जिला कारागार ने पहले इस बाबत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। जिला कारागार में देवरिया, कुशीनगर समेत अन्य जिलों को मिलाकर लगभग दो हजार के करीब कैदी और बंदी निरुद्ध हैं। इसके सापेक्ष क्षमता 599 बंदियों को रखने की ही है। क्षमता से तीन गुने की संख्या में बंदी और कैदी होने से व्यवस्था में परेशानी हो रही थी। साथ ही काफी समय से बंद सजायाफ्ता कैदी जेल में गोलबंदी कर रहे थे। जेल में अनुशासन बिगड़ने की सूरत बन सकती थी। ऐसे में देवरिया जेल प्रशासन ने सजायाफ्ता कुछ कैदियों को दूसरी जेल में शिफ्ट करने प्रस्ताव भेजा था। 71 कैदियों को मऊ जिला कारागार भेजने का निर्णय लिया गया। शासन का पत्र पिछले दिनों कारागार पहुंचा। रविवार को तीन वाहनों से पुलिस सुरक्षा में बंदियों को मऊ जेल भेज दिया गया।

> जिला कारागार में किसी न किसी मामले में सजा काट रहे 71 कैदियों को प्रशासनिक आधार पर मऊ जेल भेजा गया है। मऊ जिला कारागार भेजे गए कैदी देवरिया और कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं।
> -बीएन मिश्रा, जेल अधीक्षक, देवरिया

रा० सहारा दि० 20/03/23

# कुशीनगर को पराजित कर देवरिया विजयी

**देवरिया(एसएनबी)**। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त एवं देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय राजगृह सिंह राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार का मैच देवरिया



देवरिया-खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसपी।

क्रिकेट एसोसिएशन और कुशीनगर के बीच खेला गया जिसमें देवरिया ने यह मैच 10 विकेट से अपने नाम किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली आर्य शुक्ला को मैन अफ द मैच चुना गया। ग्रुप ए का पहला सेमीफाइनल सोमवार को प्रातः 9:30 से प्रयागराज क्रिकेट एसोसिएशन और देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला जाएगा।

रविवार की सुबह मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। देवरिया की कप्तान आकांक्षा मल्ल ने टस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, निर्धारित 30 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुशीनगर की टीम ने 29 वें ओवर में मात्र 69 रन पर अल आउट हो गई, जिसमें तनवी निषाद ने नाबाद 11 व श्रद्धा यादव ने 10 रन ही संघर्ष कर पाए। इनके अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। देवरिया की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आर्या शुक्ला ने 6 ओवर दो मेडेन 10 रन 3 विकेट, आरती चौहान ने 6 ओवर 10 रन 3 विकेट तथा आराध्या निगम ने 5.5 ओवर 3 मेडेन 3 रन 2 विकेट प्राप्त किए। 70 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवरिया की टीम ने मात्र नौवें ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य को हासिल कर लिया, जिसमें आकांक्षा मल्ल ने 30 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 40 रन तथा शिल्पी शुक्ला ने 24 गेंद पर दो चौकों की मदद से 18 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी जानकी देवी एवं सुरेश गुप्ता के द्वारा आर्य शुक्ला को दिया गया।

**स्व.राजगृह सिंह राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट**

यूपीसीए पैनल के अंपायर आर पी गुप्ता एवं शिशिर मल्होत्रा तथा स्कोरर नंद कुमार यादव एवं अमन द्विवेदी की देखरेख में मैच को संपन्न कराया गया। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के संरक्षक अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार शाही, मोहम्मद शाहिद, बबलू तिवारी, ऋषभ राव, देवरिया क्रिकेट एसा. के कोषाध्यक्ष नागेंद्र त्रिपाठी, संयुक्त सचिव अभिजीत शुक्ला, वरिष्ठ संयुक्त सचिव मोहम्मद कलाम खान, सीनियर खिलाड़ी संजीव कुमार सिंह, सोनू काजी, विनोद दुबे, राजा त्रिपाठी, बंधु तिवारी, राजन कुमार सिंह, चुन्नू सिंह, विजय नंद पांडेय, शाने हबीब, राहुल पटेल आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मण्डल मंत्री रामजनम राजभर ने किया।

रा० सहारा दि० 20/03/23

# विद्युतकर्मियों की हड़ताल समाप्त

**बनकटा (एसएनबी)**। विद्युत कर्मचारियों के 72 घण्टे की जारी हड़ताल को शासन प्रशासन ने 65 घण्टे में समाप्त कर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हृदयालाल शर्मा ने जारी एक विज्ञप्ति में दी है।श्री शर्मा ने अपने जारी बयान में कहा है कि हड़ताल के चलते प्रदेश की जनता 65 घंटे लगातार विद्युत अनापूर्ति झेली है। उन्होंने कहा है कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रविवार को दोपहर में सप्लाई बहाल कर दी गई। सप्लाई की बहाली के लिए भाटपाररानी क्षेत्र में एसडीएम, बनकटा एसएचओ सुबह से ही भाग दौड़ करते रहे।साथ ही फाल्ट का पता लगाकर उसे ठीक कराते रहे ।क्षेत्र में सप्लाई बहाल कराने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अमले को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी । जिसके बाद आधा दर्जन प्राइवेट विधुत कर्मचारियों की मदत से दोपहर को बनकटा,सोहनपुर,प्रतापपुर,पड़री,बंगरा आदि सभी गांव की सप्लाई बहाल कर दी गई।

हिन्दुस्तान दि० 20/03/23

# युवक के टावर पर चढ़ने से हड़कंप

खुखुन्दू। शराब पीने के लिए रुपए मांगने पर परिजनों द्वारा नही देने पर एक युवक रविवार की शाम टावर के सबसे ऊपर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना किसी ने पुलिस को दी। सूचना पर डायल 112 व खुखुन्दू पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को किसी तरह से टावर से नीचे उतारने में कामयाब हो सकी।

थाना क्षेत्र के पड़री बाजार गांव निवासी आनंद यादव (20) पुत्र स्व. सुभाष यादव ट्रक चालक है। युवक ने शराब पीने को अपनी मां से रुपए पैसे की मांग की। घर वालों ने इसके लिए मना कर दिया। परिजनों ने युवक इसके लिए डांट भी लगाई। वह गांव में स्थित एक टावर पर चढ़कर कूद कर जान देने को कहकर मुसीबत में डाल दिया। पुलिस टीम के एसआई संजय कुमार, कांस्टेबल जगदीश आदि ने टावर पर चढ़े युवक को नीचे आने के लिए घंटों प्रयास के बाद उतरने को तैयार हुआ।

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

बनकटा : कोर्ट के आदेश पर महिला के साथ हुए छेड़छानी व अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज किया गया । खामपार क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि बरईपार निवासी धर्मेंद्र जायसवाल बीते 30 अगस्त 22 को मेरे घर में घुस गया व मेरी पत्नी के साथ छेड़खानी की। 21 नवंबर 22 आरोपित ने मेरी पत्नी व दो पुत्रियों का अपहरण कर लिया। साथ ही पुत्रियों की हत्या कर शव छिपा दिया। (जासं)

## बरात से बाइक चोरी

खुखुंदू: क्षेत्र के सुकरौली गांव में गुरुवार की रात बरात में आए युवक की बाइक चोरी हो गई। निशनियां पैकौली गांव के रहने वाले आसिफ पुत्र जैनुद्दीन खुखुंदू क्षेत्र के सुकरौली गांव में बरात में गए थे। रात में बाइक खड़ा कर कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। इसी बीच बाइक चोरी हो गई। (जासं)

## चालक के विरुद्ध मुकदमा

देवरिया : सदर कोतवाली पुलिस ने बच्ची को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना आठ फरवरी की शाम 5 .30 बजे की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के औराचौरी चौराहे के समीप पिकअप को शादी के लिए रथ के रूप में तैयार किया गया था। तेज रफ्तार होने व लापरवाही पूर्वक पिकअप चलाने के कारण औराचौरी गांव के रामप्रवेश की आठ वर्षीया सलोनी फंसकर घसीटती चली गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में चला। (जासं)

हिन्दुस्तान दि० - 20/03/23

## जिले में स्थित 183 समितियों में 176 का हुआ चुनाव, 140 समितियों में निर्विरोध हुआ निर्वाचन

# समितियों के चुनाव में भाजपा का दबदबा

**चुनाव**

- बंजरिया में एक प्रत्याशी ने लगाया पर्चा न देने का आरोप
- सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**140** साधन सहकारी समितियों का हुआ निर्विरोध निर्वाचन

**13** भटनी के साधन सहकारी समितियों पर हुआ चुनाव



तरकुलवा क्षेत्र के सोन्हुला रामनगर में मतदान के दौरान तैनात भारी पुलिस बल



कपरवार साधन सहकारी समिति के निर्वाचित सभापति व अन्य पदाधिकारी

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। जिले में सहकारी समितियों के निर्वाचन की प्रक्रिया रविवार को पूरी हो गयी। इस चुनाव में भाजपा ने दबदबा कायम रखते हुए अधिकांश जगहों पर जीत दर्ज की।

अधिकांश सभापतियों और उपसभापतियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कुछ जगहों पर मतदान से भी फैसला हुआ। सपा ने चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दल के प्रत्याशियों को सभापति व उपसभापति का नामांकन पत्र न देने का आरोप लगाया है।

भटनी संवाद के अनुसार क्षेत्र की 13 समितियों में मोतीपुर साधन सहकारी समिति पर मतदान हुआ। सभापति पद के लिए सर्वजीत यादव व अशोक यादव मैदान में थे। सर्वजीत 6 मत प्राप्त कर सभापति चुने गए। साहोपार साधन सहकारी समिति में साहोपार ग्राम सभा की इंदू देवी निर्विरोध सभापति सिसवां की मीना देवी पत्नी मनोज यादव उपसभापति, हतवां नकहनी में दिनेश यादव, नूनखार में तजमुल अंसारी, परसिया के अघैला में गंगा सिंह कुशवाहा, जिगनी में दिग्विजय यादव, घांटी बृजेश शर्मा, जिरासो अर्जुन शाही, सल्लहपुर राधिका देवी खोरीबारी में रमाशंकर राय, बलुआअफगान रीता मिश्रा, नौनापार में बजरंगबली तिवारी, भरहेचौरा से चंदन सिंह निर्विरोध सभापति चुने गये। इसमें रमाशंकर राय व अर्जुन शाही ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की।

तरकुलवा संवाद के अनुसार क्षेत्र के सोन्हुला रामनगर की सहकारी समिति में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर और कनकपुरा गांव के पूर्व प्रधान राणा प्रताप सिंह के बीच मतदान हुआ। इसमें पूर्व प्रधान राणा प्रतापसिंह को 6 व राजेश को तीन मत मिले। राणा सिंह सभापति चुने गए। बजराटार महुअवा समिति पर लगातार दूसरी बार श्रीमती रीना राव पत्नी गणेश राव सोहनरिया समिति में हरैया गांव के पूर्व प्रधान हृदय नारायण शर्मा, सिरसिया पट्टी हुसेन उर्फ बसंतपुर धूसी में निर्विकार पति त्रिपाठी उर्फ शीलू, कोन्हवलिया समिति में उपेन्द्र यादव, परास खांड में पुरुषोत्तम तिवारी निर्विरोध संचालक निर्वाचित घोषित किए गए।

पथरदेवा संवाद के अनुसार बंजरिया साधन सहकारी समिति पर सभापति के चुनाव में जमकर तीखी नोंकझोंक हुई। एक उम्मीदवार ने चुनाव अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाया। दोपहर बाद भारी शोर शराबे के बीच सभापति व उपसभापति के लिए दो उम्मीदवारों को निर्विरोध घोषित कर दिया गया। यहां नौ लोग डेलीगेट के लिए निर्वाचित हुए थे। रविवार को यहां पर सभापति व उपसभापति का चुनाव था। सभापति के लिए चंपा देवी व शंकर सिंह उम्मीदवार थे। शंकर का आरोप है कि जब वे चुनाव अधिकारी के पास पर्चा खरीदने के लिए पहुंचे तो उन्होंने पर्चा देने से मना कर दिया। कहा कि एक ही पर्चा था जिसे एक उम्मीदवार को दे दिया गया। इसके बाद तरकुलवा एस ओ ने डाट-डपटकर उन्हें भगा दिया। इसकी जानकारी होने पर उम्मीदवार के समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। समर्थकों ने प्रशासन पर एक पक्ष को जीताने का आरोप लगाया। इस बाबत चुनाव अधिकारी अशोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उम्मीदवार का आरोप निराधार है।

बरहज संवाद के अनुसार कपरवार साधन सहकारी समिति में जय प्रकाश मिश्रा, लवरछी साधन सहकारी समिति से अध्यक्ष पद पर अमित दीक्षित, गौरा साधन सहकारी समिति में अध्यक्ष पद पर पंकज सिंह एवं उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार मिश्र, बारा दीक्षित साधन मार्कण्डेय सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। भलुअनी संवाद के अनुसार साधन सहकारी समिति बरडीहा नथमल से निर्विरोध अध्यक्ष श्रीमती बसन्ती देवी, बढ़या फुलवरिया साधन सहकारी समिति से भाजपा नेता अष्टभुजा श्रीवास्तव, तरौली बरौली समिति से राघव तिवारी, सोनाडी समिति से सोनम सिंह पत्नी पिंटू सिंह, बभनी सकरापार से रामायण कुशवाहा, पिपरा खेमकरण से रविन्द्र मद्धेशिया, मड़कड़ा से शनि मिश्र निर्विरोध सभापति चुने गए।

भाटपाररानी संवाद के अनुसार न्याय पंचायत कुकुर घाटी साधन सहकारी समिति पर तकनीकी कारणों से चुनाव नही हो सका है। साधन सहकारी समिति भाटपाररानी में अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह तथा उपाध्यक्ष पद के लिए संजय जायसवाल, टीकमपार में कलावती देवी को अध्यक्ष एवं हीरा मोती देवी उपाध्यक्ष चुने गए। नोनार पांडेय में राजेंद्र राय को अध्यक्ष एवं भठवा तिवारी में अध्यक्ष मंगल शाही एवं खामपार में काली मिश्र, बहियारी बघेल में मुन्ना यादव, भिंगारी बाजार में रविंद्र साहू को अध्यक्ष चुना गया। बनकटा विकासखंड के सोहनपुर में ध्रुव सिंह को अध्यक्ष तथा मकसूदन राय को उपाध्यक्ष चुना गया। सलेमपुर संवाद के अनुसार साधन सहकारी समिति परसिया भगौती(मझौवा) से अजीत मिश्र अध्यक्ष एवं नवीन पांडेय उपाध्यक्ष, परसिया भण्डारी से बृजेश कुशवाहा अध्यक्ष एवं ब्राम्हण देव पांडेय उपाध्यक्ष, ईचौना बाजार से उमाकांत मिश्र अध्यक्ष एवं परमानंद यादव उपाध्यक्ष, खुखुन्दू साधन सहकारी समिति से राम प्रसाद राय, पिपरा खेमकरन से रविन्द्र प्रसाद मद्देशिया अध्यक्ष एवं दिनेश यादव उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए।

रामपुर कारखाना संवाद के अनुसार साधन सहकारी समिति लिमिटेड-डुमरी में सन्तोष कुमार सिंह व नगीना यादव के मध्य मतदान कराया गया। 111 मत पाकर संतोष विजई रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी।

हिन्दुस्तान दि० - 20/03/23

# ई-रिक्शा चालकों का उत्पीड़न बर्दाश्त

देवरिया। ई- रिक्शा चालक कल्याण समिति की बैठक रविवार को सूगर मिल ग्राउंड परिसर में हुई। जिसमें ई रिक्शा चालकों पर हो रहे उत्पीड़न की कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए शिल्पी मोदनवाल ने कही कि जिले के किसी भी रिक्शा को कोई प्रताड़ित करता है तो उसके विरुद्ध सड़क पर आंदोलन किया जाएगा। वहीं ई रिक्शा चालकों को सड़कों पर नहीं चलने पर यातायात विभाग से शिकायत किया।

दैनिक जागरण दि०-20/03/23


# विवाद के बाद मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, घंटे भर चला हाईवोल्टेज ड्रामा

- **खुखुंदू के पड़री बाजार स्थित टावर पर दोपहर में ही चढ़ गया युवक**
- **पुलिस के प्रयास से युवक को टावर से नीचे उतारा गया**

**जागरण संवाददाता, पड़री बाजार:** पारिवारिक विवाद के बाद नशे की हालत में रविवार की दोपहर एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। लोगों ने पहले उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। बाद में पहुंची पुलिस के अथक प्रयास के बाद युवक को टावर से नीचे उतारा गया और फिर समझा-बुझाकर युवक को घर भेज दिया गया।

सलेमपुर कोवाली के चौरिया गांव का रहने वाला आनंद यादव का ननिहाल पड़री पांडेय गांव में है, वह वहीं रहता भी है। रविवार की दोपहर पारिवारिक विवाद के बाद वह नशे में गांव के दक्षिण तरफ स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ा देख लोग परेशान हो गए। मौके पर सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। लोग आवाज लगाने लगे, लेकिन ऊंचाई इतनी थी कि उस तक लोगों की आवाज पहुंच नहीं पा रही थी।

इसके बाद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि समझा-बुझाकर युवक को टावर से उतार लिया गया है।

सिंह, विनायक से अनु यादव, विवेकधर दुबे, नमी से विनोद सिंह, शुक्ला से वि

# देवरिया ने कुशीनगर को 10 विकेट से हराया



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसपी संकल्प शर्मा ● जागरण

जासं, देवरिया: रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को स्व. राजगृह सिंह राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन और कुशीनगर के बीच मैच खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम ने मैच 10 विकेट से जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली आर्य शुक्ला को मैन आफ द मैच चुना गया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद् घाटन किया। देवरिया की कप्तान आकांक्षा मल्ल ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 30 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुशीनगर की टीम ने 29 में ओवर में मात्र 69 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें तनवी निषाद ने नाबाद 11 व श्रद्धा यादव ने 10 रन बनाए। इनके अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। देवरिया की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आर्या शुक्ला ने छह ओवर तीन विकेट, आरती चौहान ने छह ओवर तीन विकेट तथा आराध्या निगम ने पांच ओवर में दो विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवरिया की टीम ने मात्र नौवें ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें आकांक्षा मल्ल ने 30 गेंदों में सात चौकों की मदद से 40 रन तथा शिल्पी शुक्ला ने 24 गेंद पर दो चौकों की मदद से 18 रन बनाए। मैन आफ द मैच का पुरस्कार सुरेश गुप्ता ने आर्य शुक्ला को दिया गया। यूपीसीए पैनल के अंपायर आरपी गुप्ता एवं शिशिर मल्होत्रा तथा स्कोरर नंद कुमार यादव एवं अमन द्विवेदी की देखरेख में मैच हुआ। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के संरक्षक अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार शाही, मोहम्मद शाहिद, बबलू तिवारी, ऋषभ राव, देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नागेंद्र त्रिपाठी, अभिजीत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि०- 20/03/23

# युवती के साथ छेड़खानी मामले में हुई कार्रवाई

जासं, सलेमपुर: युवती के साथ छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लार उपनगर की रहने वाली युवती ने तहरीर में आरोप लगाया है कि वह जिला मुख्यालय पर नर्सिंग होम में काम करती है। वह घर से ड्यूटी के लिए निकली थी। लार उपनगर के बैसकरनी वार्ड के रहने वाले कृष्णा सोनकर पुत्र जय प्रकाश सोनकर ने पीछे से पकड़ कर अश्लील हरकत की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

दैनिक जागरण दि०- 20/03/23

# मऊ जेल भेजे गए 71 सजायाफ्ता कैदी

जासं, देवरिया: जिला कारागार देवरिया में सजा भुगत रहे 71 बंदियों को जिला जेल मऊ स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें पांच वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदी शामिल है। अभी भी जेल में 1931 बंदी निरुद्ध हैं।

जिला कारागार में देवरिया व कुशीनगर के बंदी कैद हैं। इसकी क्षमता महज 599 बंदियों के रहने की है। लेकिन वर्तमान में यहां करीब चार गुणा ब्रंदी रखने की मजबूरी हो गई है। शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 71 सजायाफ्ता कैदियों को मऊ जेल के लिए स्थानांतरित किया गया। इसके पूर्व 11 सितंबर 2022 को 131 पुरुष कैदियों को केंद्रीय कारागार वाराणसी व 21 महिला कैदियों को नारी निकेतन लखनऊ स्थानांतरित किया गया था।



**जेल में कुल 124 सजायाफ्ता कैदी निरुद्ध हैं, जिसमें 71 को कैदियों को शासन की अनुमति मिलने के बाद मऊ जेल स्थानांतरित किया गया है।**

राजकुमार, जेलर, जिला कारागार।

वर्तमान में यहां 1931 बंदी निरुद्ध हैं, जिसमें 53 सजायाफ्ता कैदी शामिल हैं। इनके विरुद्ध अन्य मामले विचाराधीन हैं। जिसमें ट्रायल चल रहा है।

दैनिक जागरण पृ० 6 - 20/03/023

# आबकारी टीम ने तोड़ीं छह भट्ठियां

जासं, रुद्रपुर: क्षेत्र के ग्राम कोइलगढ़हा में आबकारी विभाग की टीम ने कच्ची के ठिकानों पर रविवार की सुबह बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान छह धधकती भट्ठियों को तहस-नहस कर दिया। टीम के आने की भनक लगते ही कच्ची के धंधेबाज भाग निकले। टीम नें 700 किलो लहन की नष्ट कर दिया। सुरौली थाना क्षेत्र के कोइलगढ़हा गांव पिछले पांच दशक से कच्ची के गढ़ के रूप में प्रसिद्ध है। हर माह पुलिस और आबकारी टीम गांव में जाकर छापेमारी करती है। एक माह बाद ही कच्ची के अड्डे फिर विकसित हो जाते हैं। आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में नसीम अहमद दिनेश कुमार और मनोज गुप्ता शामिल रहे।

दैनिक जागरण पृ० 20/03/23

# बरहज में चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं,बरहज: नगर के बस स्टैंड पर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुराना बरहज निवासी शैलेश यादव की तहरीर पर लकी, राहुल, आदित्य, आयुष निवासी अज्ञात के खिलाफ पुरानी रंजिश में हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमर उजाला दि० - 20/03/23

# चार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**बरहज।** नगर के लवरछी वार्ड में बृहस्पतिवार की शाम दो परिवारों के बीच कहासुनी और मारपीट हो गई। इसमें मंजू देवी पत्नी राणा प्रताप के सिर में गंभीर चोट लगने से घायल हो गईं। पुलिस ने चार के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि का केस दर्ज किया है। वादिनी मंजू देवी पत्नी राणा प्रताप यादव ने दिए तहरीर में कहा है कि वार्ड के ही नंद कुमार यादव और उनके परिवार के सदस्य दरवाजे पर पहुंच कर टोना-भूत-प्रेत आदि की बात करने लगे। सभी अपनी बच्ची के पागल हो जाने की बात कहते हुए मारपीट करने लगे। इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी ने बताया कि महिला के तहरीर के आधार पर नंद कुमार यादव, उनकी पत्नी मालती देवी और पुत्रियों अंजली, अंजनी कुमारी के खिलाफ गंभीर धारा में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# अतीक के जेल में रहने के दौरान जेल अफसरों पर है एसटीएफ की नजर

अमर उजाला दि० 20/03/23

**देवरिया।** जेल में करीब 18 माह तक बंद रहे माफिया अतीक के समय तैनात रहे जेल अफसर जांच की परिधि में आ सकते हैं, एसटीएफ की नजर उस घटना पर है, जो माफिया ने यहां की जेल में बंद रहते हुए अंजाम दिया था। जिस प्रॉपर्टी डीलर की पिटाई उसने की थी, उसकी तलाश एसटीएफ भी कर रही है। इस मामले में जो आरोपी थे, उनके जिले से जुड़े तार को भी खंगाला जा रहा है।

देवरिया जेल में अतीक अहमद सात नंबर बैरेक में 2018 जनवरी से 2019 सितंबर तक जिला में बंद था। इसी दौरान प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले धूमनगंज निवासी जैद का संपत्ति को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद अतीक के इशारे पर उसके रिश्तेदार नीलू उर्फ राशिद और खालिद ने जैद का अपहरण कर लूटपाट किया और अगवा कर देवरिया जेल लाया था, जहां अतीक ने सात नंबर बैरेक पिटाई की थी। इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ गिरफ्तारी हुई। मामले की जांच जब शुरू हुई तो पता चला कि अतीक ने जेल में अपना अलग राज कायम कर रखा था। उसकी सुविधा के अनुसार उसकी ताबेदारी की जाती थी, क्योंकि जब प्रशासन ने छापा मारा था तो 41 मोबाइल बरामद हुए थे।

*मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। उस समय के मामले को लेकर भी जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस अतीक के नेटवर्क पर नजर गड़ाए हुए है कि यहां पर जेल में रहने के दौरान उसके किससे संबंध थे। -**राजेश कुमार, एएसपी***

इससे जेल की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। यहां तक कि शहर के एक मोहल्ले से उसका भोजन बनकर जाता था और उसके लोग शहर में किराए का कमरा लेकर जमे रहते थे। जो मुकदमा प्रापर्टी डीलर के मामले में अतीक और उसके गुर्गों पर दर्ज हुआ था उसकी विवेचना में यह बात सामने आई थी कि उसने उसी समय उमेश पाल की रेकी करने को कहा था। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-03-2023

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में चार को जेल

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय कस्बे के हरिहरनाथ में रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित कर हिन्दू धर्म के लोगों को गुमराह कर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में कप्तानगंज पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



रविवार को धर्म परिवर्तन की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। • हिन्दुस्तान

कप्तानगंज के हरिहरनाथ उत्तरी में एक निर्जन जगह पर पिछले कुछ वर्षों से नर्मदा पुत्र रामअवध निवासी पकड़ियार विशुनपुर थाना घुघली जिला महाराजगंज द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता रहा है। इसके क्रम में रविवार को भी यह आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान सभा में सैकड़ों की संख्या में उनके अनुयायी, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी, भाग ले रहे थे। थानाध्यक्ष विनय कुमार सिह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने इस दौरान कप्तानगंज के हिन्दू संगठनों से जुड़े लोगों की शिकायत पर छापेमारी की और आयोजन करा रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया। प्रार्थना सभा में भाग ले रहे लोगों ने पुलिस कार्रवाई को अनावश्चक बताते हुए भारी विरोध किया। पुलिस ने सख्ती से पेश आते हुए लोगों को वहां से खदेड़ दिया और प्रार्थना सभा के आयोजन से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में कस्बा निवासी अनिल पुत्र जंग बहादुर की तहरीर पर नर्वदा कुमार, अजय कुमार, कौशिल्या देवी निवासी पकड़यिार विशुनपुर थाना घुघली जनपद महाराजगंज और संतराज प्रसाद निवासी साखोपार थाना कप्तानगंज और विजय कुमार पुत्र रामदेव निवासी पगार थाना रामकोला के खिलाफ धर्म परिवर्तन तथा शांति भंग के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इसके साथ ही इनमें से चार लोगों को जेल भेज दिया है।

# कुशीनगर में लाठी से पीटकर वृद्ध की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- तुर्कपट्टी क्षेत्र में रविवार सुबह हुई वारदात
- वृद्ध द्वारा चिढ़ाए जाने से नाराज था आरोपी युवक

राजापाकड़ (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बरवा सुकदेव गांव में रविवार सुबह खेत की ओर गए वृद्ध की गांव के ही युवक ने लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

बरवा सुकदेव गांव निवासी रामसूरत चौहान (72) रविवार सुबह करीब सात बजे खेत की तरफ गए थे। खेत से घर लौटते समय रास्ते में घात लगाकर बैठा उसके पट्टीदारी का युवक सूर्यभान (35) ने उस पर लाठी से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने से वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

आसपास मौजूद गांववालों ने सूर्यभान को दबोच लिया और पुलिस तथा वृद्ध के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूर्यभान को गिरफ्तार कर लिया। गांव वालों का कहना था कि सूर्यभान बेहद चिड़चिड़ा है। अगर कोई व्यक्ति चिढ़ा देता था तो वह गाली देते हुए आक्रामक हो जाता है। चर्चा है कि रामसूरत ने भी कुछ दिन पहले उसे को हंसी मजाक में चिढ़ा दिया था, जिससे वह उस पर खार खाये हुए था। संभव है इसी कारण उसने यह किया।

घटना की जानकारी होने पर एएसपी रितेश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एसओ आशुतोष सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# युवक को जिंदा जलाने वाले चार गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में एक 23 वर्षीय युवक को जिंदा जलाकर मारने के प्रयास के आरोपियों में से 4 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीते बुधवार की रात थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में एक युवक को पेट्रोल डालकर जान से मारने का प्रयास किया गया था। युवक की मां धर्मा देवी ने गांव के ही 5 लोगों के विरूद्ध हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। तभी से पुलिस टीम को इन अभियुक्तों की तलाश थी। रविवार को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार अभियुक्तों को मुजडीहा तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शोभन पुत्र पुरुषोत्तम, भुल्लन उर्फ अमरजीत पुत्र छब्बे, आशा देवी पत्नी शोभन, बिंदु देवी पत्नी भुल्लन उर्फ अमरजीत शामिल हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजीव कुमार यादव, पुरुषोत्तम पांडेय, हेड कांस्टेबल श्रीनिवास सिंह, मनोज कुमार, कांस्टेबल शुभम शामिल रहे।

# अस्पताल के सामान बेचने का आरोप



रविवार को तहसीलदार को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव। • हिन्दुस्तान

**कोटवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** सीएचसी नेबुआ नौरंगिया के प्रभारी द्वारा चोरी से अस्पताल के पुराने सामान को बेचने का आरोप लगा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समेत स्थानीय लोग धरने पर बैठ गए। आरोप है कि सीएचसी प्रभारी इन सामानों को कबाड़ी को बेच रहे थे। पिकअप पर सामान भी लोड हो गया था। जब इसकी जानकारी हुई तो प्रमुख प्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और पिकअप को पकड़कर मामले में चोरी का केस दर्ज कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

सूचना मिलने पर पहुंचे तहसीलदार ने ज्ञापन लेकर आक्रोशित लोगों को शांत करा धरना समाप्त कराया। वहीं, इस मामले में सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया का कहना है कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। इस पर टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। धरने पर बैठे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष बृजेश मिश्र, अवधेश शर्मा, रवि यादव, राज तिवारी, उदयभान गुप्ता, वीरेन्द्र चौरसिया, उदयभान यादव, इंद्रजीत यादव, लकमुद्दीन आदि का कहना रहा कि सीएचसी प्रभारी द्वारा चोरी-छिपे अस्पताल के पुराने विभिन्न सामानों को कबाड़ी के हाथों बेचा जा रहा था। उसी दौरान लोगों ने पकड़ लिया। आरोप है कि जब प्रभारी से इस संदर्भ में जानकारी ली गई तो वह आक्रोशित होकर प्रमुख प्रतिनिधि समेत मौजूद लोगों से बदसलूकी करने लगे। इसके बाद लोगों ने डीएम, सीएमओ समेत स्थानीय पुलिस को सूचना देकर सीएचसी प्रभारी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराने के साथ ही निलंबित करने की मांग करने लगे और सीएचसी परिसर में ही धरने पर बैठ गए। यह देख मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। दोपहर बाद खड्डा एसडीएम भावना सिंह के निर्देश पर तहसीलदार खड्डा दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों से वार्ता कर उनका ज्ञापन लिया। सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। पुराने सामानों को बेचने के लिए कई तरह की प्रक्रिया होती है। सीएचसी प्रभारी ने उन प्रक्रिया को पूरा किया है या नहीं, इसके लिए टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। जांच में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# सीएचसी का सामान बेचते समय पकड़ा

## ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि ने सीएचसी परिसर में दिया धरना, कार्रवाई की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोटवा बाजार।** स्थानीय सीएचसी का पुराना सामान रविवार को कबाड़ी से बेचे जाने की सूचना पर ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि पहुंचे। उन लोगों ने वाहनों पर लादकर भेजे जा रहे सामान को रोक लिया और धरना पर बैठ गए।

उन्होंने सीएचसी प्रभारी पर बदसुलूकी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराने व निलंबित करने की मांग की। जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का सीएमओ की तरफ से आश्वासन देने पर धरना समाप्त किया।



धरने पर बैठे ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि शेषनाथ यादव। संवाद

धरना पर बैठे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष बृजेश मिश्र, अवधेश शर्मा, रवि यादव, राज तिवारी, उदयभान गुप्ता, विरेंद्र चौरसिया, उदयभान यादव, इंद्रजीत यादव सहित अन्य लोगों ने धरना दिया। इनका आरोप था कि सीएचसी प्रभारी चोरी चुपके अस्पताल का पुराना सामान कबाड़ी के हाथों बेच रहे थे।

इसी दौरान उन लोगों ने पकड़ लिया। इस विषय में जब प्रभारी चिकित्साधिकारी से पूछने पर नाराज होकर प्रतिनिधि सहित मौजूद लोगों से अशोभनीय बात करने लगे। इसके बाद धरनारत लोगों ने जिलाधिकारी, सीएमओ सहित स्थानीय पुलिस से दूरभाष पर शिकायत की और प्रभारी चिकित्साधिकारी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही उन्हें निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं होती है तो आगे भी धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मंतोष कुमार ने बताया कि स्वीपर के रहने के लिए एक कमरे की साफ सफाई कराई जा रही थी। उसमें कुछ रद्दी सामान, पेपर हटवा रहा था। इसी मामले को लेकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व उनके लोग झूठा आरोप लगाकर धरना देने लगे।

## दूसरे धर्म का अपमान करने के आरोप में पांच पर केस

**कप्तानगंज।** कस्बे के हरिहरनाथ उत्तरी में मोहल्ले में प्रार्थना सभा में दूसरे धर्म का अपमान करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को मुकदमा गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कप्तानगंज कस्बे के वार्ड नंबर-14 हरिहरनाथ उत्तरी में केईएफ संस्था एक मकान ले रखा है। आरोप है कि इसमें बाइबिल रखकर भारी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। अन्य जनपदों के लोग पिछले नौ वर्ष से लगातार हर रविवार को प्रार्थना सभा में शामिल होते हैं। रविवार की सुबह नौ बजे कस्बे के हिंदू समाज के लोग मौके पर जुट गए। संवाद

खतरा

तंत्र-मंत्र के चक्कर में हो चुकी हैं कई घटनाएं, झाड़फूंक के फेर में भी होते हैं विवाद

# बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नाराज व्यापारियों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**जासं, फाजिलनगर :** कस्बे में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के विरुद्ध व्यापारियों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अमरनाथ पांडेय व स्थानीय इकाई के अध्यक्ष रामानंद गुप्ता की अगुवाई में कस्बे की पुलिस चौकी पर सीओ तमकुही जितेंद्र सिंह कालरा को सौंपा। चेताया कि चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश न होने पर व्यापारी आंदोलन करेंगे। बीते एक माह से कस्बे में चोरों का गिरोह सक्रिय है, जो एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन, दो चार पहिया व कई दुकानों के ताले व शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। इन सभी मामलों में तहरीर देने के बाद भी कई मामलों में पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया और न किसी भी घटना का पर्दाफाश हो सका।

व्यापारियों का कहना है कि सभी घटनाओं में मुकदमा दर्ज करते पर्दाफाश किया जाए। इस दौरान थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, चौकी प्रभारी राकेश कुमार यादव के अलावा व्यापार मंडल के महामंत्री व्यास सिंह, प्रवक्ता बीके सिंह, युवा अध्यक्ष धीरज वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुप्ता, तेजनारायण सिंह, प्रमोद सिंह, उमेश पांडेय,सन्तोष वर्मा, मुनीर आलम,गुडडू सिंह, पलटन यादव,जनार्दन शर्मा,राधेश्याम मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

# कार्रवाई को लेकर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि का धरना

- सीएचसी के प्रभारी पर चोरी से कबाड़ बेचने का आरोप
- तहसीलदार के आश्वासन पर लोगों ने समाप्त किया धरना

**जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेबुआ नौरंगिया से कबाड़ लादकर जा रही पिकअप को रविवार सुबह 11 बजे ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि समेत क्षेत्र के कुछ लोगों ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर बदसलूकी की गई, इससे नाराज होकर सभी लोग धरने पर बैठ गए। उनका कहना था की सीएचसी प्रभारी को निलंबित कर उनके विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया जाए। दोपहर बाद तहसीलदार खड्डा आए और ज्ञापन लेकर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी के नेतृत्व में धरने पर बैठे भाजपा के मंडल अध्यक्ष बृजेश मिश्र, अवधेश शर्मा, रवि यादव, राज तिवारी, उदयभान गुप्ता, वीरेंद्र चौरसिया, उदयभान यादव, इंद्रजीत यादव, लकमुद्दीन आदि ने बताया कि सीएचसी प्रभारी चोरी-चुपके अस्पताल के पुराने सामान को कबाड़ी के हाथों बेचने के लिए पिकअप से भेज रहे थे। पिकअप को पकड़ कर प्रभारी से पूछा गया कि सरकारी संपत्ति को बेचने का अधिकार आपको किसने दिया है। इस पर वह आक्रोशित होकर बदसलूकी करने लगे। उसके बाद जिलाधिकारी, सीएमओ व पुलिस को दूरभाष पर इसकी शिकायत की गई। धरना की सूचना मिलते ही सीएचसी परिसर में पुलिस तैनात हो गई।



नेबुआ नौरंगिया सीएचसी परिसर में धरना पर बैठे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव दाएं से दूसरे व अन्य● जागरण

एसडीएम भावना सिंह के निर्देश पर तहसीलदार दिनेश कुमार पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। धरना देने वालों ने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।

# मतांतरण में दंपती समेत पांच गिरफ्तार

## केस दर्ज कर विवेचना कर रही पुलिस, हिंदू नेताओं ने किया भंडाफोड़, हुई कार्रवाई

- हरिहरनाथ में प्रार्थना सभा की आड़ में हो रहा था मतांतरण का प्रयास
- ई-एफ संस्था के नाम से रविवार को खुलता है संदिग्ध कार्यालय

**जासं, कप्तानगंज:** कस्बे के हरिहरनाथ मोहल्ले में रविवार को प्रार्थना-सभा की आड़ में मतांतरण के प्रयास का मामला सामने आया है। आसपास के लोगों ने इसका विरोध करते हुए हिंदू नेताओं को खबर दी तो इसका भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर दंपती समेत पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

हरिहरनाथ मोहल्ले में ई-एफ संस्था के नाम की बोर्ड लगी एक मकान है। मकान में अक्सर ताला बंद रहता है। रविवार को संस्था के सदस्य आते हैं और देर शाम लौट जाते हैं। सुबह नौ बजे सौ से अधिक की संख्या में महिलाओं को मकान में जाते देख आसपास के लोग कारण जानने को उत्सुक हो गए।

पूछने पर कुछ महिलाओं ने यहां विशेष प्रार्थना सभा होने की बात बताई। तभी दो बाइक से चार पुरुष भी पहुंचे। कुछ ही देर में मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद हो गया। आसपास के लोग जब मकान के समीप गए तो अंदर से महिलाओं के गीत गाने की आवाज आई।



कप्तानगंज में मतांतरण की सूचना पर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़● जागरण

शक होने पर लोगों ने हिंदू नेताओं को मकान में मतांतरण होने की सूचना दी। इस पर हिंदू नेता आशुतोष उपाध्याय, अनिल अग्रहरि, अमित तिवारी, मणि चंद वर्मा आदि तत्काल मौके पर पहुंच गए।

दरवाजा खुलवाकर यह लोग जब अंदर गए तो महिलाएं हाथ में धार्मिक पुस्तक लेकर पढ़ती मिलीं। पुस्तक पर यीशू की तस्वीर बनी थी। हिंदू नेताओं ने जब इसका विरोध किया तो प्रार्थना आयोजित कराने वाले नर्वदा कुमार से तीखी झड़प होने लगी। वे और उनके सहयोगी मारपीट पर उतारू हो गए। हिंदू नेताओं ने प्रार्थना-सभा की आड़ में गरीब हिंदू महिलाओं के मतांतरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। बात बढ़ता देख महिलाएं मकान से निकलने लगीं। आसपास के लोग महिलाओं से बात किए तो पता चला कि महिलाएं कुशीनगर के अलावा दूसरे जनपदों से भी पहुंचीं थीं। तभी पुलिस आ गई। हिंदू नेताओं ने बताया कि पैसे का लालच देकर यहां वर्षों से मतांतरण का खेल चल रहा है।

पुलिस नर्वदा कुमार उसकी पत्नी कौशिल्या तथा पुत्र अजय कुमार निवासी पकड़ियार बिशुनपुर थाना घुघली जनपद महाराजगंज तथा संतराज प्रसाद निवासी सखोपार थाना कप्तानगंज व विजय कुमार निवासी पगार थाना रामकोला को हिरासत में ले थाने ले गई। देर शाम हिंदू नेता अनिल की तहरीर पर पुलिस ने हिरासत में लिए गए पांचों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएचओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-03-2023

# त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने का आह्वान

**भगवानपुर।** सोनौली थाने पर एसडीएम नौतनवां दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी धर्म गुरुओं के साथ वार्ता कर शांति सौहार्द के साथ त्योहारों को मनाने का अपील किया गया। एसडीएम ने कहा कि आपसी भाईचारा क़ायम रखते हुए आप सभी त्योहार मनाएं।

संदिग्ध लोगों की जानकारी तत्काल प्रशासन को देकर सहयोग करें। यदि त्योहारों में कोई खलल डालने की कोशिश करता पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, शम्भू नाथ, जयराम सिंह, संजय सिंह, रतन कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# वांछित गिरफ्तार

सिंदुरिया। स्थानीय पुलिस ने देर शाम को एक वांछित व्यक्ति को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर न्यायालय भेज दिया। सिन्दुरिया थाना प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि ग्रामसभा मिठौरा टोला हड़तोडवा निवासी हरिनाथ यादव को मिठौरा चौकी प्रभारी ब्रम्ह कुमार उपाध्याय ने अपने हमरहियों के साथ गिरफ्तार कर चालान कर न्यायालय भेज दिया गया।

# किशोर पर जानलेवा हमला, मुकदमा

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सदर कोतवाली के धनेवा-धनेई टोला मंगलपुर के पास मंगलवार रात पन्द्रह वर्षीय किशोर के ऊपर धारदार हथियार से अज्ञात हमलावरों ने वार कर दिया। इससे बालक के गर्दन व सिर जख्मी हो गया। घायल बालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया। मामले में पुलिस छात्र के भाई की तहरीर पर अज्ञात पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज की है।

घायल बालक किशन कुमार गुप्ता शहर के शास्त्री नगर का रहने का है। सातवीं का छात्र है। शनिवार की रात साढ़े दस बजे उसके उपर धनेवा-धनेई टोला मंगलपुर के कब्रिस्तान के समीप कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। पीड़ित के भाई गोपाल गुप्ता के मुताबिक सिर व गर्दन पर हमला से जख्म बन गया था। सिर पर ईंट से वार किया गया था। गर्दन पर कटे का निशान दिखा।



हमले में घायल किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। • हिन्दुस्तान

" घायल छात्र के बड़े भाई गोपाल गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण में जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द ही हमलावारों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए पुलिस टीम जांच के लिए लगा दी गई है। **-रवि कुमार रॉय,** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली

**क्राइम ब्रांच जांच में जुटी, बालक के मित्रों से पूछताछ:** पन्द्रह वर्षीय पर जानलेवा हमला की घटना में जांच के लिए कोतवाली पुलिस क्राइम ब्रांच को भी लगा दिया गया है। स्वाट भी जांच में शामिल है। एसपी डॉ. कौस्तुभ व एएसपी आतिश कुमार सिंह कोतवाली पहुंचे। घटना की जानकारी लिया।

# जिला पंचायत सदस्य गिरफ्तार

महराजगंज : सिंदुरिया पुलिस ने न्यायालय के वारंट के आधार पर वार्ड नंबर 10 के जिला पंचायत सदस्य को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत में किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मिठौरा चौकी प्रभारी ब्रम्ह कुमार उपाध्याय ने बताया कि निचलौल थाने के एक मुकदमे में मिठौरा निवासी व जिला पंचायत सदस्य हरिनाथ यादव के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। रविवार की सुबह उसे हड़तोड़वा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। (जासं)

# वनतस्कर के विरुद्ध गुंडाएक्ट की कार्रवाई

**महराजगंज** : पुरंदरपुर पुलिस ने रविवार को खुर्रमपुर बीट नर्सरी निवासी पवन कुमार के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि आरोपित पवन के विरुद्ध वन विभाग के कई मुकदमें दर्ज हैं। जिसके क्रम में उसके विरुद्ध गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई की गई है। (जासं)

# तस्करी का कपड़ा बरामद

**सोनौली** : एसएसबी की 22वीं बटालियन के जवानों ने रविवार को भारत से नेपाल जा रहे तस्करी का कपड़ा बरामद किया। हालांकि तस्कर मौके से भाग निकलने में सफल रहे। एसएसबी सेनानायक एल बी उपाध्याय ने बताया कि बार्डर पर गश्त के दौरान जवानों को दो साइकिल व चार बंडल कपड़ा लावारिस हालत में बरामद हुआ, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग के सिपुर्द कर दिया गया। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित भेजा गया जेल

**जासं, नौतनवा** : दुष्कर्म के वांछित आरोपित को पुलिस ने शनिवार को गोरखपुर के कौड़ीराम से हिरासत में लिया था। रविवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि नौतनवा थाना क्षेत्र की एक युवती का अश्लील वीडियो बनाकर युवक ब्लैक मेल करने लगा। उसके ऊपर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए युवती के पिता ने थाने में तहरीर दी थी। आरोपित युवक करण सिंह निवासी बरदहा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही थी।

# पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**जासं दूधीवारी:** दोषी पुलिस पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर अनिल जायसवाल की भूख हड़ताल रविवार को दूसरे दिन भी जारी रही। उन्होंने कहा कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज व सिपाही ने 14 मार्च को लक्ष्मीपुर गांव निवासी अनिल कुमार जायसवाल को निचलौल से दो बोरी खाद लाते समय रास्ते में रोककर मारने पीटने लगे थे। संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई होता न देख पीड़ित किसान लक्ष्मीपुर पुलिस चौकी के समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। देवेन्द्र, सोनू, कन्हैया जायसवाल, सुभाष गुप्ता, संजय गुप्ता, विक्रम यादव, मृत्युंजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चस्पा किया कुर्की का नोटिस

**जासं, नौतनवा** : नकली सोना बिक्री करने के वांछित की तलाश में रविवार को संतकबीर नगर के थाना दुधारा की पुलिस नौतनवा पहुंची। स्थानीय थाना पुलिस की मदद से आरोपित युवक के घर अड्डा बाजार में कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

दुधारा थाने के उपनिरीक्षक बीएन श्रीवास्तव ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अमवा गांव निवासी आरोपित सरवरे आलम के घर नोटिस चस्पा किया गया है। साथ ही आसपास के लोगों को मुनादी के माध्यम से जानकारी दी गई है। सरवरे आलम के विरुद्ध दुधारा में गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई हुई है।

# हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज, जांच में जुटीं टीमें

**जासं, महराजगंज**: धनेवा-धनेई टोला मंगलपुर में शनिवार की रात 14 वर्षीय किशोर किशन कुमार गुप्ता की गला काटकर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी व स्वाट टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। उधर घायल किशन कुमार का गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है। रविवार की सुबह एसपी डा.कौस्तुभ ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले के अविलंब पर्दाफाश का निर्देश दिया।

शहर के शास्त्रीनगर निवासी शेषनाथ गुप्ता का छोटा पुत्र किशन कुमार गुप्ता शहर के ही एक स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। बड़े भाई गोपाल के मुताबिक शनिवार की शाम सात बजे वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा, करीब 11 बजे धनेवा-धनेई में उसके ऊपर हमले की सूचना मिली, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल और वहां से गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में रविवार की सुबह होश आने के बाद पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, कि रात में किशन मंगलपुर की तरफ कैसे और किसलिए गया था। घटना में शक की सुई तीन तरफ घूम रही है। या तो किशन को किसी ने मिलने के लिए बुलाया था या फिर वह मित्रों के साथ गया था।

एसपी ने बताया कि किशन गुप्ता के बड़े भाई गोपाल की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छह विद्युतकर्मियों पर मुकदमा, तीन का चालान

- राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर भिटौली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- पूर्व में दर्ज मुकदमे में तीन कर्मचारियों का कोतवाली पुलिस ने किया चालान

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** विद्युत व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने के मामले में रविवार को भिटौली पुलिस ने भी छह विद्युतकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा की तहरीर पर की गई है। इधर कोतवाली पुलिस ने पूर्व में दर्ज मुकदमे के आधार पर तीन विद्युतकर्मियों के विरुद्ध शांतिभंग की धारा में कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस ने विद्युतकर्मी मनीष गौतम, रविंद्र और अनिल कुमार को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में कार्रवाई करते हुए चालान किया है। वहीं भिटौली थाने में विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारी निलांबुज उर्फ नंदन सिंह, अभय वर्मा, बृजेश गोंड, मोहम्मद नबीउल्लाह, लालमन गुप्ता और द्वारिका प्रसाद उर्फ श्रीराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं का प्रदर्शन**: नौतनवा : विद्युत उपकेंद्र नौतनवा में उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन किया। भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में रविवार को बिजली विभाग के विरोध में नारेबाजी की गई। चेतावनी दी गई कि यदि 24 घंटे के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो विद्युत अधिकारियों का पुतला जलाया जाएगा।

भाजपा नेता ने कहा कि विद्युतकर्मी हड़ताल के नाम पर व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। जनता कटौती से त्रस्त हो गई है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। पेय जल संकट उत्पन्न हो गया है। अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश होना पड़ रहा है। लोगों ने एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र को पत्रक सौंपकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की।

इस दौरान संतोष अग्रहरी, सीताराम लोहिया, विशाल मद्धेशिया, किशन मद्धेशिया, मनोहर मद्धेशिया, रविंद्र जा, अनिल श्रीवास्तव, दिनेश वर्मा, अमन आनंद मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि व्यवस्था में सुधार के प्रयास किया जा रहा है।

# सात माह के बेटे को रास्ते में छोड़कर चली गई मां

**जासं, परतावल** : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के धरमौली नहर पुल पर रविवार की शाम लगभग 5.30 बजे एक महिला अपने सात माह के बेटे को छोड़ कर कहीं चली गई। परतावल पुलिस ने बच्चे को परतावल चौकी लाकर पहचान करा कर बच्चे को उसके स्वजन को सुपुर्द किया।

रविवार को शाम थाना क्षेत्र के धरमौली नहर पुल के पास बच्चे के रोने की सूचना परतावल पुलिस को ग्रामीणों ने दी। मौके पर पहुंची पुलिस बच्चे को ले आई तथा इंटरनेट मीडिया ग्रुप में फोटो डालकर स्वजन की तलाश करने लगी। इसी बीच राहगीरों की सूचना पर कप्तानगंज की तरफ जा रही बच्चे की मां को पकड़कर पुलिस परतावल चौकी पर ले आई। चौकी प्रभारी प्रिंस कुमार का कहना है कि बच्चे को उसकी मां सोनमती के साथ ही उसकी दादी इंगलेश राजभर को सौंप दिया गया है।



परतावल में सात माह के बच्चे को स्वजन को सुपुर्द करती परतावल पुलिस ●जागरण

# कापीराइट एक्ट में चार दुकानदारों पर मुकदमा

**जासं, नौतनवा**: कापीराइट के मामले में शनिवार शाम एक निजी कंपनी की टीम दिल्ली से नौतनवा पहुंची। दर्जनों दुकानों पर जाकर जानकारी हासिल की तो चार दुकानों पर फर्जी तरीके से कंपनी का नाम लगा नोजल (पाइप का लीकेज बंद करने वाला तरल पदार्थ) पाया गया। कंपनी के प्रतिनिधि ने पुलिस से इसकी शिकायत की।

कंपनी के मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने नौतनवा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी कंपनी के नाम से कुछ दुकानदार फर्जी तरीके से सामान की बिक्री कर रहे हैं। नौतनवा कस्बे में हार्डवेयर की दो दर्जन से अधिक दुकानों पर जांच की गई, जिसमें नोजल पकड़ा गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र सिंह की तहरीर पर शिवम, शब्बीर, अशोक व गौरव के विरुद्ध कापीराइट एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चार के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**नौतनवां।** नगर में पंप सेट इंजन का डुप्लीकेट नॉजिल एलिमेंट बेचने के आरोप में कंपनी के कर्मचारी की तहरीर पर नौतनवां पुलिस ने चार दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के मुताबिक, नौतनवां कस्बा में इंजन के पार्ट-पुर्जे की कुछ दुकानों पर एक कंपनी का लेबल लगाकर डुप्लीकेट नॉजिल तथा एलिमेंट बेचा जा रहा था। दिल्ली निवासी कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने तहरीर देकर बताया कि कंपनी का लेबल लगाकर नौतनवां कस्बा में चार दुकानों पर डुप्लीकेट नॉजिल तथा एलिमेंट बेचा जा रहा है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि डुप्लीकेट नॉजिल एलिमेंट बरामद होने पर आरोपी शिवम, शब्बीर, अशोक तथा गौरव निवासी नौतनवां के खिलाफ कॉपी राइट अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। संवाद

# मारपीट में पांच व्यक्तियों पर केस

**मिठौरा।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र की ग्रामसभा मोरवन में रविवार को उलाहना देने गए व्यक्ति से गांव के लोगों ने मारपीट की। मोरवन निवासी पीड़ित रामआसरे ने रविवार को सिंदुरिया थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह वह गांव के ही जगदंबा के घर किसी बात को लेकर उलहना देने गए तो जगदंबा के परिवार के लोग लाठी-डंडे से लैस होकर गाली गुप्ता देते हुए मार-पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सिन्दुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि आरोपी मोरवन निवासी बजरंगी, जगदम्बा, जगदीश, सचिन, अमन के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# चौकी इंचार्ज समेत सिपाही निलंबित

**नौतनवां।** अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी युवक को बगैर सूचना के गिरफ्तार करने पर चौकी प्रभारी विजय कुमार द्विवेदी, सिपाही राधेश्याम सिंह, अजय कुमार को निलंबित कर दिया गया है। यहां की पुलिस एक कंपनी के कैशियर को बगैर सूचना के गिरफ्तार करने गोरखपुर जिले के कौड़ीराम कस्बे में पहुंची थी। मामले की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कार्रवाई की। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-03-2023

# मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** मार्ग दुर्घटना में गम्भीर रूप से जख्मी हुए एक व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानाक्षेत्र के गंगऊपुर पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार मोटरसाईकिल संख्या यूपी 51 एन 4709 के चालक ने लापरवाही पूर्वक आकर रामश्रय को ठोकर मार दिया। जिससे रामश्रय गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर इलाज के दौरान घायल की मौत हो गयी। मामले में मृतक के पुत्र विनोद पुत्र रामाश्रय ग्राम रामजंगला थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वांछित चोर गिरफ्तार

**बस्ती ।** चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक चोर को मुण्डेरवा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। जिसके विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना मुण्डेरवा पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा धारा 475, 380, 411 आईपीसी व धारा 475, 380, 411 आईपीसी तथा धारा 475, 380, 411 आईपीसी से सम्बंधित अभियुक्त विजय गोड पुत्र बैजू गोंड को थाना मुण्डेरवा अंतर्गत गोदमवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा, थाना मुण्डेरवा, प्रभारी स्वाट उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रसाद सर्विलांस सेल शामिल रहे।

# ताला तोड़कर कम्पोजिट विद्यालय में चोरी, मुकदमा

**बस्ती ।** ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने कम्पोजिट विद्यालय के अन्दर से सामानों की चोरी कर ले गये। मामले की जानकारी होने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सुपेलवा स्थत कम्पोजिट विद्यालय को बीती रात चोरो ने निशाना बनाया और ताला तोड़कर अन्दर किचन से दो सोलर उपकरण, आरो, चार टोटी, बच्चो की थाली व अन्य सामान चोरी कर उठा ले गये। मामले में प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय सुपेलवा हेमलता त्रिपाठी पत्नी गिरीश मणि त्रिपाठी निवासी बेलवाडाडी थाना कोतवाली की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दामाद ने ससुर व साले को पीटा, मुकदमा

**बस्ती।** एक व्यक्ति व उसके बेटे को दामाद द्वारा घर पर आकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दामाद पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के खजवा निवासी घनश्याम के दामाद पंकज उर्फ गोल्डी उनके घर पर आकर किसी बात को लेकर गालियां दे रहा था। जिसे मना करने पर घनश्याम की पिटाई करने लगा। बीच बचाव में आये बेटे श्रवण को भी मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित घनश्याम पुत्र राम उग्रह निवासी खजवा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दामाद पंकज उर्फ गोल्डी पुत्र विश्राम निवासी गोबरहिया थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**हर्रैया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अमीनडीह निवासी राम महेश यादव पुत्र हृदय राम यादव के दरवाजे पर बंधी भैंस के ऊपर हाई टेंशन तार गिर जाने से उसकी मौत हो गयी। भैंस को बचाने में राम महेश भी झुलस गए। गम्भीर हालत में उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा मवेशी का पोस्टमार्टम किया गया।

# दो वारंटी समेत आठ गिरफ्तार

**बस्ती ।** थाना वाल्टरगंज पुलिस द्वारा दो वारण्टी सहित आधा दर्जन लोगो को शांति एवं कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरूद्ध थाने पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा गया है। थाना वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा थाने में धारा 323, 504 ,506, 427 आईपीसी व 3(1)द,ध ,3(2)(वी)ए एससी एसटी एक्ट से संबंधित रामदीन गौड़ व विरेन्द्र गौड़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार से क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था के ष्टिगत दिनेश सिंह पुत्र राजमंगल सिंह, अजय कुमार पुत्र छ्टठी लाल, विजय प्रकाश चौधरी, जयप्रकाश पुत्रगण मगरू निवासीगण भरौली बाबू, श्याम बिहारी चौधरी पुत्र पंचम व आकाश चौधरी पुत्र श्याम सुन्दर निवासीगण श्रीपालपुर टोला बडा बढया थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार कर धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी में पाबन्द करते हुए नियमानुसार कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश कुमार, उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, उप निरीक्षक राधेश्याम त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी रामबदन यादव, आरक्षी जितेन्द्र शाह, आरक्षी शुभम चौधरी, आरक्षी रोहित यादव, आरक्षी धर्मेन्द्र यादव, आरक्षी हरिशंकर यादव थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

# तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे बिजली कर्मी

**बस्ती (एसएनबी)।** मांगो को लेकर बिजली कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के कर्मचारी लगातार तीसरे दिन भी धरने पर जमे रहे। प्रशासन के लाख कोशिशो के बाद भी जिले के नब्बे प्रतिशत से अधिक क्षेत्रो में विद्युत व्यवस्था देर शाम तक बहाल नही हो पायी। हलांकि जिला प्रशासन ने कई बिजली कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश भी जारी किये है।

अपनी मांगो को लेकर धरना दे रहे बिजली कर्मचारियों का हौसला जिला प्रशासन अपने तमाम कोशिशो के बाद भी रविवार को नही तोड़ पाया। हलांकि हड़ताल समाप्त करने की घोषणा प्रान्तीय पदाधिकारियों ने कर तो दी बावजूद इसके पुख्ता आश्वासन के लिए देर शाम तक बिजली कर्मी धरना देकर कार्य बहिष्कार में शामिल रहे। तो वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन के दबाव के बाद ब्राड कास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेन्स इण्डिया लिमिटेड के प्रोजेक्ट इंचार्ज परेश कुमार कंसारा ने जिले के अमहट, मालवीय रोड, बहादुरपुर, बानपुर, दुबौला, कलवारी, कप्तानगंज,

**57 बिजली कर्मियों हुए बर्खास्त, बिजली न मिलने से सड़को पर उतरे ग्रामीण**

रूधौली, बनकटी, गिदही, महसो, बभनान, छावनी, हर्रैया, मखौड़ा, श्रृगीनारी, विक्रमजोत व एकडेगवा विद्युत शक्ति केन्द्रो पर तैनात कुल 57 कर्मचारियों की सेवाएं बर्खास्त करने के नोटिस जारी करते हुए कर्मचारियों पर दबाव बनाने की कोशिश की मगर सेवा प्रदाता कम्पनी कय यह शख्त रवैया भी बिजली कर्मचारियों के आन्दोलन को दबा न सका। नतीजा रहा कि शहर कई वार्डो से लेकर जिले के चारो तहसीलो के करीब 90 प्रतिशत गांवो में पैसठ घण्टे से अधिक समय तक बिजली की आपूर्ति बहाल न होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश रहे। हलांकि देर शाम हड़ताल स्थगित होने की सूचनाएं तो आयी लेकिन कर्मी ठोस मुहायदे के बिना धरने से उठने को तैयार नही थे। जिसे लेकर जिला प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी। तो वहीं बिजली न आने से कुदरहा क्षेत्र के लोगो के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने बानपुर फीडर से सप्लाई न मिलने के कारण आक्रोशित होकर सड़को पर उतर आये। ग्रामीणो को समझाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। घण्टो मान मनौवल के बाद ग्रामीण माने तब जाकर मामला शान्त हुआ जिसके बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नगर बाजार ।** आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में वांछित अभियुक्त को थाना लालगंज पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस अभिरक्षा में कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है। लालगंज पुलिस द्वारा थाना लालगंज पर पंजीत धारा 306 आईपीसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जोखू चौहान पुत्र राम बुझारत निवासी बसौढी थाना लालगंज को ग्राम बसौढ़ी अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक राम भवन प्रजापति, आरक्षी विजय कुमार यादव थाना लालगंज शामिल रहे।

# जाली नोट छापने वाले गिरोह के तीन गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी) ।** गिरोह बनाकर जाली नोट छापने का कार्य कर रहे तीन अभियुक्तो को जिले की मुण्डेरवा व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभिुक्तो के पास से नकदी सहित बाइक, आधार कार्ड तथा अन्य सामान बरामद हुए। इस सम्बन्ध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तीनो को जेल भेजा गया है।



पुलिस के गिरफ्त में आरोपी। फोटो : एसएनबी

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो की रोक थाम हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना मुण्डेरवा व प्रभारी स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान धारा 419, 420, 467, 468, 471, 401, 120बी आईपीसी व 325 आर्म्स एक्ट थाना मुण्डेरवा से संबंधित गिरोह बनाकर जाली नोट के नाम पर धन्धा करने वाले पवन पाण्डेय पुत्र सरजू पाण्डेय निवासी घटरमहाँ थाना कोतवाली खलीलाबाद, भुवन चन्द चौधरी पुत्र जगराम चौधरी निवासी ग्राम खन्ता ससना थाना मुण्डेरवा, अशोक कुमार मौर्या पुत्र ढुनमुन मौर्या निवासी बुधनी बाजार जलालपुर थाना खोडारे जनपद गोण्डा को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार करते हुए उनके पास से दो कूटरचित आधार कार्ड, एक कट्टा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3 मोबाइल फोन, एक जोडी बेल्ट सहित होमगार्ड की वर्दी, एक मोटर साइकिल, 5400 रूपये नगद, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा अरविन्द कुमार शाही, प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी, उप निरीक्षक कन्हैया पाण्डेय, मुख्य आरक्षी सुधीर शर्मा स्वाट टीम, मुख्य आरक्षी राकेश यादव, जनार्दन प्रसाद, सर्विलांस सेल, आरक्षी अंगद यादव, रमेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, किशन सिंह, धीरज यादव, अरविन्द यादव शामिल रहे।

# यंत्रो को क्षति पहुंचाने पर बिजली कर्मियों पर केस

**बस्ती(एसएनबी)।** विद्युत उप केन्द्र पर यन्त्रो के साथ छेड़छाड़ करने तथा विद्युत तारो को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में मुण्डेरवा पुलिस ने तीन नामजद तथा कुछ अज्ञात विजली कर्मचारियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कार्यवाही शासन द्वारा नामित नोडल मजिस्ट्रेट की शिकायत पर की गयी है।

मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के 33४11 केबी विद्युत उपकेन्द्र ओड़वारा में विजली कर्मचारियों द्वारा विद्युत यन्त्रो के साथ छेड़छाड़ कर खराब कर दिया गया तथा कई जगहो पर विद्युत तार को काट कर विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित किया गया। जिससे राजकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा तथा लोक हित प्रभावित हुआ। मामले में अजय कुमार अवर अभियान्ता विकास खण्ड बहादुरपुर नोडल मजिस्ट्रेल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विद्युत कर्मचारी विजय कुमार, प्रेम चन्द मिश्रा, बेलाल अहमद टीजी 2 तथा कुछ अज्ञात के विरूद्ध धारा 186, 427 आईपीसी व धारा 2४3 सार्वजनिक सम्पत्ती क्षति निवारण अधिनियम व धारा 139 विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवायी की गयी है।

गौर थाना क्षेत्र के बभनान की थी मृतका, जांच में जुटी पुलिस

# रेलवे ट्रैक पर मिली किशोरी की लाश, किशोर को बचाया

**छानबीन**

**बभनान (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** बभनान-गौर रेलवे स्टेशन के बीच पैकोलिया थाना क्षेत्र के गढ़हादलथ्महन गांव के पास रविवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर एक किशोरी की लाश मिली। बताया जा रहा है कि वह एक किशोर के साथ ट्रेन से कटकर जाने देने पहुंची थी। तभी किशोर के परिजन वहां आ गए और उसे बचा लिया। इस दौरान ट्रेन आ जाने से किशोरी की कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पैकोलिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रविवार की सुबह करीब दस बजे बभनान-गौर रेलवे स्टेशन के बीच पैकोलिया थाना क्षेत्र के गढ़हादलथ्महन गांव के करीब किलोमीटर संख्या 596/4 के पास डाउन लाइन के किनारे एक पन्द्रह वर्षीय किशोरी का शव स्थानीय लोगों ने देखा। कुछ ही देर में जंगल में आग की तरह खबर इलाके में फैल गई। दर्जनों लोग मौके पर जुट गए। करीब एक घंटे के बाद ग्रामीणों के प्रयास से मृतका की शिनाख्त हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक किशोरी गौर थाना क्षेत्र के बभनान कस्बे के एक वार्ड की रहने वाली थी। सत्रह वर्षीय किशोर भी उसी वार्ड का रहने वाला था।



बभनान-गौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई। मामले की जांच करने पहुंचे पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

ग्रामीणों में चर्चा है कि दोनों सुबह मौत को गले लगाने के लिए रेलवे लाइन की तरफ निकले थे। इसकी भनक किशोर के घर वालों को हुई तो उसके परिजन उसे पकड़कर घर लेकर चले गए। इसी बीच डाउन लाइन से आई किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी होने पर आरपीएफ बभनान व पैकोलिया पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष पैकोलिया योगेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। बेटी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दामाद पर ससुर ने दर्ज कराया केस

बस्ती। पुरानी बस्ती थाने पर तहरीर देकर खजवा के घनश्याम ने आरोप लगाया है कि उनके दामाद पंकज उर्फ गोल्डी ने शनिवार को घर आकर उन्हें अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट करने लगे। पुलिस ने इसी थाने के गोबरहिया निवासी पंकज उर्फ गोल्डी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बुलडोजर लेकर उपकेंद्र पहुंचे उपभोक्ता

**सड़क जाम**

- शंकरपुर उपकेंद्र के सामने गुस्से में ग्रामीणों ने लगाया जाम
- पिछले चार दिन से उपकेंद्र से बिजली की आपूर्ति चल रही ठप

**कुदरहा, हिन्दुस्तान संवाद।** रामजानकी मार्ग पर रविवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बुलडोजर लेकर शंकरपुर उपकेंद्र पहुंच गए और उन्होंने रामजानकारी मार्ग को जाम कर दिया। पिछले चार दिन से उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति ठप है। इससे ग्रामीणों का गुस्सा उबाल खा गया। सूचना पर धरना स्थल पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुदरहा अरविंद यादव ने नाराज ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह जाम समाप्त कराया।

कुदरहा चौराहे पर ग्रामीणों ने सुबह लगभग 10:30 बजे मार्ग जाम कर दिया, जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। लगभग एक घंटे तक जाम लगा रहा। पिछले चार दिनों से शंकरपुर उपकेंद्र से जुड़े गांवों में बिजली न होने से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया था। उन्होंने जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि



बुलडोजर के साथ मार्ग जाम करते नाराज ग्रामीण उपभोक्ता। • हिन्दुस्तान

अब उनका मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहा है। बिजली के बिना घर से लेकर व्यवसाय तक की सारी व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई मुश्किल हो गई है। वहां पर धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती जा रही थी। लोग बुल्डोजर के साथ किए जा रहे मार्ग जाम को कौतूहल भरी नजरों से देख रहे थे। पुलिस को नाराज उपभोक्ताओं को मनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर रविवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होती है तो चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी, इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग व प्रशासन की होगी। सुमित शुक्ला, दिवाकर चौधरी, शैलेश शुक्ला, अनिल गुप्ता, शत्रुघन, राजू अग्रहरी, सद्दाम अंसारी, मुकेश जयसवाल सहित अन्य ग्रामीण विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

# महिला की हत्या मामले में कई पहलुओं पर जांच

- गांव के कुछ लोगों से महिला का चल रहा था भूमि विवाद
- घटना के बाद से गांव से गायब लोग भी पुलिस की रडार पर

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** रुधौली थाने के सेमरा गांव में 50 वर्षीय महिला की नृशंस हत्या की घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। घटनाक्रम को लेकर पुलिस जांच में कई अहम बातें सामने आई हैं। पुलिस अब इन बिन्दुओं पर तफ्तीश कर घटना की असल वजह तलाशने में जुटी है। पीएम रिपोर्ट से भी कुछ जानकारियां पुलिस के हाथ लग सकेंगी। मसलन 24 घंटे से गायब इलायची की हत्या शव बरामदगी के कितने पहले की गई और किस प्रकार के हथियार का प्रयोग किया गया।



घटनास्थल पर छानबीन करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी, सीओ व अन्य पुलिस अधिकारी। • हिन्दुस्तान

पुलिस के अनुसार इलायची देवी का शव उनके गायब होने के करीब 24 घंटे बाद मिला। लेकिन इस अवधि में घरवालों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। शव घर से करीब तीन-चार सौ मीटर की दूरी पर उनके ही सरसो के खेत में मिला। उनके गायब होने के बाद हुई खोजबीन के दौरान शव अगर खेत में नहीं था, तो शव को यहां पर लाकर ठिकाने लगाए जाने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। घर से थोड़ी दूर पर ही घटना को अंजाम दिया गया और किसी को कुछ भी पता न होना भी पुलिस को खटक रहा है।

दूसरी तरफ पूछताछ में इलाचयी देवी का गांव के ही कुछ लोगों से भूमि विवाद होने की भी बात सामने आ रही है, लिहाजा पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। घटना के दौरान गांव से गायब लोगों को भी रडार पर लेकर छानबीन की जा रही है। उनके बाहर जाने के कारणों की सत्यता का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि घटना की वजह तक पहुंचने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही बिखरी कड़ियों को जोड़कर हत्यारे को गिरफ्त में ले लिया जाएगा।

**मोबाइल चार्ज होता तो मिलती मदद:** मृतका इलायची देवी मोबाइल का इस्तेमाल करती थीं। लेकिन बिजली कर्मियों की हड़ताल के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित थी और उनके घर इन्वर्टर भी नहीं था। लिहाजा उनका मोबाइल डिस्चार्ज हो गया था। ऐसे में अगर उनका फोन चार्ज होता तो उसकी मदद से पुलिस को उनकी लास्ट लोकेशन के साथ ही घटनाक्रम के पहले मोबाइल का प्रयोग होने से कुछ अहम सुराग मिल सकते थे।

# किशोरी लापता, मुकदमा

**बस्ती :** कलवारी पुलिस ने रहस्यमय ढंग से किशोरी के लापता होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। 15 वर्षीय पीड़िता की मां ने बताया है कि उनकी बेटी 16 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे किताब खरीदने के लिए घर से निकली थी। (जासं)

# गला रेतकर महिला की हत्या

## शव के पास से हंसिया व ईंट के टुकड़े बरामद, अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती :** रुधौली थानाक्षेत्र के सेमरा गांव में रविवार की सुबह सरसों के खेत में 50 वर्षीय महिला का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। शव देखने से लग रहा था कि किसी ने गला रेत कर हत्या करने के बाद शव फेंक दिया। दाएं हाथ की चार अंगुली भी कटी हुई थी। पुलिस ने शव के पास से हंसिया व ईंट के टुकड़े बरामद किया है।



इलाइची देवी
फाइल फोटो

मौके पर पहुंचे एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ रुधौली प्रीति खरवार के साथ एसएचओ संजय कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने भी छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

थानाक्षेत्र के सेमरा गांव निवासी 50 वर्षीय इलायची देवी के पति रामललित यादव दुबई में रहकर नौकरी करते हैं। उनके तीन बेटे हैं, जिनमें सबसे छोटा राजकुमार मां की देखभाल के लिए गांव में साथ रहता था। जबकि दो अन्य बेटे गुजरात में रहकर कामकाज करते हैं। इलायची देवी शनिवार को भी पशुओं के चारा के लिए सुबह नौ बजे घर से सरसों के खेत में घास काटने के लिए निकली थी। शाम तक न लौटने पर उनके बेटे राजकुमार ने खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद भी कुछ नहीं पता चला। रविवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीण गांव के बाहर खेत की तरफ घूमने निकले तो देखा कि इलायची देवी का शव सरसों के खेत में खून से लथपथ पड़ा है। उनका गला धारदार हथियार से रेता गया था। दाहिने हाथ की चार अंगुली भी कटी हुई थी। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनाक्रम से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी व अन्य ● जागरण

- सेमरा गांव में रविवार की सुबह सरसों के खेत में मिला शव
- शनिवार से गायब थी महिला, छानबीन में जुटी पुलिस

### धारदार हथियार से मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** अमारी बाजार निवासी बब्लू वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विवाद को लेकर विपक्षी ने उन्हें धारदार हथियार से मारापीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पूर्व प्रधान बरखू निवासी पूरे बेचू पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस एकादश ने साड़पुर को हराकर बना चैंपियन

## क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता टीम को एक लाख व उपविजेता को 51 हजार रुपये से किया गया सम्मानित

**जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्ती :** मखौड़ा मनवर महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन फाइनल मैच का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि गौंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह ने फीता काट कर किया। फाइनल मैच में मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। मंच से सांसद हरीश द्विवेदी, सीओ शेषमणि उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह व छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने फाइनल मैच का पूरा लुत्फ उठाया। खिलाड़ियों का खूब उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में पुलिस एकादश टीम ने साड़पुर को हराकर चैंपियन बनी। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने विजेता टीम को एक लाख रुपये व उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुलिस एकादश के रवि यादव ने 12 छक्कों की बदौलत 81 रन बनाए। टीम ने कुल 176 रनों का पहाड़ सा स्कोर खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में साड़पुर की टीम ओपनर बल्लेबाज रजत शर्मा ने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर पहला छक्का जड़कर टीम का खाता खोला। पहले ओवर में 15 रन बने। तीसरे ओवर में कामरान खान 28 रन बनाकर आउट हो गए। चौथे ओवर में विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। लेकिन पांचवें ओवर में चार छक्का व दो चौके लगने से टीम फिर से फार्म में आ गई। इसके बाद टीम लगातार विकेट गिरने से दबाव में आ गई। टीम छह विकेट पर 149 रन ही बना सकी। पुलिस एकादश ने 27 रन से चैंपियन बनी। विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है, उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है।



क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम पुलिस एकादश के खिलाड़ी खुशी मनाते हुए ● जागरण

इससे पहले सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में पुलिस एकादश व त्रिलोकपुर के बीच कड़ा मैच खेला गया। पुलिस एकादश के कप्तान सुरपति त्रिपाठी ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। त्रिलोकपुर टीम दो ओवर में दो विकेट गंवा दिए। टीम 12 ओवर में 108 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में पुलिस एकादश टीम के बल्लेबाज मोनू ने बल्लेबाजी करते हुए दसवें ओवर में आठ विकेट से मैच जीत लिया। उन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। जिसमें 27 गेंदों पर 69 रन बनाए।

दूसरा मैच मुरादीपुर बनाम साड़पुर के बीच खेला गया। मुरादीपुर टीम कप्तान वरुण सिंह ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते उतरी टीम 123 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में साड़पुर की टीम ने एक विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। पुलिस एकादश टीम के रवि यादव मैन ऑफ द मैच व सीरीज दिया गया। टीम के अंकित चौधरी को शतक लगाने पर गोल्डन क्रिकेट का अवार्ड दिया गया। प्रमुख केके सिंह, पप्पू सिंह, पूर्व प्रमुख योगेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी रामललित पांडेय, पप्पू सिंह, रामबक्स सिंह, मुन्ना सिंह प्रधान आदि थे।



बाद नई कोशिकाओं का निर्माण

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति गिरफ्तार

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार, आरोपी जोखू चौहान निवासी बसौढ़ी थाना लालगंज को रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

एक वर्ष पूर्व विषाक्त पदार्थ खाने से उसकी 38 वर्षीय पत्नी मालती की मौत हुई थी। पति जोखू चौहान ने संतकबीरनगर के सिकटहा के एक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी। केस दर्ज नहीं हुआ तो वह कोर्ट गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया। एसओ महेश सिंह के मुताबिक, तफ्तीश में मृतका का पति जोखू ही आरोपी पाया गया। उसे गिरफ्तार किया गया। संवाद

# पुलिस एकादश का ट्रॉफी पर कब्जा

## क्रिकेट टूर्नामेंट में सांड़पुर की टीम को हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैया।** बीआरसी मैदान पर रविवार को मखौड़ा मनवर महोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीत कर पुलिस एकादश की टीम ने सांड़पुर को 27 रनों से हराकर ट्रॉफी व एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम कर ली। सांसद हरीश द्विवेदी ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। रवि यादव को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

फाइनल में सांड़पुर के कप्तान अंकुर सिंह ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। पुलिस एकादश की तरफ से रवि यादव व मोनू पारी की शुरुआत करने उतरे। रवि ने कामरान खान के पहले ही ओवर में तीन छक्के जड़कर टीम को जोरदार शुरुआत दी।

रवि ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों में 12 छक्कों व दो चौकों की मदद से 91 रन बनाए। मोनू ने 21 रन की पारी खेली। पुलिस एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 176 रन बनाए। सांड़पुर के अंकुर ने दो विकेट लिए।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। संवाद

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सांड़पुर की टीम की शुरुआत खराब रही और उसके प्रमुख बल्लेबाज रजत केवल तीन रन बनाकर रन आउट हो गए। कामरान ने तीन छक्के लगाए मगर वह भी जल्द ही 18 रना बनाकर चलता बने। चंचल सिंह ने सात छक्के लगाकर सांड़पुर की टीम को लगे शुरुआती झटकों से उबारने की कोशिश की मगर वह 49 रन बनाकर आउट हो गए।

इसके बाद बैटिंग करने उतरे गेल ने 5 छक्के जड़कर मैच में रोमांच बनाए रखा। अंतिम के दो ओवरों में नियाज व सत्य प्रकाश ने कसी हुई गेंदबाजी कर जीत दिला दी।

रवि यादव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा मैन ऑफ द मैच चुना गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अंकित चौधरी को मिला।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-03-2023

# त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

भनवापुर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

त्रिलोकपुर थाना के परिसर मे पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने किया । आगामी त्यौहारों को सौहार्द एंव शान्ति पूर्वक मनाए जाने हेतू त्रिलोकपूर सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व मे हिन्दू धर्म व मुस्लिम धर्म के धर्म गुरुओं, क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति व ग्राम प्रधानों की उपस्थिति मे पीस कमेटी की बैठक रविवार को दोपहर बाद मीटिंग आयोजित कर आगामी त्यौहार राम नवमी, व रमजान महीने को लेकर आने वाली समस्याओं के बारे मे समस्त उपस्थिति लोगों से पूछा गया कि किसी के द्वारा किसी प्रकार की समस्या हो बताए जाएं ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। उच्चअधिकारी गण के द्वारा दिए गए आदेशों को अवगत कराया गया तथा अपील की गई कि त्यौहार को सकुशल शान्ति पूर्वक संपन्न कराने मे पुलिस का विशेष रुप से सहयोग करे जिससे सामाजिक सौहार्द व भाई चारा बना रहे। इस मौके पर बिजोरा चौकी प्रभारी पप्पू कुमार, उपनिरिक्षक, प्रमोद कुमार पांडेय, राम प्रताप सिंह, हेड कन्स्टेबल इंद्र जीत यादव, सज्जाद अंसारी, राकेश तिवारी, पंकज सिंह राजनारायण यादव, अमर नाथ, पवन मौर्य, कुंज विहारी तिवारी, क्षेत्र के सम्मानित गण चंद भान चौधरी, अरुण मिश्रा, तपसीर अली, बक्सुल्लाह, बब्लू चौधरी, विजय पाल चतुर्वेदी, इरशाद खां, अवैदुल्लाह, रामदीन, सहीदुल्लाह , प्रभा कर पांडेय आदि लोग लोग मौजूद थे।

**हिन्दुस्तान**

# जिले की 13 महिलाओं को मिला सुषमा स्वराज सम्मान

**आयोजन**

- भाजपा महिला मोर्चा जिला इकाई के तत्वावधान में हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम
- समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मान



रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा की ओर से आयोजित सुषमा स्वराज सम्मान समारोह में सम्मानित महिलाएं। • हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। भाजपा महिला मोर्चा जिला इकाई के तत्वावधान में सुषमा स्वराज सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 13 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को महिला मोर्चा की ओर से आयोजित सुषमा स्वराज सम्मान में सामाजिक के साथ अन्य अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. प्रीती शुक्ला, कुमारी मोनी वर्मा, महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, कमला देवी, रागिनी देवी, रेनू , शोभा देवी, सरिता देवी, प्रमिला , संगीता, निशा, अनीता शामिल थी। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि स्व. सुषमा स्वराज महिलाओं की प्रेरणा स्रोत रही हैं। उनके नाम से 13 महिलाओं को अवॉर्ड दिए गए। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अरूण मिश्रा ने कहा कि भाजपा का मकसद बेटियों को देश के अग्रणी भूमिका में लाना है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर राष्ट्रपति के पद पर भी एक महिला ही आसीन है। देश मे बेटियों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला उपाध्यक्ष माधुरी सोनी कहा कि इस अभियान को सशक्त बनाने को सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सरोज शुक्ला, जिला महामंत्री अनुपमा सिंह, गुड़िया, संगीता, गायत्री, तनुजा आदि की उपस्थिति रही।

# थाने पर त्यौहारों को लेकर हुई बैठक

डुमरियागंज/शाहपुर(एसएनबी) ।डुमरियागंज थाने में पीस कमेटी की बैठक शाम 5 बजे आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने किया । आगामी त्यौहारों को सौहार्द एंव शान्ति पूर्वक मनाए जाने को लेकर थाना परिसर में हिन्दू व मुस्लिम धर्म के धर्म गुरुओं, क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति व ग्राम प्रधान भी पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित रहे। आगामी त्यौहार राम नवमी, व रमजान महीने को लेकर आने वाली समस्याओं के बारे मे समस्त उपस्थिति लोगों से पूछा गया किसी ने कोई समस्या नही बताई। इस मौके पर हल्लौर ग्राम प्रधान ताकिब रिजवी ने बताया कि यहां सभी शांतिप्रिय लोग हैं रमजान के समय भोर में अजान सुनकर मुस्लिम भाई रोजा रखते हैं और शाम को आजान सुनकर ही रोजा खोलते हैं इसमें सुबह और शाम में आजान का रमजान में बहुत ही महत्व है। वह पंडित राकेश शास्त्री ने कहा कि यहां पर हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है।किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है वही इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना एहसानुल्लाह ने बताया कि इंसानियत सबसे बड़ी चीज है सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाए अगर कोई व्यक्ति किसी के सुख दुख में शामिल नहीं होता है तो वह इंसान नहीं है इसलिए सभी लोग शांति ढंग से त्यौहार मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। थाना अध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के द्वारा उस्थित लोगो को अवगत कराया गया तथा अपील की गई कि त्यौहार को सकुशल शान्ति पूर्वक संपन्न कराने मे पुलिस का विशेष रुप से सहयोग करे जिससे सामाजिक सौहार्द व भाई चारा बना रहे। इस मौके पर सुगंध अग्रहरी, कसीम पाल, मधुसूदन अग्रहरि, पंडित राकेश शास्त्री, शिवम निषाद,मौलाना मकसूद अहमद,अशोक अग्रहरि, मनस्याम पंडित, नरसिंह ब्राबा, रामदेव अग्रहरि, सचिव प्रकाश अग्रहरि,सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, रामप्रकाश जयसवाल, राहुल, पुलिस कर्मी प्रमोद ओझा,राम सिंह,गणेश दत्त मिश्रा,एसआई सतेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।



डुमरियागंज स्थित थाना परिसर में पीस कमेटी की आयोजित बैठक में भाग लेते लोग। फोटो : एसएनबी

हिन्दुस्तान

# सौहार्दपूर्ण मनाएं चैत्र नवरात्र व रमजान का त्योहार

**बैठक**

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। रविवार को इटवा, मिश्रौलिया और त्रिलोकपुर थाने पर चैत्र नवरात्र व रमजान के त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई।

इसमें सभी समुदाय के लोगों से त्योहारों को सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। साथ ही त्योहार में अराजकता करने वालों को न बकसने की हिदायतें भी दी गई। इटवा थाने पर पीस कमेटी के बैठक में एसडीएम कर्मेन्द्र ने कहा कि इस बार नवरात्र और रमजान साथ साथ शुरू हो रहे है। दोनों त्योहारों को सभी आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। इसमें कोई नई परम्परा की शुरुआत न करें। सीओ हरिश्चंद्र ने कहा कि त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। एसएचओ अरविन्द मौर्य, एसआई ओम प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे। मिश्रौलिया थाने पर हुई पीस कमेटी के बैठक में एसएचओ मोती लाल यादव, एसआई हरिराम भारती, विजय गौतम, घनश्याम गुप्त, गोपाल आदि रहे। त्रिलोकपुर थाने पर हुई पीस कमेटी के बैठक में एसएचओ सूर्य प्रकाष सिंह, एसआई प्रमोद कुमार पाण्डेय, राम प्रताप सिंह, पप्पू कुमार, चन्द्र भान, दिनेश मिश्रा, तपस्वी आदि मौजूद रहे।



त्रिलोकपुर थाने पर चैत्र नवरात्र और रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई।

## मिलजुल कर मनाएं त्योहार

डुमरियागंज। थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें कोतवाली प्रभारी विन्देश्वर मणि त्रिपाठी ने कहा कि त्योहार को एक दूसरे समुदाय के लोग मिल जुलकर मनाए तो खुशियां दो गुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अफवाहों से सतर्क रहे। राकेश शास्त्री, मधुसूदन अग्रहरि, राजीव , ताकीब रिजवी, पप्पू आदि रहे।

हिन्दुस्तान

# दो जेई सहित नौ बिजली कर्मियों पर केस

**परसिया उपकेंद्र**

चिल्हिया, हिन्दुस्तान संवाद। चिल्हिया पुलिस ने रविवार को एसडीएम की तहरीर पर परसिया विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता सहित नौ बिजली कर्मियों पर केस दर्ज किया है। इसमें से आठ नामजद व एक अज्ञात पर धारा 29/23 लोक संपत्ति क्षति निवारण एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

एसओ शिवधारी ने बताया कि एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव की तहरीर पर परसिया उपकेंद्र के अवर अभियंता पंकज कुमार, विकास कुमार समेत एसएसओ हीरालाल और शनि राय, लाइनमैन संदीप कुमार, राधेश्याम, अंगद, विरेंद्र सहित एक अज्ञात पर लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# दो एसएसओ समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। इटवा पुलिस ने शनिवार रात उपकेन्द्र इटवा के दो एसएसओ समेत तीन लोगों पर सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नायब तहसीलदार महेश कुमार की तहरीर पर की है।

पुलिस को दिए तहरीर में नायब तहसीलदार ने कहा है कि विद्युत उपकेन्द्र इटवा के एसएसओ राजेश सिंह, विशाल सिंह व एक अन्य कर्मी ने उक्त उपकेन्द्र में विद्युत उपकरणों से छेड़छाड़ कर सब स्टेशन के मशीन/सिस्टम में खराबी उत्पन्न कर दिया है। इसके अतिरिक्त जब प्रशासन की ओर से सिस्टम को सही किया जाता है तो उक्त कर्मियों द्वारा अपने अन्य लाइनमैन को उकसा कर जगह-जगह फाल्ट उत्पन्न किया जा रहा है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विद्युत सेवा राज्य की अनिवार्य सेवाओं में आती है। ऐसे में उक्त अनिवार्य सेवा को बाधित करने के कारण इन कर्मियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों एसएसओ समेत एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्जकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# महिला ने प्रेमी को तमंचा चलाना सिखाकर कराई थी पति की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

## सिद्धार्थनगर जिले का रहने वाला है आरोपी प्रेमी

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना पुलिस ने ई-ब्लाक में 17 दिन पहले हुई पिकअप चालक कपिल चौधरी (43) की हत्या का खुलासा किया है। पत्नी ने ही मोबाइल रिपेयर की दुकान करने वाले सिद्धार्थनगर जिले के 20 वर्षीय प्रेमी अंकुश से पति कपिल की हत्या कराई।

महिला अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती थी, जिसमें कपिल बाधक बन रहा था। हत्या कराने के लिए महिला ने खुद प्रेमी को तमंचा चलाना सिखाया था। वारदात से पूर्व महिला ने पति को नींद की गोलियां खिला दी थी। पुलिस ने आरोपी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी नंदग्राम आलोक दुबे ने बताया कि तीन मार्च को ई-ब्लाक निवासी शिवानी उर्फ सीमा ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके पति कपिल चौधरी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल को अस्पताल पहुंचाया, उपचार के दौरान दिल्ली के जीटीबी अस्पताल उसकी मौत हो गई थी। शिवानी ने बताया था कि आर्थिक तंगी के कारण पति ने खुद को गोली मारी है।

# कमियों को दूर करने के लिए प्रशासन तैयार : एसडीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** किसी भी तरह की कोई कमी आपको महसूस हो रही हो तो प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं। हम कमियों को दूर करने के लिए हमेशा तैयार हैं। रविवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम कर्मेंद्र ने कही।

उन्होंने कहा कि आने वाले चैत्र राम नवमी अथवा रमजान को लेकर साफ-सफाई अथवा अन्य मामले हो। उसे हमें अवगत कराएं, जिससे समय से उसका निस्तारण कराया जा सके।

सीओ हरीशचंद्र ने कहा कि हिन्दू त्योहारों में मुस्लिम समाज का और मुस्लिम समाज के त्योहार में हिन्दू समाज का सहयोग मिले। कोई भी किसान फसल की कटाई के बाद डंठल को नहीं जलाएं। एसओ अरविंद मौर्य ने कहा कि त्योहार में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी, एसआई संजय राय, चंद्रप्रकाश दुबे, परशुराम यादव, सहजराम आदि मौजूद रहे।



इटवा थाने में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम कर्मेंद्र और साथ में उपस्थित सीओ हरिश्चंद्र। संवाद

बिस्कोहर नवरात्र, रामनवमी और रामजान त्योहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर त्रिलोकपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान लोगों से शांति पूर्वक माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। इस दौरान राम मूरत, सेवक, प्रदीप, किशोर कुमार, संतराम मौजूद रहे।

## आपसी सौहार्द के साथ मनाएं चैत्र नवरात्र और रमजान

**डुमरियागंज।** चैत्र नवरात्रि, रामनवमी और रमजान माह को शांति और सकुशल मनाने को लेकर रविवार की शाम डुमरियागंज थाने पर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय से पुलिस ने आपसी भाईचारा, सौहार्द के साथ मिलजुल कर पर्व मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस क्षेत्र का आपसी भाईचारा और सौहार्द पूरे जिले में मशहूर है। इस परंपरा को निभाते हुए आगामी नवरात्र, रामनवमी और पवित्र रमजान को शांति के माहौल में मिलजुल कर मनाएं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष रामदेव गुप्ता, मधुसूदन अग्रहरि, पंडित राकेश शास्त्री, कसीम रिजवी, मौलाना एहसानुल्लाह कासमी आदि मौजूद रहे। संवाद

# पकड़कर छोड़ने के बाद भी एसटीएफ की कयूम पर नजर

## नेपाल के चंद्ररौटा से उठाए गए शख्स को दूसरे दिन एसटीएफ ने छोड़ा, लोटन थाने में रखने की रही चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के चंद्ररौटा से पकड़े गए कयूम अंसारी को एसटीएफ ने छोड़ दिया गया है। उसके माफिया अतीक अहमद के साथ संबंध होने और प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटरों का शरणदाता बताया गया था।

पकड़े जाने के दूसरे दिन बाद ही उसे छोड़ देने पर कई सवाल उठ रहे हैं। नेपाल में चर्चा है कि क्या एसटीएफ ने कोई चूक कर दी या फिर किसी दूसरे कयूम की तलाश थी। हालांकि, पकड़े गए

### उठाए गए शख्स ने नेपाली मीडिया व आमजनों से कुछ भी कहने से किया मना

कयूम ने नेपाली मीडिया और आम लोगों से इस बारे में कुछ भी बोलने से मना कर दिया है।

प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के खिलाफ गवाह उमेश पाल की 24 फरवरी को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में अतीक अहमद के परिवार और उसके सहयोगियों के शामिल होने की बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीमें लगातार धरपकड़ में लगी हैं। इसी बीच बृहस्पतिवार को सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले से एक कयूम नाम के शख्स को उठा लिया गया।

नेपाल के लोगों का कहना है कि यूपी एसटीएफ के चार लोग आए थे। शख्स को एक गाड़ी में लेकर चले गए। इसके साथ नेपाली सोशल मीडिया ने यूपी एसटीएफ पर उसे अगवा कर लेने की खबर चला दी। नेपाल से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए कयूम अंसारी को दूसरे दिन शुक्रवार को एसटीएफ ने परिवार को सुपुर्द कर दिया।

### लोटन कोतवाली में लाकर रखने की चर्चा

पकड़े गए शख्स को लोटन कोतवाली में रखा गया था। इसके बाद उसे टीम आगे लेकर गई थी। हालांकि इस बात से लोटन कोतवाल घनश्याम सिंह ने साफ तौर पर इन्कार कर दिया। उनका कहना है कि 1997 से अब तक कयूम अंसारी नाम के किसी शख्स के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। न ही कभी इस नाम के किसी व्यक्ति को पुलिस पकड़ कर लाई है। वहीं एसटीएफ के एक अफसर लेनदेन के मामले में एक व्यक्ति को लोटन कोतवाली में लाने में एसटीएफ की ओर से मदद करने की बात कर चुके हैं।

### क्या एसटीएफ की है कोई चाल

पुलिस विभाग के जानकारों की मानें तो यूपी एसटीएफ किसी व्यक्ति पर तभी हाथ डालती है, जब उसके पास प्रर्याप्त साक्ष्य होता है। उसकी गतिविधियों से पूरी तरह से वाकिफ होती हैं। इसके बाद ही वह किसी संदिग्ध को उठाती है। ऐसे में, कारोबारी को नेपाल में घुसकर वहां रहकर उठाकर लेकर चला आना और फिर छोड़ देना किसी के गले नहीं उतर रहा है।

# सौहार्दपूर्वक मनाएं त्योहार समस्या तुरंत बताएं

इटवा : चैत्र रामनवमी व रमजान पर्व को लेकर रविवार को इटवा, त्रिलोकपुर व मिश्रौलिया थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सभी को शासन एवं न्यायालय के आदेशों से अवगत कराने के साथ इसका पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। इटवा में एसडीएम करमेंद्र ने कहा कि नवरात्र व रमजान पर्व शुरू होने वाला है। सभी लोग सौहार्दपूर्वक मनाएं। कोई समस्या आती है तो इसकी सूचना दें, जिससे त्वरित निस्तारण कराया जाए। (जासं)

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-03-2023

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, मुकदमा दर्ज

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के बेलराई गांव निवासी एक व्यक्ति के उपर गांव के ही एक युवक ने पीछे से धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे व्यक्ति का कान कट गया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर युवक के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है।

**महुली थाना क्षेत्र के बेलराई गांव की है घटना**

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बेलराई गांव निवासी खुशीराम चौहान पुत्र रामनरेश चौहान ने बताया कि रविवार को वह अपने दरवाजे पर बैठा था उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी पिन्टू पुत्र कृष्णा चौहान नामक युवक पीछे से पहुंचा और उसके उपर धारदार हथियार से वार कर दिया जिससे उसका कान कट गया। जब वह पीछे मुड़कर देखा तो हमलावर पिन्टू चौहान उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया वह किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही हमलावर को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# रमजान को लेकर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**धनघटा (एसएनबी)।** आगामी 24 मार्च से शुरू हो रहे रमजान पर्व को लेकर महुली थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्व को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए तमाम प्रकार की रूपरेखाएं तैयार की गई साथ ही बैठक में आए क्षेत्र के गणमान्य लोगों से शान्ति व्यवस्था कायम रखने में किए जाने वाले उपायों पर सुझाव मांगे गए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रमजान माह को सकुशल शान्ति पूर्वक संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। श्री मिश्र ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं और विवाद हैं उन्हें पुलिस के सहयोग से निपटाए जाने की जरूरत है। पर्व पर विवादों को मुद्दा बनाकर किसी भी प्रकार की अशान्ति न फैलाई जाय।

उन्होंने चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि पर्व पर अराजकतत्वों की निगरानी सख्ती पूर्वक करते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस लिए कोई भी पर्व का माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करें। उपस्थित लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी उक्त समय में विवाद की स्थिति दिखाई दे वहां तुरन्त पुलिस को सूचना देकर विवाद को दूर कराने की कोशिश आम जन मानस करे। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक अरूण कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी,उपनिरीक्षक दद्दन राय, तिजेन्द्र कुमार यादव, हे.कां.गिरजेश मिश्रा के साथ-साथ क्षेत्र के फिरोज, प्रदीप चौधरी, रामउग्रह आदि सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जेल भरो आन्दोलन को तैयार बिजली कर्मचारी

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ.प्र. के नेतृत्व में ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियंता और निविदा/संविदा कर्मियों के कार्य बहिष्कार कर 72 घंटे के सांकेतिक हड़ताल करने के बाद अब बृहद स्तर पर आन्दोलन करने की तैयारी में हैं। जेल भरो आन्दोलन करने के लिए सभी बिजली कर्मचारी तैयार हैं। इसके लिए रणनीति भी तय की जा चुकी है। संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ ऊर्जा मंत्री व चेयरमैन के साथ वार्ता चल रही है। यदि वार्ता के बाद कोई निर्णय नहीं आता है तो जेल भरो आन्दोलन तय हैं। ये बातें विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ.प्र. के आह्वान पर अधिकारियों/कर्मचारियों का अधीक्षण अभियंता कार्यालय चल रहे सांकेतिक हड़ताल/धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए समिति के सह संयोजक सुनील प्रजापति ने कहीं।

उन्होंने बिजली कर्मियों का उद्देश्य हड़ताल कदापि नहीं है और हड़ताल उन पर थोपी जा रही है। शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। धरने में समिति के पदाधिकारियों में पंकज कुमार, अमित सिंह, अरुण गुप्ता, प्रेम प्रकाश वर्मा, लक्ष्मण मिश्र, रविकांत, अवनीश कुमार, बृजेश गुप्ता, अमरनाथ यादव, दिलीप सिंह, विभव रंजन, अमित सिंह, ओमहरी, राम तिलक, वीरेन्द्र सिंह, दिलशाद अहमद, सुनील प्रजापति, आशीष कन्नौजिया, धीरेन्द्र नाथ, नारायन चन्द्र चौरसिया, हिफजुर्रहमान अंसारी, अभय प्रताप, शैलेन्द्र यादव, विशाल, धनन्जय सिंह, भानुप्रताप, चंद्रभूषण, बेचन प्रसाद, सन्नी देवल, प्रताप, राम करन, केवल यादव, इन्द्रेश गुप्ता, गुलाब यादव, अजय कुमार आदि शामिल रहे।



अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर चल रहे सांकेतिक हड़ताल/धरना प्रदर्शन में नारेबाजी करते कर्मचारी।

# अवैध शराब, मादक पदार्थों के तस्करों पर करें कार्रवाई : एसपी

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा सर्किल खलीलाबाद का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना निस्तारण के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाने पर लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुए लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया। साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिया।

> जनशिकायतों की सुनवाई कर जांच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

पुलिस अधीक्षक ने अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर कड़ी आपत्ति प्रकट करते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, थाना क्षेत्र में अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, वाचक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्र, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव व खलीलाबाद सर्किल के थाना प्रभारी, विवेचक/उप निरीक्षक उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

# मारपीट की घटना में तीन नामजद

**धनघटा** । महुली थाना क्षेत्र के कड़सरा गांव में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने रविवार को तीन लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के कड़सरा गांव निवासी शिवकुमार पुत्र राजेश ने बताया कि बीते शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी विपक्षी गोविन्द, अंगन व प्रद्युम्न पुत्रगण मोतीलाल उसके दरवाजे पर चढ गए और अकारण उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त लोग उसके उपर लाठी-डंडे से हमला कर दिए जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बींचबचाव कराया तब जाकर उसकी जान बची। हमलावरों को मनबढ और दबंग करार देते हुए बताया कि जाते समय हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी जिससे उसका पूरा परिवार भयभीत है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त तीनों हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा /323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण हेतु सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# वाहन चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थानान्तर्गत धनघटा-खलीलावाद मार्ग पर बीते 22 फरवरी की देर रात अज्ञात वाहन की ठो[illegible] युवक की मौत की घटना में धनघटा पुलिस ने रविवार को मृतक के परिजन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के भाटपार गांव निवासी रामगिरीश पुत्र चौथी ने वताया कि बीते 22 फरवरी की रात करीब नौ बजे उसका वेटा विकास किसी जरूरी कार्य से खलीला[illegible] था। वह धनघटा-खलीलावाद मार्ग पर वण्डा वाजार के समीप पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने उसकी वाइक को ठोकर मार दिया जिससे बेटा बुरी तरह से लूहलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना पर मौके पर पहुंचकर बेटे को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर वाजार पहुंचाया जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के वाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लेकर जाते समय रास्ते में ही वेटे की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक नाम पता अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279,304ए के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक को चिन्हित कर कब्जे में ले लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# वन निरीक्षक बन प्रतिबंधित वृक्ष कटवाने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थानान्तर्गत राम-जानकी मार्ग के चौड़ीकरण के नाम पर मार्ग के किनारे स्थित वृक्षों की कटान इन दिनों तेजी से कराई जा रही है। इसी बीच एक व्यक्ति द्वारा खुद को वन निरीक्षक वताकर धौंस जमाते हुए रामपुर-वारहकोनी के समीप सड़क के किनारे स्थित प्रतिवंधित वृक्षों की कटान कराने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि ग्रामीणों ने जब वन निरीक्षक बनकर धौंस जमाने वाले व्यक्ति से परिचयपत्र दिखाने को कहा तो वह आगबबूला होते हुए ग्रामीणों के उपर अपशब्दों की वौछार करते हुए ग्रामीणों को जेल भेजवाने की धमकी देने लगा। इस बीच ग्रामीणों ने जब 112 नम्बर पर फोन की पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया तो वह व्यक्ति साथ लेकर आए ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर मौके से फरार हो गया।

**राम-जानकी मार्ग पर रामपुर-बारहकोनी गांव के समीप का है मामला**

इस सम्वन्ध में स्थानीय ग्रामीणों ने नजदीकी पौली पुलिस चौकी पर प्रार्थनापत्र देकर पूरे मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पौली पुलिस चौकी पर दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के परसा-रामपुर गांव निवासी अतीमुल्लाह, शकील, सुल्तान आदि ने वताया कि शनिवार की शाम करीब 6 बजे परसा गांव स्थित गाटा संख्या 8 आवादी की भूमि में स्थित प्रतिवंधित हरे नीम के वृक्ष को काटकर कुछ लोग लकड़ी को ट्राली पर लादकर लेकर जाने का प्रयास कर रहे थे जिसपर पहुंचे ग्रामीणों ने जव टोकाटाकी की तो मौके पर मौजूद एक व्यक्ति खुद को वन निरीक्षक वताते हुए ग्रामीणों के उपर धौंस जमाते हुए अपशब्दों की बौछार करने लगा और ग्रामीणों को जेल भेजवाने की धमकी भी देने लगा। इस बीच शक होने पर ग्रामीणों ने जब उससे परिचयपत्र दिखाने को कहा तो वह आगबबूला होकर ग्रामीणों को गाली देने लगा। जिसपर 112 नम्बर पर फोन की पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया गया तो खुद को वन निरीक्षक बताने वाला व्यक्ति अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से भाग गया। प्रार्थनापत्र में ग्रामीणों ने बताया कि वृक्षों को काटने का कोई आदेश नही है ऐसे में खुद को वन निरीक्षक बताकर वृक्षों की अवैध कटान कराने की आशंका जताते हुए पुलिस से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। चौकी प्रभारी पौली धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है।

# दंपति के मध्य हुआ सुलह-समझौता

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के आयोजन में आज दिनांक 19.03.2023 को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना संतकबीरनगर पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में मात्र 01 मामला आया। जिसमें सुलह-समझौता करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव ने बताया कि प्रथम पक्ष गुजारी देवी पत्नी रघुराई निषाद निवासी मोहम्मदपुर कठा थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष रघुराई निषाद पुत्र सूरत निषाद निवासी उपरोक्त के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। दोनो पक्षों में आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया।

# परिवारिक विवाद में चार के विरूद्ध मारपीट का केस

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के झकही चक-बेलडूहा गांव में दो भाईयों के बीच बटवारे को लेकर पूर्व में हुई मारपीट की घटना में महुली पुलिस ने रविवार को चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के झकही चक-बेलडूहा गांव निवासी रामसहाय पुत्र जवाहर गुप्ता ने बताया कि उसके सगे भाई रामसुरेश पुत्र जवाहर गुप्ता का आपस में बटवारा पूर्व में हो चुका है। उसकी मां बटवारे के बाद उसके साथ रहती है।

बीते 18 मई 2022 को बटवारे के विवाद को लेकर उसके भाई रामसुरेश पुत्र जवाहर गुप्ता अपने परिवार के मोहन पुत्र रामसुरेश, मीरा पत्नी रामसुरेश तथा माधुरी पुत्री रामसुरेश के साथ लाठी-डंडा लेकर उसके दरवाजे पर चढ गए और उसके साथ ही उसकी पत्नी को भी भद्दी-भद्दी गाली देने लगे इस बीच उसकी पत्नी भी घर से बाहर आ गई तो उक्त सभी मिलकर उसे और उसकी पत्नी को लाठी-डंडे से पीटने लगे। इसी बीच उसकी मां बीचबचाव कराने आई तो उक्त सभी ने मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीचबचाव कराया। घटना की तहरीर तत्काल पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस द्वारा हमलावरों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो वह न्यायालय की शरण में पहुंचकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाया तो न्यायालय ने सुनवाई कर महुली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश दे दिया।

# लम्बित मामलों पर एसपी ने जताई नाराजगी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में रविवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सर्किल खलीलाबाद का अर्दली रूम किया। खलीलाबाद व दुधारा थाना के आवश्यक अभिलेखों व अन्य प्रपत्रों की गहनता से जांच पड़ताल की। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं पर नाराजगी जताई। समय से गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

अर्दली रूम के दौरान पुलिस एसपी ने विवेचना निस्तारण के सम्बंध में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाने पर लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से वार्ता की। जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, वाचक एसपी राकेश कुमार मिश्र, पीआरओ एसपी जितेन्द्र यादव, एसओ खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय, दुधारा अनिल कुमार दूबे के साथ ही खलीलाबाद सर्किल के सभी विवेचक/उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।



रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में समीक्षा करते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

- खलीलाबाद सर्किल को एसपी ने किया अर्दली रूम
- कमियों को तत्काल दूर करने का दिया निर्देश

# पुलिस ने एक परिवार को बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता प्रस्तुत हुए मामले में सुलह समझौता करवाया गया। गुजारी देवी पत्नी रघुराई निषाद निवासी मोहम्मदपुर कठार के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया था। दोनों पक्ष काफी समझाने-बुझाने के बाद एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हो गए।

# विवाहिता की शिकायत पर दर्ज हुआ मुकदमा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़िता तसरीफुन्निशा निवासी मझौरा थाना धनघटा ने अपने शिकायत में बताया कि उसकी शादी मगहर के मोहिउद्दीन कस्बा निवासी मोहम्मद मोहसिन के साथ हुआ है।

ससुराली उसे अक्सर दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पति मोहम्मद मोहसिन ने दहेज के लालच में उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया। इसके बाद वह अपनी विधवा मां के साथ रहने लगी। इसी बीच मोहम्मद मोहसिन ने उसे बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर लिया और धमकी दे रहा है।

## युवती पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने युवती पर ज्वलनशील पदार्थ फेकने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। थाना बखिरा पुलिस एससीएसटी एक्ट समेत अन्य मामले से संबंधित आरोपित अभियुक्त विपुल पाठक पुत्र चिन्तामणि पाठक निवासी छपिया अव्वल को दबोचा। उक्त आरोपित अभियुक्त ने दिनांक 17 मार्च को वादिनी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया था। बखिरा पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपित अभियुक्त को को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम बेलराई निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने ने महुली थाने में तहरीर देकर गांव के एक युवक के खिलाफ धारदार हथियार से हमला करके मार पीट कर घायल करने, गाली गलौज और जानमाल धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

बेलराई गांव निवासी खुशीराम चौहान पुत्र रामनरेश चौहान ने पुलिस तहरीर में बताया कि रविवार करीब नौ बजे वह दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान गांव का पिन्टू पुत्र किसना चौहान पहुंचा। गाली देने लगा। एतराज करने पर पीछे से धारदार हथियार से वार कर दिया। वादी के कान के पास गंभीर रूप से चोट लग गई। इंस्पेक्टर संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पन्टू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पट्टीदारों में मारपीट, केस

संतकबीरनगर। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि अनई गांव निवासी निरंजन ने अपने शिकायत में बताया कि दिनांक 17 मार्च को रात नौ बजे घरेलू विवाद के झगड़े को लेकर पट्टीदार सीताराम, सविता, रागनी गाली देते हुए लाठी डंडा व लात घूंसा से मारने पीटने लगे। बीच बचाव में आई पत्नी को भी काफी मारपीटा और जानमाल की धमकी दी। कोतवाल ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

# वाहन चालकों से 76500 रुपये जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 76 हजार 500 रूपए जुर्माना वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 77 वाहनों के चालकों से 76,500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को दबोचकर उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त कमला यादव पुत्र राजे यादव निवासी बछईपुर व प्रदीप पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी नन्हिया को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ली गई राय

धनघटा। महुली थाने में रविवार को एसओ संतोष कुमार मिश्र की अध्यक्षता में रमजान पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई। रमजान माह में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए लोगों की राय ली गई। एसओ ने शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। सएसआई शैलेंद्र कुमार, उप निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक विवेकानंद तिवारी, उपनिरीक्षक दद्दन राय, जितेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल गिरिजेश मिश्र, प्रधान फिरोज उर्फ चुन्न आदि मौजूद थे। संवाद

# त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने में सहयोग करें

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल थाना परिसर में रविवार को आगामी त्योहारों को लेकर बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक ने हिन्दू व मुस्लिम धर्मगुरुओं तथा गणमान्य लोगों के साथ संवाद करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग की अपील की। नवरात्र, रामनवमी, रमजान त्योहार को देखते हुए अपनी बात रखी।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने सभी को त्योहारों को लेकर शासन व उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी दी।

# भाईचारा का परिचय दें, मिल जुलकर मनाएं त्योहार

मेंहदावल, संतकबीर नगर : आगामी नवरात्र व रमजान के मद्देनजर मेंहदावल थाने में शांति कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान सभी से भाईचारे का परिचय देते हुए मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्र पर 10 दिनों तक कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक चहल-पहल रहेगी। इसको लेकर पुलिसकर्मी सक्रिय रहें। प्रत्येक मंदिरों पर सक्रियता बरती जाए। रमजान पर एक महीने तक इबादत का दौर चलेगा। सभी लोग प्रेम व भाईचारा का परिचय दें। मौके पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार समेत कई पुलिसकर्मी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। (जासं)

# कर्मचारियों का आंदोलन खत्म, बहाल हुई बिजली आपूर्ति

**धरनास्थल से अपने-अपने फीडरों में पहुंचे कर्मचारी, पांच दिन से समस्या झेल रहे लाखों उपभोक्ताओं को मिली राहत**



बाघनगर विद्युत उपकेंद्र पर आपूर्ति बहाल करता कर्मचारी • जागरण



बखिरा में उपकेंद्र की जांच करते डीएम सदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण



मेंहदावल में कस्बा फीडर की जांच करते अवर अभियंता मनोज कुमार श्रीवास्तव • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : बिजली विभाग के सभी कर्मी कार्य बहिष्कार जारी रखते हुए रविवार को सुबह 10 बजे से शाम के चार बजे तक खलीलाबाद शहर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने धरना दिए। मांगों को लेकर आश्वासन मिलने व संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्देश पर धरनास्थल से उठकर सभी कर्मचारी फीडरों में पहुंचे। देर शाम तक अधिकतर जगहों पर आपूर्ति शुरू हो गयी। पांच दिन से बिजली नहीं आने से जनपद के सैकड़ों गांवों में अंधेरा छाया रहा।

जनपद में कुल 14 विद्युत उपकेंद्र व 36 फीडर हैं। 15 मार्च से बिजली कर्मियों का कार्य बहिष्कार शुरू हुआ। इनका धरना-प्रदर्शन रविवार को शाम के चार बजे तक जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक उप खंड अधिकारी (एसडीओ) मनोज कुमार, एसडीओ पंकज कुमार व सह संयोजक सुनील प्रजापति ने बताया कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने संगठन की मांगों पर उचित पहल किए जाने का आश्वासन दिया। इस पर प्रांतीय पदाधिकारियों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्देश दिया। हड़ताल खत्म होते ही तत्काल सभी कर्मी बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए धरनास्थल से उठकर अपने-अपने फीडर में पहुंचे। शाम के करीब सात बजे तक अधिकतर जगहों पर आपूर्ति बहाल कर दी गयी।

इसके पूर्व बिजली कर्मचारियों के आंदोलन से जिले में सिर्फ खलीलाबाद, हरिहरपुर व मेंहदावल आदि तीन शहरी क्षेत्र में तीन उप केंद्रों के 10 फीडर से बिजली आपूर्ति जारी रही। जबकि 11 विद्युत उप केंद्रों के 26 फीडर से पांच दिन से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। इससे जिले के लाखों उपभोक्ता काफी परेशान थे। न तो दिन और न ही रात में चैन मिल रहा था। घर में लगे एलइडी बल्ब, ट्यूबलाइट, पंखे, टीवी, पानी की टंकी में पानी पहुंचाने के लिए लगे मोटर आदि बेकार साबित हुए थे। केरोसिन की अनुपलब्धता ने ग्रामीण क्षेत्र में संकट और बढ़ा दिया था। शाम ढलते ही अंधेरा छा जा रहा था। घर, दुकान में रोशनी के लिए लोग दीपक, मोमबत्ती जला रहे थे। बिजली आपूर्ति बहाल करवाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम की घंटी बजा रहे थे लेकिन समस्या जस की तस रही।



मुखलिसपुर विद्युत उपकेंद्र पर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास करते कर्मचारी • जागरण



मेंहदावल के कछार क्षेत्र में पोल पर काम करता विद्युत कर्मचारी • जागरण

### अवर अभियंता की सक्रियता की हो रही सराहना

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल कस्बे में हड़ताल के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति मिली। इसके लिए स्थानीय लोग मेंहदावल के अवर अभियंता मनोज कुमार श्रीवास्तव की सराहना कर रहे हैं। हड़ताल से दूरी बनाते हुए मनोज कस्बा फीडर पर पिछले पांच दिनों से जमे रहे। इस दौरान वह घर भी नहीं गए तथा लोगों को बिजली मुहैया कराने के लिए अकेले जूझते रहे। उनकी सक्रियता की वजह से मेंहदावल कस्बा के उपभोक्ताओं को लगातार निर्बाध बिजली आपूर्ति मिली है। इंटरनेट मीडिया से लेकर हर तरफ अवर अभियंता की सराहना हो रही है।

# ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाले को जेल

- एक वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में गया था जेल
- तीन माह पूर्व जमानत पर रिहा हुआ था, उसके अंदर जगी थी बदले की भावना

जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा पुलिस ने दुष्कर्म पीड़ित युवती पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाले आरोपित को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित ने शादी का झांसा देकर करीब एक वर्ष पूर्व युवती के साथ दुष्कर्म किया था। इस मामले में पुलिस ने उसे जेल भेजा था। करीब तीन माह पूर्व जमानत पर रिहा होकर आया था। उसने युवती पर शुक्रवार की शाम को ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया था। इससे उसका शरीर कई जगह झुलस गया था।

बखिरा थाना के एक गांव की अनुसूचित जाति की युवती को शादी का झांसा देकर उसी गांव के विपुल पाठक ने 11 मार्च 2022 को बाग में दुष्कर्म किया था। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, एससी-एसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके आरोपित को जेल भेज दिया था। करीब तीन माह पूर्व वह जमानत पर रिहा हुआ। वह घर में रह रहा था।

जेल जाने से नाराज युवक के अंदर बदले की भावना जगी। इसका परिणाम यह रहा कि वह 17 मार्च को देर शाम युवती के घर पर आया। युवती के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर फरार हो गया। इससे युवती की पीठ और शरीर के कई अन्य जगह झुलस गए। परिवार के सदस्यों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल में दाखिल कराया।

यहां के डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां पर उसका उपचार हुआ। रविवार को वह घर पर पहुंची। वहीं मुकामी पुलिस घटना के बाद आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश में जुटी थी।

थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित युवक सहजनवां तिराहे पर है। वह वहां से कहीं भागने के फिराक में है। पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित को यहां से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# बीआरसी में हुई चोरी का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** शुक्रवार की रात बीआरसी हैंसर बाजार में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर शिक्षा विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

बीआरसी हैंसर बाजार में सात कमरों के ताले तोड़कर चोर कंप्यूटर आदि उपकरण उठा ले गए। हालांकि, अभिलेख चोरी होने का जिक्र एसडीआई के जरिए तहरीर में की गई है।

## घटना को लेकर शिक्षकों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं

हैंसर बाजार क्षेत्र के पांच शिक्षकों की सर्विस बुक लंबे समय से गायब है। शिक्षकों की भर्ती में फर्जीवाड़े की जांच में भी इन शिक्षकों की सर्विस बुक नहीं मिल सकी थी। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

तहकीकात

फर्जी तरीके से पासपोर्ट सत्यापन का मामला, जांच का दायरा बढ़ा, दो वर्षों में कितने पासपोर्टों का हुआ सत्यापन, हो रही जांच

# कार्रवाई की जद में आ सकते हैं कुछ और चेहरे

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** फर्जी तरीके से पासपोर्ट सत्यापन के मामले में कुछ और चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। पासपोर्ट सेल में तैनात आरोपी दरोगा और एलआईयू के मुख्य आरक्षी के जरिए पासपोर्ट सत्यापन में की गई गड़बड़ी उजागर हुई थी।

एसपी ने इस मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पिछले दो वर्षों में कितने पासपोर्ट सत्यापित किए गए, इसकी भी जांच शुरु करा दी गई है। माना जा रहा है कि ठीक से जांच हुई तो कुछ और भी लोग कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

पासपोर्ट सत्यापन में अनियमितता बरते जाने की मिल रही शिकायतों पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सीओ सदर अंशुमान मिश्रा से प्रकरण की जांच कराई थी। जांच में पाया गया कि वर्ष 2021-22 में कुल 101 पासपोर्ट ऐसे हैं, जिनमें विभिन्न थानों के जरिए पार्ट ए की रिपोर्ट नॉट क्लियर की गई थी। इसमें पासपोर्ट सेल में तैनात आरोपी दरोगा कामेश्वर मिश्रा और एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज कुमार पटेल की करतूत उजागर हुई। इसमें बाहरी व्यक्ति वीरेंद्र यादव की भी भूमिका मिली।

वीरेंद्र यादव के जरिए प्रति पासपोर्ट 3,000 रुपये दिए जाते था। उन्हीं रुपये को आरोपी आपस में बांटते थे। इस मामले में आरोपी मुख्य आरक्षी और बाहरी व्यक्ति वीरेंद्र को सात मार्च को ही जेल भेजा जा चुका है। इधर, जिले में पासपोर्ट सत्यापन में गड़बड़ी उजागर होने का असर यह हुआ कि गोरखपुर जोन के गोरखपुर, देवरिया समेत कई जिलों में जांच शुरु हो गई है।

### गोरखपुर, देवरिया समेत कई अन्य जिलों में भी जांच शुरु

पासपोर्ट सत्यापन में थाने स्तर की भूमिका भी जांच एसपी ने शुरू करा दी है। इसमें दो साल के भीतर जितने भी पासपोर्ट सत्यापित हुए हैं, उनकी जांच हो रही है। वैसे एक साल में 11,500 के करीब पासपोर्ट सत्यापन का आंकड़ा है। ऐसे में देखा जाए तो करीब 23,000 पासपोर्टों के सत्यापन की जांच हो रही है। यदि इसमें थाने स्तर से गड़बड़ी की गई तो संबंधित पटल का पुलिसकर्मी भी कार्रवाई की जद में जाएगा।

### आरोपी दरोगा अभी भी पुलिस की पकड़ में नहीं आया

होली के एक दिन पहले सात मार्च को ही फर्जी तरीके से पासपोर्ट सत्यापन का मामला उजागर हुआ था। उसी दिन आरोपी एलआईयू का मुख्य आरक्षी और बाहरी व्यक्ति वीरेंद्र यादव को पुलिस ने पकड़ लिया था, लेकिन आरोपी दरोगा फरार हो गया था। इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी दरोगा को पकड़ नहीं पाई है। वैसे पुलिस का दावा है कि आरोपी दरोगा की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

101 पासपोर्ट के सत्यापन में प्रारंभिक जांच में अनियमितता सामने आई है। इसमें आरोपी पासपोर्ट सेल के दरोगा कामेश्वर मिश्रा, एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज पटेल और बाहरी व्यक्ति वीरेंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया गया। पासपोर्ट सत्यापन में बरती गई अनियमितता की वजह से जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। दो वर्षों के भीतर जितने पासपोर्ट सत्यापित किए गए हैं, उनकी थानेवार जांच कराई जा रही है। आरोपी दरोगा की तलाश लगातार पुलिस की तीन टीमें कर रही हैं। आरोपी दरोगा के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट मिल चुका है। जल्द ही आरोपी दरोगा को गिरफ्तार करा कर जेल भेजवाया जाएगा। – **सत्य जीत गुप्ता, एसपी**

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-03-2023

# सात वारंटी गिरफ्तार

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना खोड़ारे पुलिस ने आधा दर्जन और थाना मनकापुर पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों को अदालत में पेश किया गया।

# आठ जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

गोण्डा। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन हुआ। जिसमें आठ जोड़े एक साथ रहने को राजी किए गए। दम्पत्तियों को समझाने-बुझाने में दरोगा शेषमणि पाण्डेय, गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, यशोदानंद त्रिपाठी, अनीता श्रीवास्तव, साक्षी अरोड़ा, ज्योति राजभर, नेहा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने काउंसिलिंग कर पति पत्नी को समझाया और एक साथ विदाई दी।

# पुलिस ने अधेड़ की हत्या में आरोपी को गिरफ्तार किया

- तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा
- आरोपी ने लोहे की रॉड से हत्या की थी

छपिया। पति-पत्नी का झगड़ा छुड़ाने गए अधेड़ को पीटकर मौत के घाट उतार देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

सोमवार की दोपहर तेंदुआ रानीपुर गांव के बनकटवा मजरे में पति-पत्नी झगड़ा कर रहे थे। पति-पत्नी को झगडता देख प्रधान प्रतिनिधि के बड़े भाई राम अवतार पाण्डेय पुत्र जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय (56) दोनों में बीच-बराव करने चले गए। इसी बीच गुस्साए पति ने उनके सिर पर लोहे की राड से वार कर दिया था। जिससे वह वहीं बेहोश होकर गिर गए थे। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गोण्डा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल पहुंचने पर राम अवतार को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। मृतक के की तहरीर पर हरिशंकर पुत्र मुन्नी लाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। एसओ छपिया शतानंद पांडेय ने बताया कि आरोपी हरिशंकर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जबरन निर्माण शुरू करने का आरोप

रुपईडीह। कोर्ट में वाद लंबित होने के बाद भी स्थानीय पुलिस के मिलीभगत से एक पक्ष ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने जिले के उच्चाधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरासी में चंद्रिका प्रसाद एवं मंसा राम दो भाई है। दोनों भाइयों के बीच भूमि विवाद काफी दिनों से चला रहा है। जिस पर चंद्रिका प्रसाद ने एसडीएम कोर्ट पर बंटवारा दायर कर दिया। आरोप है कि जिसके बावजूद भी मंसाराम ने भूमि पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी सूचना पीडित चंद्रिका प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों से लेकर जनपद के उच्चाधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की।

# फर्जी तरीके से बैनामा करने वाला गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**मोतीगंज।** फर्जी व कूटरचित तरीके से भूमि का कागजात तैयार कर भूमि बैनामा कराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की तहरीर पर मोतीगंज थाने में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

बताया जाता है कि मुकदमा लिखे जाने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। दरोगा उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि शिवदयाल पुत्र दिलेराम निवासी ग्राम तेन्दुआ मोहनी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## पुलिस ने 54 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**गोण्डा।** पुलिस ने कच्ची शराब के निष्कर्षण व बिक्री के खिलाफ अभियान चलाकर चौवन लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। थाना इटियाथोक पुलिस ने केवला पत्नी जगतराम निवासी भोपालपुर चौबे के पास से से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। वहीं ननकू पुत्र रामअशीष निवासी खटिकनपुरवा मौजा भुड़कुड़ा के पास से 19 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। थाना मनकापुर पुलिस ने ओमप्रकाश यादव पुत्र श्यामलाल निवासी खुशहाली जोत अशरफपुर के पास से 10 लीटर व माला पत्नी बड़कऊ निवासी ग्राम महुआडीह अशरफपुर के पास से पुलिस ने 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

## अज्ञात चालक पर मुकदमा

**बेलसर :** तरबगंज के बौरिहा गढ़ी निवासी ज्ञानचंद दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि आठ मार्च को उसका भाई रामसेवक दुबे गंगाराम मिश्र के साथ बाइक से अपने घर जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने टोकर मार दी। इलाज के दौरान के मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि मुकदमा किया गया है। (संसू)

## मांगी सूचना

**गोंडा :** सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक विनय मोहन वन ने देवीपाटन मंडल के चारों जिलों के बीएसए से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवियों की सूची मांगी है। उन्होंने 17 सितंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने का निर्देश दिया है। (संसू)

## युवक को पीटा

**वजीरगंज : घोसियाना निवासी नीरजमौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बाबू, सिब्बी व डरकाहे ने उसकी पिटाई करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।** (संसू)

# पति समेत तीन लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा

**संसू, इटियाथोक :** गांधी चबूतरा गांव में विवाहिता बबिता का शव कमरे में मिला। पुलिस ने पति समेत तीन पर दहेज हत्या का मुकदमा किया है।

हिंदू नगर खास गांव की गीता मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी बबिता की शादी गांधी चबूतरा निवासी अवधेश मिश्र के साथ वर्ष 2018 में की थी। हैसियत के हिसाब से दहेज भी दिया था। वर्ष 2020 में लड़की का गौना करके उसे ससुराल भेज दिया गया। ससुरालीजन दहेज के लिए परेशान करते थे। मृतका की मां के अनुसार ससुराल वाले दहेज में दस बीघा जमीन मांग रहे थे। रविवार को लड़की के ससुर ने फोन किया और बताया कि तुम्हारी लड़की की मृत्यु हो गई है। बकौल पुलिस मृतका की मां के तहरीर पर पति अवधेश मिश्र, ससुर गुड्डू मिश्र व सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा किया गया है।

# ठप रही 20 उपकेंद्रों की बिजली

## हड़ताल समाप्त होने के बाद लाइन दुरुस्त करने में जुटे कर्मी

**जागरण टीम, गोंडा :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के हड़ताल समाप्त होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल करने की कवायद तेज हो गई है। कर्मचारी कार्य स्थल पर वापस लौटने लगे हैं। 70 घंटे से बिजली कटौती का दंश झेल रही जनता को 16 घंटे में समस्या से निजात दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कर्मियों को सोमवार की सुबह दस बजे तक लाइनों की पेट्रोलिंग करके जिले के सभी फीडरों की सप्लाई चालू करने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली अधिकारियों ने भी उपकेंद्रों का भ्रमण किया है। अभी संकट टला नहीं है। 20 उपकेंद्रों से बिजली आपूर्ति ठप है। इससे लोगों की मुश्किल बनी हुई है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र के कई उपकेंद्र चालू होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है।

**कर्नलगंज :** 70 घंटे से ठप बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। अधीक्षण अभियंता राम नरेश, सेवानिवृत मुख्य अभियंता विपिन जैन व एसडीएम हीरालाल, सीओ नवीना शुक्ला ने आभाष कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर लक्ष्मी शंकर तिवारी के साथ मिलकर बिजली आपूर्ति बहाल कराई। ग्रामीण व शहर की लाइनों को दुरुस्त करके दोपहर बाद आपूर्ति शुरू करा दी गई। नंलगंज, इटियाथोक, परसपुर, आर्यनगर, बेलसर समेत 20 उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। इससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। कर्मियों पर की गई कार्रवाई को वापस ले लिया गया है। अधीक्षण अभियंता राम नरेश सरोज ने कहा कि कर्मचारियों को तत्काल उपकेंद्र पर पहुंचकर आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को सब कुछ पहले जैसा हो जाएगा।



कर्नलगंज उपकेंद्र पर व्यवस्था का जायजा लेते अधीक्षण अभियंता रामनरेश ● जागरण

### यहां अभी बरकरार है समस्या

**मेहनौन :** उपकेंद्र से तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। उपभोक्ता परेशान हैं। परीक्षार्थी तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। जनरेटर संचालकों के किराया देकर लोग मोबाइल चार्ज करा रहे हैं। प्रकाश के लिए मोमबत्ती का उपयोग किया जा रहा है। नलकूप, लघु उद्योग बंद पड़े हैं। **धानेपुर :** बिजली कटौती से दिक्कत बरकरार। उपकेंद्र पर पुलिस मुस्तैद है। गौरा विधानसभा के मसकनवा, घारीघाट, देवरिया मद्दो और नेतुवा उपकेंद्र से 50 घंटे से बिजली ठप है। वजीरगंज, मसकनवा, खरगूपुर में बिजली आपूर्ति अभी बाधित है।

# हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**संसू , मसकनवा** : प्रभारी निरीक्षक छपिया सतानंद पांडेय ने कहा कि तेंदुआ रानी निवासी हत्या के आरोपित हरिशंकर को गिरफ्तार किया गया है। 13 मार्च को पति पत्नी के बीच झगड़े को छुड़ाने गए रामअवतार की आरोपित ने हत्या की थी।

# सामने हुआ संवाद तो खत्म हुआ विवाद



गोंडा। पुलिस लाइन सभागार में रविवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के निपटारे के लिए परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें पति-पत्नी के बीच आमने-सामने संवाद हुआ तो सारा विवाद खत्म हो गया। वहीं, आठ जोड़े साथ रहने को राजी हो गए। परिवार परामर्श केंद्र की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने की। एएसपी ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र में 22 मामले आए थे। परामर्शदाता गंगाधर शुक्ल, यशोदानंदन त्रिपाठी, संतोष ओझा, अनीता श्रीवास्तव, साक्षी अरोड़ा, उपनिरीक्षक शेषमणि पांडेय, ज्योति व नेहा मौजूद रही। संवाद

# किशोरी का अपहरण, दो पर केस

**खोड़ारे (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीया किशोरी का एक युवक ने अपहरण कर लिया। किशोरी की मां ने अरमान उर्फ इसरत अली निवासी मझौवा दूधनाथ थाना गौर बस्ती व उसकी खाला किताबुननिशा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया है। संवाद

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**मसकनवा (गोंडा)।** पुलिस ने रविवार को गैर इरादतन हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक छपिया सतानंद पांडेय ने बताया कि आरोपी हरिशंकर निवासी तेंदुआ रानीपुर को सोहिला अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद हुआ है। संवाद

# दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने दी जान, केस

इटियाथोक (गोंडा)। गांधी चबूतरा भवानीपुर खुर्द निवासी बबिता (27) पत्नी अवधेश मिश्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि विवाहिता की मां गीता निवासी ग्राम हिन्दूनगर खास ने तहरीर दी है। आरोप है कि बेटी का चार वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। दहेज में दस बीघा जमीन की मांग कर बेटी को पति, सास व ससुर प्रताड़ित कर रहे थे। रविवार को दहेज की खातिर पति अवधेश मिश्रा, ससुर गुड्डू मिश्रा व सास ने मिलकर बबिता की हत्या कर दी। तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। संवाद

# फर्जी अभिलेख के आधार पर पत्नी के नाम कराई थी जमीन, गिरफ्तार

**मोतीगंज (गोंडा)।** तेंदुआ मोहनी गांव में एक साल पहले एक बुजुर्ग की मौत के बाद हुई। संपत्ति की लालच में गांव के पांच लोगों ने मिलकर फर्जी प्रस्ताव बना कर सेक्रेटरी की मिलीभगत से एक महिला को अभिलेखों में बुजुर्ग की बेटी घोषित कर दिया। जबकि बुजुर्ग के पहले से ही एक बेटी थी। मामले में पहली बेटी ने थाना मोतीगंज में पांच लोगों के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे की तफ्तीश के दौरान पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि थाना मोतीगंज क्षेत्र के तेंदुआ मोहनी गांव के रहने वाले अशर्फीलाल की एक साल पहले मृत्यु हो गई थी। उसकी संपत्ति की वरासत अशर्फी की बेटी मुन्नी देवी के नाम होना था। गांव के शिवदयाल समेत पांच लोगों ने मिलकर प्रस्ताव पास कर दिया। इसी गांव की कुंदना देवी को अशर्फी की बेटी दर्शाते हुए सेक्रेटरी की मिलीभगत से अशर्फी की 12 बीघे भूमि कुंदना देवी के नाम वरासत करा दी। वरासत के बाद कुंदना देवी ने इसी जीमन को शिवदयाल की पत्नी सावित्री देवी के नाम बैनाम कर दिया। इसी मामले मतें रविवार को आरोपी शिवदयाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले सावित्री देवी समेत पांच लोगों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। संवाद

# एसआईटी के निशाने पर तत्कालीन ईओ व लिपिक

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिंदा महिला का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला, बिना स्थलीय जांच के जारी किया था प्रमाणपत्र

गोंडा। बहुचर्चित जमीन फर्जीवाड़े में नगर पालिका परिषद के लिपिक एसआईटी के निशाने पर आ गए हैं। मामले के मुख्य आरोपी बृजेश अवस्थी ने एक जिंदा महिला को मृत दिखाकर पालिका से मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल कर लिया था। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से करोड़ों की जमीन का बैनामा करा लिया।

पालिका के लिपिकों ने भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने से पहले स्थलीय जांच नहीं की थी। सभासद की रिपोर्ट पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। एसआईटी ने पालिका के अभिलेख खंगाले और आरोपियों के बयान दर्ज किए तो फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने का खुलासा हुआ। एसआईटी ने तत्कालीन अधिशासी अधिकारी व दो लिपिकों के खिलाफ चार्जशीट की तैयारी की है।

उपनिबंधक कार्यालय सदर में जांच के दौरान जमीन फर्जीवाड़े का मामला सामने आने पर तत्कालीन सब रजिस्ट्रार सुधा यादव ने कलावती निवासी नंदौर परसपुर समेत 14 लोगों के खिलाफ कोतवाली नगर में जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब सहायक महानिरीक्षक स्टांप मनोज श्रीवास्तव ने जांच की तो 47 मामले सामने आए। तत्कालीन आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र अग्रवाल ने सभी 47 मामलों की जांच राज्य स्तरीय एसआईटी को भेज दी थी।

जमीन के फर्जीवाड़े में कोतवाली देहात क्षेत्र के भदुवा तरहर निवासी आरोपी बृजेश अवस्थी ने अपनी रिश्तेदार राजकुमारी निवासी सिविल लाइन को मृत दिखाकर नगर पालिका से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल कर लिया था। राजकुमारी को पुलिस ने कानपुर से गिरफ्तार कर लिया था। एसआईटी ने जांच की तो पता चला कि बिना स्थलीय जांच के सभासद की रिपोर्ट पर पालिका के दो लिपिकों ने मृत्यु प्रमाण तैयार किया। जिसे तत्कालीन अधिशासी अधिकारी विकास सेन ने जारी किया था। एसआईटी ने तत्कालीन अधिशासी अधिकारी व दो लिपिकों के खिलाफ चार्जशीट लगाने की तैयारी की है।

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-03-2023

## सौंपी सुरक्षा की जिम्मेदारी

**ललिया :** थाना परिसर में नवरात्र व रमजान को लेकर चौकीदारों के साथ बैठक की गई। चौकीदारों को अपने क्षेत्र में मौजूद रहने व संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और अपने बीट आरक्षी से संवाद करते रहने का सुझाव दिया गया। चौकीदारों को सूचना जुटाने की जिम्मेदारी दी गई। (संसू)

## मांगा सहयोग

**गैंसड़ी :** कोतवाली परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नवरात्र व रमजान में शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील की। भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने की सलाह दी। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान मौजूद रहे। (संसू)

# साफ-सफाई की गई

संवाददसूत्र, बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर कर्मियों ने सभी कमरों की साफ-सफाई कर सामूहिक श्रमदान किया।

## तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी,टीम के साथ वांछित अभियुक्त मोतीपुर खुर्द निवासी बच्चाराम उर्फ शिव प्रसाद को गिरफ्तार किया है। गैसड़ी पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि रिजाजुद्दीन व मोहम्मद इस्लाम के खिलाफ वारंट जारी किया था।

## आठ पर शांति भंग की कार्रवाई हुई

बलरामपुर। थाना देहात पुलिस टीम ने आठ लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सत्यनारायण, राम केवल, राहुल, जानकी प्रसाद मौर्य, पवन जायसवाल, राजू जायसवाल, शिव कुमार व कर्ण के खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई की है।

## वांछित को भेजा जेल

**गैंड़ास बुजुर्ग :** पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि ग्राम भरथापुर निवासी रामशंकर को बिलासपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## दो वारंटी गिरफ्तार

**बलरामपुर :** पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति मामले के वारंटी ग्राम खदगौरा निवासी रिजाजुद्दीन व मोहम्मद इस्माइल को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# एक पारिवारिक मामले का हुआ निस्तारण

उतरौला। गुमड़ी थाना श्रीदत्तगंज निवासिनी रंजीता देवी पुत्री कुंनन वर्मा ने रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी उतरौला में पति के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पति सालिक राम पुत्र तुलाराम निवासी रामपुर बगनहा पर घर से भगा देने का आरोप लगाया। चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाकर समझाया बुझाया।

# युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** रामअधीनडीह निवासी शिशुपाल ने गैड़ास बुजुर्ग थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा कि शनिवार देर शाम उसके भाई चंद्रपाल चौहान (27) पर भरथापुर निवासी शंकर निषाद ने चाकू से हमला कर दिया। इससे चंद्रपाल घायल हो गया। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि शिशुपाल की तहरीर पर शंकर निषाद के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# पुलिस कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यालय में तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने सफाई अभियान में श्रमदान किया। एसपी ने कहा कि सभी थाना परिसरों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिससे परिसरों को स्वच्छ बनाया जा सके।

# एसपी ऑफिस में चला सफाई अभियान

**बलरामपुर।** स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को एसपी कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें प्रधान लिपिक, आंकिक, पासपोर्ट, आईजीआरएस, कोरोना सेल व वीआईपी सेल समेत विभिन्न सेल में तैनात पुलिसकर्मियों ने श्रमदान करते हुए परिसर की सफाई की। सभी ने दफ्तर साफ-सुथरा रखने का संकल्प भी लिया। (संवाद)

# तीन वारंटियों को भेजा जेल

**बलरामपुर।** हरैया थाने की पुलिस ने लूट के मामले में वारंटी बच्चाराम निवासी मोतीपुर खुर्द को दबोच लिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बच्चाराम को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। गैसड़ी पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के मामले में वारंटी रिजाजुद्दीन व मोहम्मद इस्लाम निवासीगण खदगौरा को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में आठ का चालान

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में आठ लोगों पर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि सत्य नारायण मौर्य, रामकेवल मौर्य, राहुल मौर्य व जानकी प्रसाद मौर्य निवासीगण ग्राम राउरतारा, पवन जायसवाल व राजू जायसवाल निवासीगण जमुनही तथा शिव कुमार व कर्ण निवासीगण ग्राम अगरहवा के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**बलरामपुर।** कोतवाली गैसड़ी में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से नवरात्रि व रमजान में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सीओ तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस अराजक तत्वों की निगरानी कर रही है। अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग ध्यान से करें। कोई घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# 25 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मोतीपुर खुर्द गांव निवासी कृपाराम पासवान व रामदेव के पास से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। केस दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-03-2023

हिन्दुस्तान

# खातों में 17 करोड़ की रकम पहुंचेगी

बहराइच। शहर के कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित महाराजा सुहेलदेव विराट कृषि मेले के तीसरे दिन भी किसानों को तकनीकों व नए प्रयोगों की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्द फसल क्षति पूर्ति का 17 करोड़ रुपये सीधे पीएम की ओर से खातों में ट्रांसफर की जाएगी। प्रदेश में सर्वाधिक क्षतिपूर्ति पाने वाले में बहराइच के किसान पहले स्थान पर होंगे।

चार दिवसीय विराट किसान मेला एवं मण्डलीय पुष्प एवं शाक भाजी प्रदर्शनी के तीसरे दिन मुख्य अतिथि भाजपा अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने महाराजा सुहेलदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। लखनऊ से आये जादूगर राजेश श्रीवास्तव ने अपने जादू व लोक कलााकार बृजेश पुष्कर ने मृदा परीक्षण, शिक्षा, पंक्तिबद्ध बोआई के महत्व को बताया।

हिन्दुस्तान

# 65 घंटे के बाद रौशन हुआ शहर, हड़ताल खत्म

## ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी संकट बरकरार, कैसरगंज, पयागपुर के कई गांवों में आपूर्ति बाधित, जलापूर्ति बहाल होने से राहत

**हड़ताल खत्म**

बहराइच, संवाददाता। 65 घंटे बाद हड़ताल खत्म करने के ऐलान से उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

बिजली कर्मियों के काम पर लौटने से बाधित बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिशों ने तेजी पकड़ी है। शहरी क्षेत्र में भूमिगत लाइनों के मरम्मत व जले ट्रांसफार्मरों के बदलने से कई मोहल्लों में 45 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने से घरों में बल्ब जले, जलापूर्ति शुरू होने से राहत मिली है। हालांकि पयागपुर व कैसरगंज तहसील क्षेत्र के कई गांवों में अभी भी बिजली गुल होने से सैकड़ों की आबादी मोमबत्ती की रोशनी में गुजारा करने को विवश है। प्रदेशव्यापी 72 घंटे के हड़ताल पर बिजली कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। शहर के लोग बिजली व पानी दोहरी समस्या से जूझे तो उद्योगों के साथ दैनिक जीवन भी प्रभावित हुआ है। कई तहसीलों में 65 तो कईयों में 45 घंटे से आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही। खासकर शहर में तीन फीडर से बिजली गुल होने से 12 से अधिक मोहल्लों में पिछले दो दिनों से लोग परेशान रहे। इन्वर्टर तक जवाब दे गए। रविवार को दोपहर बाद बिजली कर्मियों के हड़ताल वापसी के ऐलान के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि हड़ताल वापसी के ऐलान के बाद सिर्फ शहरी क्षेत्र की बिजली बहाली को लेकर काम तेज हुए, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बंद फीडरों के पेट्रोलिंग का हवाला देकर सोमवार तक आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिशासी अभियंता आरएस यादव ने बताया कि 90 फीसदी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल हो चुकी है। 10 फीसदी हिस्सों में मेजर समस्या की वजह से दिक्कतें आ रही हैं। जल्द ही उस क्षेत्र में भी आपूर्ति शुरू हो जाएगी।



पयागपुर उपकेंद्र पर फीडर चालू करता कर्मचारी।

**कई फीडर लोड नहीं उठाए :** बहराइच। कई घंटे बंद रहे फीडर कर्मियों के लौटने के बाद भी संचालित नहीं हो पाए। तकनीकी कर्मियों ने बताया कि अनजान कर्मियों की ओर से गलत तरीके से उपकेंद्रों पर काम करने से कुछ तकनीकी गड़बड़ियां आ जाने से दिक्कतें आई हैं। इससे भी बिजली कर्मियों के लौटने पर भी आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है।

**24 घंटे ठप ई- रिक्शा, जाम से मुक्त रहा शहर :** बहराइच। बिजली आपूर्ति बाधित होने से ई-रिक्शा संचालन पर भी सीधा असर पड़ा है। बैटरी चार्ज न हो पाने से ई-रिक्शा शहरी क्षेत्र में ठप रहे। बमुश्किल 10 फीसद रिक्शा ही सड़कों पर सवारियां ढोते हुए दिखे। दिन भर जाम की झाम से जूझने वाला शहर की सड़कें भी सन्नाटे में रहीं। जाम से शहर मुक्त दिखा।

### विभाग को हुआ 20 करोड़ का नुकसान

पांच दिनों से समझौते को लागू करने के लिए कार्य बहिष्कार व हड़ताल कर रहे बिजली कर्मियों की वजह से विभाग को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा है। अधीक्षण अभियंता के मुताबिक 20 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि हड़ताल वापस होने से 10 दिनों में राजस्व की भरपाई की बात कही जा रही है।

### जलापूर्ति के लिए नपाप ने 45 घंटे चलाएं जनरेटर

बहराइच। शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से जलापूर्ति की समस्या से निजात के लिए डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने नगरपालिका प्रशासन को जिम्मेदारी सौंपी थी। शहरी क्षेत्र में नौ ट्यूबेलों को संचालित करने के लिए 45 घंटे तक जनरेटर चलाए गए। सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्र ने बताया कि चुनौतियों से निपटने के लिए हर ट्यूबेल पर कर्मी 24 घंटे तैनात रहें। टीम जलापूर्ति के लिए हर मोहल्ले में भी लगी रही। ईओ बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि सफाई नायक व अन्य के माध्यम से जलापूर्ति को बेहतर रखने को कदम उठाए गए।

हिन्दुस्तान

# 20 करोड़ की चरस लदी कार बरामद

**शिकंजा**

- 2.98 लाख की भारतीय नकदी भी बरामद, कार की जानकारी की जा रही
- सरहद पर कड़ी सुरक्षा के चलते फरार हुए शातिर तस्कर

**बहराइच, संवाददाता।** भारत - नेपाल सरहद पर प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों की तलाश में शनिवार शाम कड़ी चौकसी बरती जा रही थी। इसी दौरान रुपईडीहा पुलिस व सशस्त्र सीमा बल की गश्ती दल को लावारिश कार में 50 किग्रा चरस व 2.98 लाख की नकदी लदी मिली।

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि सरहद पर लगातार गश्त चल रही है। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ नानपारा राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में शनिवार शाम लगभग 6:15 बजे संयुक्त टीम गश्त पर निकली थी। जिसमें सशस्त्र सीमा बल के रुपईडीहा बार्डर आउट पोस्ट 42 वीं बटालियन के दरोगा भृगनाथ प्रसाद के कमांड में सिपाही जुबराज प्रधान, राकेश कुमार, डॉग हेंडलर प्रवनेश सिपाही गोंविद यादव, देवनाथ, महिला सिपाही रंजना, नेहा, साधना सिन्हा, शिव कुमारी, रुपईडीहा एसएचओ श्रीधर पाठक के कमांड में एसएसआई रूदल बहादुर सिंह, दरोगा अश्विनी कुमार पांडेय, मुख्य सिपाही रवि सिंह, सूरज सिंह, भरत यादव, राहुल सिंह, महिला सिपाही राधा मिश्रा चेक पोस्ट की ओर पहुंचे, तो लावारिय कार क्विड यूके 07 डीएम 3431 खड़ी दिखी।

डॉग के बार- बार भौकने के संकेत पर डिक्की खोली गई। उसमें 50 किग्रा चरस व 2.98 लाख भारतीय नकदी मिली। पुलिस टीम कार से दूर से घेराबन्दी कर इंतजार करती रही, कि शायद कार के आसपास कोई संदिग्ध फटके, लेकिन कोई नहीं दिखाई पड़ा। एसपी ने बताया कि अज्ञात तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है, कार सीज की गई है। तहकीकात की जा रही है। बरामद चरस की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत बीस करोड़ आंकी गई है।

हिन्दुस्तान

# तेलंगाना में बरामद हुईं अपहृत बुआ और भतीजी

- दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया
- तीन महिलाओं सहित चार को पूर्व में पुलिस भेज चुकी है जेल

बहराइच, संवाददाता। अपराध शाखा, स्वाट व रानीपुर थाने की संयुक्त टीम ने महिला सिपाही व तेलंगाना पुलिस की मदद से अपहृत दोनों किशोरियों को बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को भी दबोच लिया।

16 मार्च को धरे गए मोइन ने इस ड्रामेटिक अपहरण का पटाक्षेप कराया। बरामद किशोरियों को मेडिकल को भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों को भी पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। इस मामले मे तीन महिलाओं सहित चार को पूर्व में जेल भेजा जा चुका था। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि रानीपुर थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय बेटी व 14 वर्षीय पौत्री का 11 मार्च की शाम अपहरण किया गया था। इस मामले को गंभीरता से लेकर स्वाट, क्राइम ब्रांच को भी मदद में लगाया गया था। जबकि रानीपुर थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता सहित दो टीमे थाने की लगाई गई थी।

मोइन से मिले इनपुट के सहारे तलाश में लगी टीम का पर्यवेक्षण एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ पयागपुर आनंद राय कर रहे थे। ठोस सूचना के आधार पर एक टीम जिसमे रानीपुर थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता, स्वाट टीम प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी, अपराध शाखा में तैनात दरोगा कमल शंकर चतुर्वेदी, दरोगा सूरज कुमार, मुख्य सिपाही प्रदुम्न यादव, धर्मवीर सिंह, सिपाही शिव मोहन सिंह, महिला सिपाही कंचन ने 17 मार्च को तेलंगाना प्रांत के करीम नगर जिले के कोथापल्ली थाने के रे कुर्थी कस्बे में वहां की पुलिस को साथ ले दबिश दी। वहां महिला सिपाही कंचन की मदद से दोनों किशोरियों को बरामद किया गया। नामजद आरोपियों इम्तियाज व छोटकऊ उर्फ वसीम को भी धर दबोचा गया। वहां से किशोरियों व आरोपियों को बहराइच लाया गया है। किशोरियों को मेडिकोलीगल को भेज दिया गया है। जबकि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

बलहा। नानपारा कोतवाली के दरोगा भद्दर वर्मा, मंतराम, सिपाही अजय यादव ने रविवार को गश्त के दौरान गुलालपुरवा हाईवे मोड़ के पास एक संदिग्ध को पकड़ा। उसके पास से मिले बोरे में लोहे की 14 सरिया, एक एंड्रायड मोबाइल बरामद किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि मोबाइल व सरिया उसने चोरी की थी। जिसे वह बिक्री करने ले जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलालपुरवा निवासी जुमई के रूप में हुई।

# कालोनी के पास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण

बहराइच। शहर के दरगाह इलाके में कांशीराम आवासीय कालोनी व कब्रिस्तान के पास पड़ी सरकारी भूमि पर रविवार को कुछ लोगों ने जेसीबी से लेवलिंग कराकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस अतिक्रमण के खिलाफ कोई आसपास का व्यक्ति आवाज नहीं उठा रहा है।

हिन्दुस्तान

# गब्बर पर केस कराने वाली महिला सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज

बहराइच। यूपी के टाप 50 में चिन्हित भू माफिया देवेन्द्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह पर कई केस दर्ज कराने वाली महिला सहित चार पर धोखाधड़ी का मामला नगर कोतवाली में दर्ज हुआ है।

देहात कोतवाली के रायपुर राजा निवासी सत्यकाम पाल पुत्र देवेंद्र बहादुर पाल ने अपनी तहरीर में तमाम तथ्यों का उल्लेख किया है। सत्यकाम पाल के मुताबिक वह जिस संयुक्त खाते भूमि का मालिक व काबिज है। उससे पूर्व इस भूमि के मालिक अरुण कुमार मातनहेलिया पुत्र शंकर लाल थे। सह खाते में अरुण मातनहेलिया ने अपने अंश की कुछ भूमि का एक रजिस्टर्ड बैनामा 17 अक्तूबर 2021 को रविन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मनीष कुमार सिंह के पक्ष में बैनामा कर दिया, कब्जा भी दे दिया। अरुण मातनहेलिया ने अपने अंश की बची भूमि का रजिस्डर्ड बैनामा धर्मेंद्र सिंह के पक्ष में विक्रय कर दिया। अरुण कुमार मातनहेलिया ने अपने पक्ष की भूमि सत्यकाम पाल के पक्ष में 27 अगस्त 2014 को उप निबंन्धक कार्यालय सदर में रजिस्टर्ड बैनामा कर दिया।

# पुलिस अभिरक्षा में लाए गए आरोपितों की होगी मेडिकल जांच

**जासं, बहराइच :** सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र की अदालत पर शनिवार को रुपईडीहा थाने से मिश्रित शराब बनाने के लिए दो आरोपितों गिरफ्तार कर न्यायालय लाया गया था। अदालत में रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ में सामने आया कि दोनों के शरीर में चोटें हैं।

आरोपितों ने बताया कि दारोगा ने उनकी पिटाई की है। सीजेएम ने आरोपितों का 14 दिन का रिमांड स्वीकृत करते हुए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया है कि आरोपित सर्वेश कुमार व ओमप्रकाश का मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें अवगत कराया जाए।

पुलिस के मुताबिक 17 मार्च को एसआइ कृष्ण कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। उन्हें सूचना मिली कि साईं गांव पावर हाउस के पास दो लोग 10-10 लीटर अवैध कच्ची अपमिश्रित देशी शराब बरामद बेचना चाहते हैं। वहां पहुंचकर शराब बरामद करके उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपित सर्वेश कुमार का कहना था कि दारोगा ने मेरे पास से कोई शराब बरामद नहीं की थी। उनके द्वारा गिरफ्तारी के समय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार नियमों का उल्लंघन किया गया है।

# ...तो फिर मुकदमा दर्ज करने से क्यों कतराती है पुलिस

पवन सिंह • बहराइच

**अदालत से**



जिला न्यायालय का मुख्यद्वार • जागरण

**300 से अधिक प्रार्थनापत्र लंबित हैं**

पुलिस की उदासीन कार्यशैली का उदाहरण है जिला न्यायालयों में लंबित 156(3) की अर्जियां। ये आंकड़े बता रहे हैं कि थानों में मुकदमे दर्ज न होने के कारण पीड़ितों को न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। अदालत के आदेश के बाद भी पुलिस मामलों को टरकाकर लंबा खींचने से बाज नहीं आ रही है।

पुलिस के मुकदमे नहीं दर्ज करने से अधिकतर पीड़ितों को उच्चाधिकारियों व अदालतों की शरण में जाने को मजबूर होना पड़ता है। जिसकी वजह से अदालतों पर प्रकीर्ण वादों की अर्जियां आती हैं और अदालतों पर बोझ बन जाता हैं। अदालतों पर वैसे भी मुकदमों का बोझ रहता है। अन्य न्यायिक कार्य निपटाने का पहले से ही काम का दबाव रहता है। न्यायिक कार्य के बोझ के कारण अदालतों पर वैसे भी 156(3) के प्रार्थना पत्रों पर बहुत कम सुनवाई हो पाती है।

जिला न्यायालय में ही करीब ढाई माह के दौरान 300 से अधिक प्रार्थनापत्र लंबित हैं। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट पर 27, विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट पर 25, सबसे अधिक जेएम प्रथम के कोर्ट पर दरगाह थाने के 74 मामले लंबित हैं। इसी तरह सीजेएम कोर्ट पर 31, एसीजेएम कोर्ट पर 46, एफटीसी महिला उत्पीड़न पर करीब 34, जेएम कोर्ट पर 46 प्रार्थना पत्र लंबित हैं। पुलिस की इस लापरवाही के कारण पीड़ित न्याय पाने को भटकते रहते हैं।

**पूर्व डीजीसी बोले, मामलों को लटकाती है पुलिस :** वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व डीजीसी मनोज कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों प्रार्थना पत्र आते हैं, मगर इसकी समीक्षा नहीं की जाती है कि इनके पीछे की असली वजह क्या है? थानों में पीड़ित पक्षों को बेवजह प्रताड़ित करते हुए मामलों को लटकाया जाता है। इससे अदालत की शरण लेने को लोग मजबूर होते हैं।

# 50 किलो चरस व लाखों की नकदी बरामद



रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की अभिरक्षा मे चरस व वाहन ● जागरण

**भारत-नेपाल के रुपईडीहा सीमा पर चेक पोस्ट पर मिली लावारिस कार से हुई बरामदगी, कार पर उत्तराखंड का दर्ज है नंबर**

**जासं, बहराइच :** भारत-नेपाल के रुपईडीहा सीमा पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान लावारिस कार से लाखों की नकदी व 50 किलो चरस बरामद की। वाहन पर उत्तराखंड का नंबर अंकित है। पुलिस ने वाहन व सामान को जब्त कर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। सीमा पर कार कौन लेकर आया और तस्करी के इस रैकेट में कौन-कौन लोग शामिल हैं? इसकी पड़ताल की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि भारत-नेपाल की खुली सीमा पर सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम लगातार गश्त कर रही है। रविवार को एसओ श्रीधर पाठक व एसएसबी के एसआइ भृगुनाथ प्रसाद टीम गठित कर गश्त कर रहे थे। इस दौरान चेकपोस्ट पर एक लावारिस कार को देखकर सभी आशंकित हुए। पूछताछ के बाद वाहन स्वामी का पता नहीं चल सका तो उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर एसएसबी के डाग हैंडलर को बुलाया गया। कार की तलाशी लेने पर डिग्गी में रखी बोरी को देखते ही श्वान भौंकने लगा। जवानों ने जब बोरी खोली तो उसमें 50 किलो चरस मिली। कार को थाने लाया गया और एक बार फिर तलाशी लेने पर 2.98 लाख रुपये भी बरामद किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि बरामद कार क्वीड है। वाहन पर यूके 07 डीएम 3431 नंबर अंकित है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स विभाग लखनऊ की सूचना पर जांच की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है। टीम में एसएसआइ रुदल बहादुर सिंह, एसआइ अश्वनी कुमार पांडेय, रवि सिंह, गोविंद यादव, सूरज सिंह, भरत यादव, राहुल सिंह, राधा मिश्रा और एसएसबी के जुबराज प्रधान, प्रनवेश देवनाथ, विरेंद्र कुमार, महिला जवान रंजना, नेहा, साधना सिन्हा, शिव कुमारी शामिल रहे।

## आग से घर जला

**बिछिया :** भेड़हनपुरवा में भोलू के घर में अचानक आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते घर जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि 11 जून को बेटे की शादी के लिए 60 हजार नकद, तीन क्विंटल धान, गृहस्थी का सामान व लाखों के जेवरात रखा था, जो जल गया। (संसू)

# अपहृत किशोरियां तेलंगाना से बरामद, दो गिरफ्तार

- आरोपितों पर घोषित था 15-15 हजार रुपये का इनाम
- विशेष समुदाय के युवक होने से गांव में था तनाव का माहौल

**जासं, बहराइच :** रानीपुर इलाके के एक गांव से दिनदहाड़े दो किशोरियों का अपहरण कर लिया गया था। विशेष समुदाय के युवकों पर आरोप होने के चलते गांव में तनाव की स्थिति रही। अपहरणकर्ताओं पर पुलिस ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने अपहत किशोरियों को तेलंगाना राज्य से सकुशल बरामद कर लिया। अपहरणकर्ताओं को भी पुलिस ने धर दबोचा।

सात दिन पूर्व रानीपुर इलाके के एक गांव निवासी दो किशोरियां छोटी बहन के साथ नहर की ओर गई थी। इस दौरान कार सवार युवकों ने दो किशोरियों का अपहरण कर लिया था। आरोपित विशेष समुदाय के होने के चलते गांव में तनाव फैल गया था। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अपहत किशोरियों की बरामदगी को लेकर एसपी प्रशांत वर्मा ने पुलिस की तीन टीमें गठित की थी।

एक टीम में अपराध शाखा में तैनात एसआइ कमलशंकर चतुर्वेदी, रायपुर राजा चौकी प्रभारी सूरज कुमार राना, दूसरी टीम में एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी शामिल थे। आरोपितों की सरगर्मी से तलाश कर रही पुलिस टीम को सर्विलांस से जानकारी मिली कि सभी तेलंगाना राज्य के जिला करीमनगर के कोथापल्ली इलाके में मौजूद हैं।

सक्रियता दिखाते हुए कमलशंकर, सूरज राना, अनुज त्रिपाठी व शिवनाथ गुप्त ने टीम के साथ तेलंगाना पहुंचकर संबंधित थाने की पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस टीम ने अपहत किशोरियों को सुरक्षित बरामद करते हुए अपहरणकर्ता इम्तियाज व छोटकऊ उर्फ वसीम निवासी जिगनिया महिपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि इन दोनों आरोपितों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। टीम में मुख्य आरक्षी प्रद्युम्न यादव, धर्मवीर सिंह, आरक्षी शिवमोहन सिंह, महिला आरक्षी कंचन भी शामिल रहे।

# राशन की दुकान से फाइबर का चावल मिलने का आरोप

संसू., खुटेहना(बहराइच) : पयागपुर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर मिलावटी फाइबर चावल निकलने से लोग परेशान हैं। रामसुरेश चौरसिया, अनिल कुमार चौरसिया, राधेश्याम, विजय कुमार गौतम, रामराज आदि राशनकार्ड धारकों ने बताया कि लगातार कई माह से पीडीएस विक्रेता के यहां वितरण किए जाने वाले खाद्यान्न में मिलावटी फाइबर के चावल निकल रहे हैं। ऐसे चावल खाने से बीमारियां होने की आशंका रहती है। उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरियों को तेलंगाना ले गए थे आरोपी

## दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर किशोरियों को चंगुल से छुड़ाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र से आठ दिन पूर्व अपहृत किशोरियों को पुलिस ने ढूंढ लिया है। दो अपहरणकर्ताओं को भी पुलिस ने दबोच लिया है। अपहरणकर्ता किशोरियों को डरा-धमका कर तेलंगाना ले गए थे। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपियों के ठिकाने का पता लगाया और रेकुर्थी से दबोच लिया। अभी अपहरणकर्ताओं के मंसूबों का पता नहीं चला है। आशंका है कि वे किशोरियों को बेचने के उद्देश्य से ले गए होंगे।

रानीपुर थाना क्षेत्र में बीते 12 मार्च को शौच के लिए घर से निकली दो किशोरियों का गांव के ही समुदाय विशेष के युवकों ने कार से अपहरण कर लिया था। दोनों चचेरी बहनें हैं। घटना के बाद से ही गांव में तनाव की स्थिति थी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी।

पुलिस की तीन टीमें आरोपियों की तलाश कर रहीं थीं। दोनों आरोपियों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं का सहयोग करने वाली तीन महिलाओं व एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।



बहराइच पुलिस लाइन में खुलासा करते एसपी व पीछे खड़े आरोपी। संवाद

17 मार्च को पुलिस ने मुख्य आरोपियों को भी दबोच लिया और घटना का खुलासा कर दिया। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि आरोपी इम्तियाज व छोटकऊ उर्फ वसीम किशोरियों को लेकर तेलंगाना के कोथापल्ली थाना क्षेत्र के रेकुर्थी चले गए थे। पुलिस की एक टीम तेलंगाना रवाना हुई और 17 मार्च को आरोपियों को दबोच लिया। दोनों किशोरियों को भी उनके चंगुल से छुड़ा लिया गया। तेलंगाना की कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों आरोपियों की रिमांड लेकर बहराइच ले आए। रविवार का अवकाश होने के चलते किशोरियों का बयान नहीं हो सका है। किशोरियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस टीम को 30 हजार का इनाम

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी में रानीपुर थाना प्रभारी शिवनाथ गुप्ता, स्वाट प्रभारी अनुज त्रिपाठी, अपराध शाखा के उपनिरीक्षक कमलशंकर चतुर्वेदी, कोतवाली देहात के सूरज कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, हेड कांस्टेबल प्रद्युम्न यादव, धर्मवीर सिंह, कांस्टेबल शिवमोहन सिंह व महिला कांस्टेबल कंचन भी टीम में शामिल रहीं। पूरी टीम को 30 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-03-2023

# शांतिपूर्वक कराया समिति के अध्यक्ष का चुनाव

- 39 समितियों के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित
- 43 में 33 समितियों पर भाजपा प्रत्याशी जीते

श्रावस्ती,टीम। साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। कुल 43 में से 39 समितियों का निर्विरोध चुनाव कराया गया। जबकि चार समितियों पर चुनाव कराया गया।

रविवार को जिले की सभी सहकारी समितियों के अध्यक्षों का चुनाव कराया गया। इसमें सुबह 10 बजे से नामांकन कराया गया। इसके बाद चुनाव किया गया। जिले की 39 समितियों पर अध्यक्षों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जबकि चार समितियों पर मतदान कराया गया। मल्हीपुर समिति में हुए चुनाव में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस बार भाजपा ने समिति अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी उतारे थे। जिसमें 43 में से 30 समितियों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। साधन सहकारी समिति हरदत्तनगर गिरंट में विजय कुमार यादव निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। इसी तरी से साधन सहकारी समिति शिकारी चौड़ा में वीरेन्द्र सिंह अध्यक्ष बने। वहीं किसान सेवा सहकारी समिति गिलौला का चौथी बार ममता पाण्डेय पत्नी राजीव कुमार पांडेय को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गया। इसी तरह से साधन सहकारी समिति पैंक्स रामगढ़ी में हेमराज पुत्र माता प्रसाद निवासी ग्राम केरवानिया को अध्यक्ष बनाया निर्वाचित किया गया। इसी तरह से विकास खण्ड गिलौला के साधन सहकारी समिति धुसवा में मिश्रीलाल वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया और गुजरवारा में अरुण कुमार वर्मा तथा खुरुहरी से रविन्द्र प्रताप वर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। इसी क्रम में किसान सेवा सहकारी समिति इकौना से अरविन्द शुक्ला महात्मा को अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया।

# नियम तोड़ने पर 21 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग-अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। दौरान 21 वाहनों का ई-चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर 80 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने शनिवार रात नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। संवाद

# 21 वाहनों का हुआ चालान

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने रविवार को वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान 21 वाहनों का ई चालान कर 80500 रुपये जुर्माना वसूला। संवाद

# काम पर लौटे कर्मचारी पर संकट बरकरार

## रविवार को भी बाधित रही बिजली आपूर्ति, पढ़ाई हुई बाधित, कुटीर उद्योगों को लगा झटका, अस्पतालों में जाचें बाधित

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। बिजली कर्मियों की हड़ताल से रविवार को भी दिनभर आम जनजीवन बेहाल रहा। शाम को हड़ताल तो खत्म हो गई, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पाई। विभागीय अधिकारियों ने दावा किया की देर रात तक सब सामान्य हो जाएगा।

वहीं, बिजली न आने से बच्चों की पढ़ाई बाधित रही वहीं कुटीर उद्योग को भी तगड़ा झटका लगा। किसानों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। हड़ताल से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं चरमरा गईं।

बिजली कर्मियों की हड़ताल का व्यापक असर रविवार को भी देखने को मिला। लगातार आपूर्ति बाधित होने से जहां कुटीर उद्योग को झटका लगा वहीं लगातार जेनरेटर चलाने से लागत भी बढ़ गई। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।





भिनगा विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद पुलिस। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से बंद पड़े कुटीर उद्योग। -संवाद

### कुटीर उद्योग बंद होने की नौबत

बिजली कर्मियों की हड़ताल के कारण वेल्डिंग की मशीनें ठप रहीं। इससे भवन निर्माण के लिए ग्रिल व खिड़की दरवाजा सहित कृषि यंत्रों, थ्रेसर आदि की मरम्मत कराने के लिए लोग परेशान रहे। जेनरेटर के सहारे किसी तरह वेल्डिंग का काम कराने से लोगों को डेढ़ गुना अधिक पैसा देना पड़ा। बिजली के सहारे चलने वाले स्पेलर, आइसक्रीम फैक्ट्री, आटा मिल, चावल मिल, ऑयल मिल आदि का काम भी ठप रहा। इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक दुकानों का कारोबार तो पूरी तरह से ठप रहा। इन दुकानों पर सन्नाटा पसरा है।

### किसान भी रहे प्रभावित

जिन किसानों ने खेतों में जायद व सब्जी आदि की खेती कर रखी है, उन्हें सिंचाई की आवश्यकता रहती है। आपूर्ति बाधित होने से जहां राजकीय नलकूप ठप रहे तो बिजली के सहारे चलने वाले ट्यूबवेल भी खामोश रहे। किसानों को पंपिंग सेटों का सहारा लेना पड़ा।

**स्वास्थ्य सेवाएं हुईं प्रभावित :** बिजली के अभाव में ज्यादातर ऑक्सीजन प्लांट भी बंद रहे। अस्पतालों में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जांच बाधित रही। गंभीर रोग से पीड़ित लोगों ने निजी अस्पतालों व क्लिनिक का सहारा लिया।

# कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** हरदत्तनगर गिरंट पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रजपुतिया निवासी सत्तन उर्फ शोभाराम को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# 21 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 21 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान करते हुए 85,500 रुपये का सम्मन किया। (वि.)

# शांतिभंग की कार्रवाई

**श्रावस्ती :** विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में नौ आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# महिलाओं और युवतियों को किया जागरूक



**श्रावस्ती।** महिला हिंसा के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को कई स्थानों पर अभियान चलाकर चौपाल का आयोजन किया गया। नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया।

एसपी प्राची सिंह ने यह विशेष अभियान चला रखा है। इसके अंतर्गत रविवार को गिलौला के सुबिखा, गिलौला बाजार भिनगा, इकौना, रामपुर बंधा में चौपाल का आयोजन किया गया।

रामपुर बंधा में आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों की जानकारी दी। महिला आरक्षी विनीता देवी ने साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून व नियमों के संबंध में जानकारी दी। सुविखा में आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी सोनी देवी व अर्जिता यादव ने महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस कंट्रोल 112 बारे में बताया और आवश्यकता पर नंबरों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। संवाद

# आपरेशन धरपकड़ में दबोचे गए 13 वारंटी

**श्रावस्ती** : आपरेशन धरपकड़ के तहत 12 घंटे के अंदर शुक्रवार को भिनगा कोतवाली, गिलौला व इकौना पुलिस ने दो–दो, मल्हीपुर पुलिस टीम ने छह वारंटी तथा हरदत्तनगर पुलिस टीम ने एक वांरटी को दबोचा। सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)